देशबन्धु
जबलपुर, शुक्रवार 24 नवम्बर 2023 | वर्ष – 68 | अंक – 15 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ एक आदमी की बर्खास्तगी... ■ रेवड़ी रिवाज की राजनीति... 04
■ पहले तेल, अब प्लेन : भारत के जिगरी यार... ■ इसरो से पहले चांद पर बड़ा काम करने जा ... 09
■ अंतरराष्ट्रीय बाजार में उछाल के चलते घरेलू... ■ रूस के बाद अब ईरान भी भारत को बेचना... 11
■ हम इस बार जू. महिला हॉकी... ■ चाइना मास्टर्स में... 10

## दो बड़ी समस्याओं पर सख्त कदम उठाने की तैयारी में केन्द्र सरकार

# 'डीपफेक' से निपटने के लिए जल्द नए नियम लाएगी सरकार

### लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है डीपफेक : वैष्णव



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डीप फेक के मुद्दे पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और हितधारकों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। अश्विनी वैष्णव ने 'डीपफेक' को लोकतंत्र के लिए नया खतरा करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि– सरकार इससे निपटने के लिए जल्द ही नए नियम लाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनियां 'डीपफेक' का पता लगाने, इससे निपटने, इसकी सूचना देने के तंत्र को मजबूत करने और उपयोगकर्ताओं में जागरूकता बढ़ाने जैसी स्पष्ट कार्रवाइयां करने पर सहमत हुईं।

वैष्णव ने कहा, '' हम आज ही रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार करना शुरू कर देंगे और कुछ ही समय में हमारे पास 'डीपफेक' से निपटने के लिए नए नियम होंगे। यह मौजूदा ढांचे में संशोधन या नए नियम या नया कानून लाने के रूप में हो सकता है।'' अगली बैठक दिसंबर के पहले सप्ताह में होगी।

डीप फेक पर केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, आज सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बैठक के लिए बुलाया गया था। सभी के साथ चर्चा हुई और सभी ने डीपफेक के खतरे और इसकी गंभीरता को स्वीकार किया कि ये एक बहुत बड़ा सामाजिक खतरा उभर कर आया है।

हमें 4 चीजों पर मिलकर काम करना पड़ेगा– इसकी जांच कैसे हो? इसे वायरल होने से कैसे बचाएं? कोई यूजर इसे कैसे रिपोर्ट करे और इस पर तुरंत कार्रवाई हो सके? इस पर जागरूकता बढ़ाने के लिए सब मिलकर कैसे काम करें? वैष्णव ने कहा, इस पर एक नए रेगुलेशन की जरूरत है, इस पर तुरंत कार्रवाई शुरू होगी। अगले कुछ हफ्तों में रेगुलेशन के ड्राफ्ट को तैयार करने की कोशिश की जाएगी जिससे जल्द से जल्द सामाजिक संस्थाओं को बचाने का काम किया जाएगा।

# साइबर फ्रॉड रोकने जागरुकता बढ़ाने और नियमों का शिकंजा कसेगी सरकार



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि साइबर धोखाधड़ी के बारे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने और घोटालेबाजों को सिस्टम से खिलवाड़ करने से रोकने के लिए तकनीक की बागडोर अपने हाथ में लेने की जरूरत है। इसके साथ ही तकनीक और नियमों का शिकंजा कसने के लिए सरकार महत्वपूर्ण कदम उठायेगी।

मंत्री ने डेट विद टेक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए, जहां लोगों को फोन कॉल या SMS के माध्यम से धोखा दिया जाता है, सरकार समय-समय पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समीक्षा करती है। साथ ही नियामक आरबीआई अपने स्वयं के सिस्टम की समीक्षा करता है। बीमा कंपनियां भी अपने सिस्टम की समीक्षा करती हैं।

### नागरिकों के लिए बड़ा जोखिम है : सीतारमण

सीतारमण ने कहा कि हम लगातार वही कर रहे हैं जो आवश्यक है। जब तक जागरूकता नहीं आती, जब तक हम लोगों के मन में यह जागरूकता पैदा नहीं कर पाते कि मुझे अपने फोन पर कही गई किसी भी बात पर ध्यान नहीं देना चाहिए, तब तक नागरिक जोखिम में हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि जो लोग सिस्टम के साथ खिलवाड़ करते हैं, वे प्रौद्योगिकी के उपयोग और दुरुपयोग के मामले में शायद हमसे एक पायदान आगे हैं।

**फायरवॉल की जरूरत**-मंत्री ने कहा कि बड़े संस्थानों, व्यवस्थित रूप से संवेदनशील संस्थानों के पास पर्याप्त तकनीक होनी चाहिए और टीमों को रोजमर्रा के आधार पर फायरवॉल के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, और यह जांचते रहना चाहिए कि फ़ायरवॉल काम पर है या नहीं।

## सार संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीवी नहीं रहीं



**कोल्लम,( एजेंसियां )।** देश की पहली महिला सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस फातिमा बीवी का 96 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने कोल्लम जिले के एक निजी अस्पताल में 23 नवंबर की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। 1989 में वे सुप्रीम कोर्ट में जज बनीं और 29 अप्रैल 1992 तक इस पद पर रहीं। सेवानिवृत्ति के बाद वे नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की सदस्य रहीं। बाद में उन्हें तमिलनाडु राज्यपाल का पद भी मिला। राजीव गांधी हत्याकांड के चार दोषियों की दया याचिका को अस्वीकार करने के बाद उन्होंने गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था।

### आईआरसीटीसी की वेबसाइट बंद, यूजर्स ने की शिकायत

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट में गुरुवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते ई-टिकटिंग सेवाएं अस्थायी रूप से रूक गईं। इस रुकावट के कारण यात्री परेशान और निराश हो गए। उन्होंने अपनी निराशा दूर करने के लिए एक्स की ओर रुख किया। एक यूजर ने कहा, ऐसे आदमी की तलाश मत करो, जो प्रति वर्ष 20 लाख कमाता हो। ऐसे आदमी की तलाश करो जो आईआरसीटीसी पर तत्काल टिकट बुकिंग एक ही बार में कर सके।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**- ममता ने भाजपा को चेतावनी दी है कि- तुम चार को जेल भेजोगे तो हम आठ को जेल में डालेंगे।

**चुहिया- हां प्रिये**- राजनीति में अब बदला,आरोप, हंगामा और चरित्र हनन पहले पायदान पर चल रहा है।

# पांच सैनिकों की शहादत के बाद राजौरी मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**जम्मू, ।** राजौरी के कालाकोट में सेना ने अपने दो अफसरों और तीन जवानों की शहादत के बदले दो आतंकियों को ढेर करने में सफलता प्राप्त कर ली है। मारे गए आतंकियों में अफगानिस्तान में आतंक फैलाने वाले लश्करे तौयबा के उस शीर्ष कमांडर को उसका साथी शामिल है, जो एक साल से राजौरी व पुंछ के इलाके में आतंक मचाए हुए था।

सेना प्रवक्ता ने बताया है कि राजौरी में गोलीबारी में एक और आतंकी और एक सैनिक मारा गया, जिससे कुल मिलाकर मरने वालों की संख्या सात हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकी और सेना के दो कैप्टन समेत सेना के पांच जवान मारे गए हैं। जहां आज दो आतंकी और सैनिक मारे गए, वहीं बुधवार को कालाकोट राजौरी के बाजी इलाके में शुरू हुई गोलीबारी के पहले दिन दो कैप्टन सहित सेना के चार जवान मारे गए।

### सिलक्यारा सुरंग हादसा : आखिरी पड़ाव पर लोहे की राडें बनी रोड़ा, गैस कटर से काटी गईं

# कड़ी मशक्कत के बाद फिर शुरू हुई ड्रिलिंग

**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** सिलक्यारा सुरंग के भीतर फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने का उत्साह बृहस्पतिवार को दिनभर उतार चढ़ाव लेता रहा। अड़चनों की वजह से मजदूरों के बाहर आने का इंतजार बढ़ता रहा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी देर शाम तक ऑपरेशन सिलक्यारा के सफल होने का इंतजार कर रहे थे।

बुधवार की रात को चले अभियान की रफ्तार से ये उम्मीद जताई जा रही थी कि बृहस्पतिवार की सुबह तक सभी 41 मजदूर सकुशल बाहर आ जाएंगे, लेकिन रात को अमेरिकन ऑगर ड्रिल मशीन की राह में लोहे के सरिए व गाटर आ गए जो टनल के भीतर के स्ट्रक्चर के लिए लगाए गए थे। इससे



मशीन का पुर्जा भी टूट गया। मशीन रोकनी पड़ी। इसके बाद एनडीआरएफ के जवान ने करीब 40 मीटर तक पहुंचे 800 मिमी पाइप के भीतर घुसकर रुकावट को देखा। उन्होंने इसे काटने की सलाह दी, जिसके लिए गैस कटर मंगाया गया। भीतर ऑक्सीजन कम होती है। गैस कटर चलाने पर ये और कम हो जाती है। लिहाजा, पहली टीम जब इसे काटने के लिए पहुंची तो वह सफल नहीं हो पाई। इसके बाद दूसरी टीम भीतर गई, जिसे कई घंटे की मशक्कत के बाद इसे काट दिया। सुबह दोबारा ड्रिल मशीन शुरू कर दी गई।

नौवां पाइप भीतर भेजना शुरू किया गया। करीब 1.8 मीटर पाइप पहुंचा ही था कि मशीन में फिर तेज कंपन्न होने लगी। सामने फिर सरिये की चुनौती पेश आई, जिसे देर शाम तक काटा गया। खबर लिखे जाने तक मजदूरों को पाइप उनके पास तक पहुंचने और बचाव दलों को मजदूरों के बाहर आने का इंतजार था। अभी भी बचाव अभियान जारी है।

### मोदी ने फिर किया तीखा हमला

# कांग्रेस पूरी ताकत से झूठ बोल रही है

### तीनों राज्यों में सरकार बनने का दावा किया

**देवगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के देवगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजस्थान के मौजूदा सीएम अशोक गहलोत समेत कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कहा कि भारतीय जनता पार्टी तीनों राज्यों– राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है।

नरेंद्र मोदी ने कहा, 'बहुत ऐसे लोग हैं, जो भाजपा की ताकत को जानते ही नहीं हैं, उनको लगता है कि



मोदी को गाली दे दोगे तो उनकी गाड़ी चल जाएगी। कल से कांग्रेस का शाही परिवार मेरे पीछे पड़ा हुआ है। कांग्रेस पूरी ताकत से झूठ बोल रही है कि कांग्रेस के शाही परिवार ने राजेश पायलट का कभी अपमान नहीं किया, लेकिन मैं जो सवाल उठा रहा हूं उसका जवाब नहीं दे रही।

### प्रियंका ने मोदी को कई मुद्दों पर घेरा

# पूछा-आखिर मणिपुर क्यों नहीं गए प्रधानमंत्री



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने महिला पहलवानों का अपमान, मणिपुर हिंसा और किसानों पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने राजस्थान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के दौरान पीएम

### फिर उठाया किसानों और महिला पहलवानों का मुद्दा

मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंसा प्रभावित मणिपुर नहीं गए, लेकिन अहमदाबाद में क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मैच देखने पहुंच गए, ताकि यदि हमारी टीम जीते तो कुछ श्रेय ले सकें।

मणिपुर में सैकड़ों गांव जला डाले गए, कितने बुरे-बुरे हादसे हुए। उन्होंने पहलवानों और किसानों के मुद्दे पर भी मोदी सरकार को घेरा।

### नीट-यूजी के पाठ्यक्रम को किया गया छोटा, एनएमसी ने जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के पाठ्यक्रम को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और अन्य स्कूल बोर्डों द्वारा तर्कसंगत बनाए रखने के लिए कम कर दिया गया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अनुसार, देश में मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए सबसे बड़ी परीक्षा का आयोजन अगले वर्ष पांच मई को होगा। एनटीए ने एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा कि– परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के तहत एक स्वायत्त निकाय स्नातक चिकित्सा शिक्षा बोर्ड ने नीट-यूजी, 2024 के पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है। अधिसूचना एनएमसी की वेबसाइट पर भी डाली गयी है। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा की तैयारी के लिए नीट-यूजी 2024 के लिए नए पाठ्यक्रम का संदर्भ लें और शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नीट-यूजी परीक्षाओं की तैयारी भी इसी के अनुसार करें।

### ममता की भाजपा को खुली चेतावनी

# चार के बदले आठ को भेजूंगी जेल.. गिरफ्तारी के बदले होगी गिरफ्तारी



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि– यदि केंद्रीय एजेंसियां उनकी पार्टी के चार नेताओं को गिरफ्तार करती हैं, तो इसके बदले राज्य की पुलिस आठ भाजपा नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने भाजपा को खुली चेतावनी देते हुए कहा, उन्होंने हमारे चार विधायकों को जेल भेज दिया, यह सोचकर कि वे इस तरह से हमारी संख्या कम कर देंगे। अगर वे मेरे चार लोगों को भ्रष्टाचार के मामलों में जेल भेजेंगे और उन्हें बदनाम करेंगे, तो मैं उनके आठ नेताओं को हत्या और अन्य मामलों में जेल भेजूंगी।

### केंद्र ने सभी को बंदूक की नोक पर रखा है

ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र ने सभी को बंदूक की नोक पर रखा है। तीखे तेवर दिखाते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा, आप (भाजपा) सोचते हैं कि आप कुछ भी करेंगे क्योंकि आप केंद्र में सत्ता में हैं। ऐसा आप टीएमसी, अरविंद केजरीवाल, अशोक गहलोत के बेटे और अन्य नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। आने वाले दिनों में वही अधिकारी आपके पीछे पड़ जाएंगे और कोई भी आपको सुरक्षा नहीं देगा। ममता ने आगे कहा, आप विदेश गए और कई विमान खरीदे। एक दिन तो सवाल उठेंगे ही।

# पनौती वाले बयान पर राहुल को चुनाव आयोग का नोटिस

### 25 नवम्बर तक देना होगा जवाब



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री पर विवादित बयान देने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्हें 25 नवम्बर तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। भारत 19 नवम्बर को अहमदाबाद में खेले गए क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। इस मैच को देखने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे हुए थे। इसी पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को राहुल गांधी ने राजस्थान की एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री के लिए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा अगले दिन एक अन्य जनसभा में उनके लिए जेबकतरा शब्द का प्रयोग करते हुए विवादित भाषण दिया था। भाजपा नेताओं की शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने उनसे इस मामले में जवाब तलब किया है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
मोतियाबिंद ऑपरेशन
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

### उपलब्धि | चंद्रमा से 40 गुना आगे नासा को बड़ी सफलता

# धरती पर 1.6 करोड़ किलोमीटर दूर से आया संदेश

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। पृथ्वी को 16 मिलियन (1.6 करोड़) किलोमीटर की दूरी से लेजर-बीम कम्युनिकेशन प्राप्त हुआ है। नासा के अनुसार, यह पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से 40 गुना अधिक है। यह धरती को अब तक प्राप्त सबसे अधिक दूरी से आया कम्युनिकेशन है। यह प्रयोग डीप स्पेस ऑप्टिकल कम्युनिकेशंस (डीएसओसी) टूल द्वारा संभव हुआ है। डीएसओसी एक खास डिवाइस है जो नासा के साइकी अंतरिक्ष यान पर यात्रा कर रही है। यह 13 अक्टूबर को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ था और तब से यह लेजर-बीम संदेश को पृथ्वी पर वापस भेजने में सफल रहा है।

ऑप्टिकल कम्युनिकेशन को पृथ्वी की निचली कक्षा और चंद्रमा की कक्षा के बीच प्रदर्शित किया गया है। डीएसओसी गहरे अंतरिक्ष में पहला परीक्षण है। डीएसओसी प्रयोग अंतरिक्ष यान के संचार करने के तरीके को बदल सकता है। 14 नवंबर को साइकी अंतरिक्ष यान ने कैलिफोर्निया में पालोमर ऑब्जर्वेटरी में हेल टेलीस्कोप के



साथ एक कम्युनिकेशन लिंक स्थापित किया था। टेस्ट के दौरान डीएसओसी के निकट-अवरक्त फोटॉन को साइकी से पृथ्वी तक यात्रा करने में लगभग 50 सेकंड का समय लगा। कम्युनिकेशन लिंक की सफल स्थापना को पहली रोशनी (फर्स्ट लाइट) के रूप में जाना जाता है।

नासा मुख्यालय में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के निदेशक ट्रूडी कोर्टेस ने कहा, फर्स्ट लाइट हासिल करना आने वाले महीनों में डीएसओसी के लिए कई महत्वपूर्ण मील के पत्थर में से एक है। यह मानवता की अगली विशाल छलांग लगाने के समर्थन में वैज्ञानिक जानकारी, हाई-डेफिनेशन इमेजरी और स्ट्रीमिंग वीडियो भेजने में सक्षम हायर-डेटा-रेट कम्युनिकेशन की ओर मार्ग प्रशस्त करता है। नासा जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में डीएसओसी के प्रोजेक्ट टेक्नोलॉजिस्ट अबी बिस्वास ने कहा, फर्स्ट लाइट हासिल करना एक जबरदस्त उपलब्धि है।

साइकी पर सवार डीएसओसी के फ्लाइट ट्रांसीवर से गहरे अंतरिक्ष लेजर फोटॉनों का ग्राउंड उपकरण द्वारा सफलतापूर्वक पता लगाया गया था। हम डेटा भी दे सकते हैं, जिसका अर्थ है कि हम गहरे अंतरिक्ष से प्रकाश के टुकड़ों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। साइकी अंतरिक्ष यान का प्राथमिक उद्देश्य अद्वितीय धात्विक क्षुद्रग्रह साइकी का पता लगाना और उसका अध्ययन करना है, जो ग्रह निर्माण के इतिहास और कोर गतिशीलता को लेकर जानकारी प्रदान करता है। इस प्रयोग को दो साल तक चलाने की योजना है, जो अपने अंतिम गंतव्य के रास्ते में तेजी से दूर के स्थानों से लेजर सिग्नल भेज और प्राप्त करेगा।

# देश-विदेश

## खालिस्तानी समर्थक पन्नू की हत्या की साजिश पर भारत ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा के साथ कूटनीतिक विवाद अभी चल ही रहा है कि अमेरिका में एक अन्य खालिस्तान समर्थक कट्टरवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का मामला सामने आया है। अमेरिकी सरकार ने वहां के मीडिया में प्रकाशित इस खबर की पुष्टि की है कि पिछले दिनों पन्नू की हत्या की साजिश को अमेरिकी एजेंसियों ने नाकाम किया है। इस सूचना को बेहद गंभीरता से लेते हुए अमेरिकी सरकार ने भारत से उच्च स्तर पर इस बारे में बात की है। बुधवार देर रात भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी स्वीकार किया कि उसे इस तरह की सूचना मिली है जिसे बेहद गंभीरता से लिया गया है और उसकी जांच कराई जा रही है। भारत की ओर से कहा गया है यह दोनों पक्षों के लिए चिंता की बात है।

### संसद की वेबसाइट से जुड़े नियमों में बदलाव

## संसदीय लॉग-इन पासवर्ड को अब किसी से नहीं कर सकेंगे साझा

- तकनीकी रूप से अकुशल सांसदों को हो सकती है परेशानी
- सांसदों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आएगा ओटीपी

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा प्रकरण के बाद केंद्र ने संसद की वेबसाइट तक पहुचने से जुड़े नियमों में बदलाव कर दिया है। इससे तकनीकी रूप से अकुशल सांसदो को परेशानी हो सकती है। लोकसभा सचिवालय ने डिजिटल संसद पोर्टल और ऐप्स से सांसदों के सचिवों और निजी सहायकों की पहुच को खत्म कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सांसद का सहायक, निजी सचिव या कोई तीसरा पक्ष अब डिजिटल संसद की वेबसाइट तक नहीं पहुंच सकेगा। जिसके चलते वह किसी सांसद की ओर से नोटिस या प्रश्न प्रस्तुत नहीं कर सकेगा। अब यह काम सांसदों को खुद करना होगा। इस प्रक्रिया के तहत डिजिटल वेवसाइट की लॉग-इन के लिए सांसदों के पंजीकृत मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। कोड दर्ज करने के बाद ही वे वेबसाइट तक पहुंच सकेंगे।

### महुआ प्रकरण सामने आने के बाद बदलाव

मालूम हो कि यह बदलाव टीएमसी सांसद की महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की उस शिकायत के बाद लिया गया है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्रायी के पत्र का हवाला देते आरोप लगाया गया था कि प्रश्न पूछने के बदले महुआ ने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसा लिया था। इसमें यह भी कहा गया था कि सांसद महुआ की डिजिटल वेबसाइट का लॉगइन 47 बार उनकी गैर मौजूदगी में दुबई से किया गया। कारोबारी के स्टॉफ महुआ की ओर से सीधे पोर्टल पर सवाल दर्ज कराए। फिलहाल दुबे की शिकायत के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मामले को आचार समिति को सौंप दिया था। जिसने दो बैठकों की सुनवाई के बाद महुआ की लोकसभा की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी है। माना जा रहा है कि शीतकालीन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष इस पर फैसला ले सकते हैं।

### इजराइल ने हमास की नई शर्त मानने से किया इनकार

## बंधकों की रिहाई पर ब्रेक, अधर में लटकी डील

**तेल अवीव।** युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को लेकर इजराइल-हमास की डील अधर में लटक गई है। इजराइल ने हमास की नई शर्तों को मानने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, हमास छोड़े जाने वाले बंधकों की लिस्ट इजराइल को नहीं दे रहा है। बताया जा रहा है कि सीजफायर की तारीख और बंधकों की लिस्ट पर फैसला बाद में लिया जाएगा।

हमास चाहता है कि सीजफायर के दौरान गाजा के बाहर रह रहे हमास के बड़े चेहरों पर इजराइल हमला न करे और न ही उसे गिरफ्तार करे। इजराइल ने हमास की ये शर्त मानने से इनकार कर दिया है। हमास का दावा इजराइल की



बमबारी के चलते उसने रिहा होने वाले बंधकों की लिस्ट नहीं दी। अब सीजफायर की नई तारीख, इजराइल और कतर के अधिकारी मिलकर तय करेंगे।

**बुधवार को हुई थी इजराइल हमास की डील**-बता दें कि इजराइल और हमास के बीच यह डील बुधवार को हुई थी। इसके बाद ये कहा गया है कि गुरुवार से बंधकों की रिहाई का सिलसिला शुरु हो जाएगा। मगर ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद इस डील को लेकर गुरुवार को एक अलग जानकारी सामने आई। इसमें कहा गया कि इजराइल बंदियों की रिहाई शुक्रवार से पहले शुरू नहीं करेगी। ऐसे में कहा जा रहा है कि इजराइल और हमास के बीच यह कहीं अधर में नहीं लटक जाए।

**50 बंधकों के बदले छोड़े जाएंगे 150 फिलिस्तीनी कैदी**-इजराइल से डील के तहत हमास 50 बंधकों को रिहा करेगा। वहीं, इसके बदले वह इजराइल की जेलों में बंद फिलिस्तीन के 150 कैदियों को छुड़वाएगा।

इस डील को लेकर इजराइली सरकार ने बुधवार को कहा था कि इस समझौते के तहत हमास अगले चार दिन में 50 बंधकों को रिहा करेगा। इन बंधकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बता दें कि सात अक्टूबर के जंग के बाद हमास करीब 240 इजराइली नागरिकों को बंधक बनाकर रखा है।

### न्यायालय, पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, अधारताल जिला जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक / 0013/बी-113/2023 2024

प्रारूप-4

(सूचना पत्र नियम-5 (1) देखिए)

म.प्र. लोकन्यास अधिनियम 1951 की धारा 14 के अंतर्गत

चूँकि आवेदक डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी सेवा समिति (1506 केशवकुटी राईट टाउन जबलपुर) की सम्पत्ति (भूखंड) नव आदर्श गृह निर्माण समिति प्लाट नंबर 1 म.न. 1692 भूखंड क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट भूमि के विक्रय हेतु किया जाकर उपयोग मे व्यवस्थाओ की दृष्टि से एक बडा भूखंड विजय नगर स्कीम के आसपास लगभग 20000 वर्गफुट क्रय करने का प्रस्ताव बैठक दिनांक 23/5/2023 में सदस्य अध्यक्ष प्रशांत सिंह, डी. बी. बी. व्यौहार, श्री प्रकाश गर्ग, श्री मदन गोपाल, श्री अखिलेश जैन सदस्यों की उपस्थिति में लिया गया जाकर आवेदक सचिव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 08/12/2023 को विचार के लिए नियत है। कोई भी व्यक्ति / संस्था उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाशक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों / दावों / सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राहय नही किया जावेगा।

अनुसूची

(लोक न्यास की सम्पत्ति का विवरण एवं लोक न्यास का नाम और पता)

1. लोकन्यास का नाम एवं पता - डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी सेवा समिति (1506 केशवकुटी राईट टाउन जबलपुर)
2. विक्रय हेतु प्रस्तावित अचल संपत्ति- नव आदर्श गृह निर्माण समिति प्लाट नंबर-1 म.नं. 1692 भूखंड क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट

जारी दिनांक 23/11/2023

पेशी दिनाक 08/12/2023

**पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अधारताल, जबलपुर**

### In The Court of IX Civil Judge Class-1 District Court, Jabalpur presiding Officer:

मनीष कुमार सिंह

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु

(RCS A/0000101/2023)

विक्रांत सिंह.....................वादी

Vs

रेनु जीवतरामानी............ प्रतिवादी

Process Id- /2023

पेशी दि.:-24/01/2024

**प्रेषिती-**

**(1) रेनु जीवतरामानी पति लछमन जीवतरामानी पता- निवासी 35 इन्डस्ट्रीयल स्टेट नेहरू वार्ड बरगवां कटनी म.प्र. पिता खुशीराम काकवानी।**

यह कि प्रार्थी विक्रांत सिंह ने आपके विरूद्ध सिविल सूट वादपत्र अन्तर्गत धारा 10 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम वास्ते संविदा का विनिर्दिष्ट पालनार्थ बावत तथा आवेदन पत्र अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 सहपठित धारा 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 09 नवम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा-**

**टिप्पणी** -प्रकाशन नोटिस के साथ वादपत्र अन्तर्गत धारा 10 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम वास्ते संविदा का विनिर्दिष्ट पालनार्थ बावत तथा आवेदन पत्र अन्तर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 सहपठित धारा 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 की छायाप्रति संलग्न है।

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(मनीष कुमार सिंह)

नवम् व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)

जबलपुर, (म.प्र.)

र.नं. 1628

### केंद्र और राज्य सरकारों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## निचली अदालत के न्यायाधीशों का बकाया भुगतान करने का दिया आखिरी मौका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों के अनुसार निचली अदालत के न्यायाधीशों के वेतन बकाया और अन्य बकाया राशि का भुगतान करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को गुरुवार को आखिरी मौका दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि 19 मई के उसके निर्देशों के बावजूद कुछ राज्यों ने या तो पूरी तरह से या आंशिक रूप से उनका अनुपालन नहीं किया है।

पीठ ने कहा, प्रथम दृष्टया हमारा मानना है कि सभी चूककर्ता राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव अवमानना कर रहे हैं। अनुपालन का एक आखिरी अवसर देने के लिए हम निर्देश देते हैं कि निर्देश 8 दिसंबर, 2023 को या उससे पहले प्रभावी होंगे। ऐसा न करने पर सभी दोषी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव व्यक्तिगत रूप से इस अदालत के समक्ष उपस्थित रहेंगे।

पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। अदालत ने अपनी टिप्पणी के दौरान यह भी स्पष्ट किया कि अनुपालन का मतलब प्रत्येक न्यायिक अधिकारी और पारिवारिक पेंशन के मामले में जीवित पति-पत्नी को देय राशि का वास्तविक क्रेडिट होगा। एक अन्य निर्देश में पीठ ने तेलंगाना हाईकोर्ट को राज्य सरकार के अधिकारियों के अनुरूप न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 61 वर्ष करने की भी अनुमति दी। जिला न्यायपालिका को न्यायिक प्रणाली की रीढ़ बताते हुए शीर्ष अदालत ने 19 मई को सभी राज्यों को एसएनजेपीसी की सिफारिशों के अनुसार निचली अदालत के न्यायाधीशों के वेतन बकाया और अन्य बकाया का भुगतान करने का निर्देश दिया था।

### राहुल के बाद अब ममता बैनर्जी बोलीं-

## 'पापियों की मौजूदगी वाले मैच को छोड़कर हमारी टीम ने सभी मैच जीते'

**कोलकाता।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए विश्व कप फाइनल को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पीएम मोदी के स्टेडियम में जाने को लेकर सियासत बदस्तूर जारी है। राहुल के पनौती वाले बयान के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी कहा है कि अगर वर्ल्ड कप फाइनल अहमदाबाद की जगह मुंबई या कोलकाता में होता तो भारत जरूर जीतता।

**भगवा नहीं पहनना चाहते हमारे खिलाड़ी**- गुरुवार को कोलकाता में आयोजित एक बैठक में ममता बनर्जी ने कहा कि इस विश्व कप में हमारी टीम ने पापियों की मौजूदगी वाले मैच को छोड़कर बाकि सभी मैच जीते हैं। ममता ने यह भी कहा कि हमारे खिलाड़ी भगवा रंग की जर्सी नहीं पहनना चाहते, लेकिन उन्हें जबरन यह पहनाई जा रही है।

### पश्चिम मध्य रेल

**निविदा सूचना**

**क्रमांक : जेबीपी-टीआरओ-टेंडर-2023-03**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरओ/जबलपुर, पश्चिम मध्य रेल भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्य के लिए निविदा में दिये गये शर्तो को पूरा करने वाले अनुभवी / प्रतिष्ठित ठेकेदारों से आन लाईन निविदा आमंत्रित करते हैं। 1. **कार्य का नाम लोकशन सहित**- "Preparation & Serving of non subsidized Meals to Running Staff, Supply of commercial LPG Cylinder, Housekeeping, Caretaking, Call and Food Serving, Overall Management, supply of Cleaning & Housekeeping Material, Washing, Cleaning and Ironing of Linen, etc. of Rest/Running Room at NWB Station on all Days of the Week for a period of 365 Days". 2. **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय**-20-12-2023 (upto 15.00 hrs.) 3. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय**-20-12-2023 (After 15.00 hrs.) 4. **कार्य की लागत (एनआईटी वेल्यू)**-Rs. 32,28,156.09 5. **टेंडर डाकूमेंट की कीमत (TDC)**-NIL 6. **बयाना राशि (EMD)**-Rs. 64,600/- 7. **ऑफर वेलिडिटी** (Offer Validity)-45 Days 8. **समापन अवधि** (Completion Period)-365 Days.

वरि.मं.वि.इंजी./ टीआरओ/ जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. / अ- 6 वर्ष/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार फौती के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 05/12/2023 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 8 | कंदेली | 13/65 | 570 वर्गफुट | शिवकुमार चौकसे आ. शंकरलाल चौकसे निवासी नरसिंहपुर | श्रीमति सुशीला पति शिवकुमार चौकसे, सुधीर, सुरेन्द्र, नीलेश पिस. शिवकुमार चौकसे निवासी कंदेली नरसिंहपुर |

आज दिनांक- 20/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

## 19 वर्षीय ब्रेन डेड लड़की ने दुनिया छोड़ने के बाद भी दे गई चार लोगों को नई जिंदगी

**पिंपरी।** पिंपरी के डीपीयू प्राइवेट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इलाजरत 19 वर्षीय लड़की ने मौत के बाद भी चार लोगों को नई जिंदगी दे गई। डॉक्टरों ने बताया कि लड़की को इस वर्ष 8 नवंबर को हाइपोक्सेमिक इस्केमिक एन्सेफैलोपैथी से पीड़ित होने पर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 19 नवंबर को उसे ब्रेन-डेड घोषित कर दिया गया। ऐसी स्थिति में उसके परिजनों का काउंसलिंग किया गया। इसके बाद परिजनों ने उसके अंग दान करने का फैसला किया।

उसके परिजनों की सहमति से हृदय, लीवर, दो किडनी और एक जोड़ी फेफड़े दान कर दिए गए। एक किडनी और लीवर जिंदगी और मौत से जुझ रही 45 वर्षीय एक महिला को दान में दिया गया और जिसका अंग प्रत्यारोपण 20 नवंबर को हुआ। दूसरी किडनी, हृदय और फेफड़ों की जोड़ी एक अन्य अस्पताल को दान स्वरूप दिया गया। डॉ. डीवाई पाटिल विद्यापीठ (डीम्ड विश्वविद्यालय), पिंपरी की प्रो-चांसलर डॉ. भाग्यश्री पी पाटिल ने कहा, अंग दान से बड़ा पुनीत कार्य इस दुनिया में कोई और नहीं हो सकता है, क्योंकि ये जीवन बचाने का अंतिम उपाय हैं। डीपीयू अस्पताल की सीईओ डॉ. मनीषा करमरकर ने कहा हमारे सक्षम अंग प्रत्यारोपण विशेषज्ञ जटिल और दुर्लभ सर्जरी को सफल बनाने में अहम योगदान दिया है।

### इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

## कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

**(Under Rule-8(1) of Security Interest (Enforcement) Rules- 2002)**

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेटेस एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के नियम- 8 और 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत् इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार को डिमांड नोटिस, नोटिस में दर्शाई राशि, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम के नियम- 8 और 9 के साथ पठित उक्त एक्ट के द्वारा 13(4) के तहत् उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार और सामान्य रूप से जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस सम्पत्ति से संबंधित कोई लेन-देन नहीं करें और निम्नलिखित सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिए इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगा।

| क्र. | शाखा का नाम | ऋणी एवं बंधककर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना का दिनांक | कब्जा दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चित्रकूट | **ऋणी- मेसर्स पलक ट्रेडर्स**, प्रतिनिधित्व प्रोपराइटर श्री अनुराग गुप्ता, पताः रतनावली मार्ग, सीतापुर, चित्रकूट (यू.पी.) **बंधककर्ता/जमानतदार- 1. श्री अनुराग गुप्ता पिता स्व. श्री उमेश कुमार (प्रोपराइटर मेसर्स पलक ट्रेडर्स)**, निर्मोही अखाड़ा, मतगंजनपुरी, सीतापुर माफी, चित्रकूट, यू.पी.-210204 **बंधककर्ता/जमानतदार- 2. श्रीमति विमला देवी पत्नि स्व. श्री उमेश कुमार**, निर्मोही अखाड़ा, मतगंजनपुरी, सीतापुर माफी, चित्रकूट, यू.पी.-210204 **बंधककर्ता/जमानतदार- 3. श्री अजय गुप्ता पिता स्व. श्री उमेश कुमार**, निर्मोही अखाड़ा, मतगंजनपुरी, सीतापुर माफी, चित्रकूट, यू.पी.-210204 **बंधककर्ता/जमानतदार- 4. श्री आशीष गुप्ता पिता स्व. श्री उमेश कुमार**, निर्मोही अखाड़ा, मतगंजनपुरी, सीतापुर माफी, चित्रकूट, यू.पी.-210204 **बंधककर्ता/जमानतदार- 5. श्री अतुल गुप्ता पिता स्व. श्री उमेश कुमार**, निर्मोही अखाड़ा, मतगंजनपुरी, सीतापुर माफी, चित्रकूट, यू.पी.-210204 | सम्पत्ति 1- सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति विमला देवी पत्नि स्व. श्री उमेश कुमार, स्थित खाता नं. 406, प्लाट नं. 1506 मी, एरिया- 1044 वर्गफुट स्थित ग्राम सीतापुर रूरल, तहसील- करवी, जिला- चित्रकूट, यू.पी. (सेल डीड नं. 1139/2012)। चतुर्सीमाः उत्तर- सम्पत का मकान, दक्षिण- 4 फुट प्रस्तावित कच्चा रास्ता एवं बाधू फूलचंद की भूमि, पूर्व- विक्रेता पन्नालाल की बची हुई भूमि, पश्चिम- उमेश कुमार का प्लाट। सम्पत्ति 2- सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति विमला देवी पत्नि स्व. श्री उमेश कुमार, श्री अनुराग गुप्ता, श्री आशीष गुप्ता, श्री अतुल गुप्ता एवं श्री अजय गुप्ता सभी के पिता स्व. श्री उमेश गुप्ता, स्थित खाता नं. 406, प्लाट नं. 1506 मी, एरिया- 1779 वर्गफुट स्थित ग्राम सीतापुर रूरल, तहसील- करवी, जिला- चित्रकूट, यू.पी. (सेल डीड नं. 1142/2012)। चतुर्सीमाः उत्तर- सम्पत का मकान, दक्षिण- 4 फुट प्रस्तावित कच्चा रास्ता एवं बाधू फूलचंद की भूमि, पूर्व- श्रीमति विमला देवी का प्लाट, पश्चिम- गया प्रसाद डिग्री कॉलेज की भूमि। | 25/08/2023 | 22/11/2023 | रू. 9,81,783.32 + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 2 | सतना ईवनिंग | **ऋणी- श्री जितेन्द्र मल्होत्रा पिता श्री हर प्रशाद मल्होत्रा**, पता- एमआईजी- 27, बांधवगढ़ कॉलोनी, सतना- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग सम्पत्ति स्वामी- श्री जितेन्द्र मल्होत्रा पिता श्री हर प्रशाद मल्होत्रा, स्थित अराजी खसरा नं. 387/1, एरिया- (उत्तर से दक्षिण- 50 फुट, पूर्व से पश्चिम- 40 फुट) 2000 वर्गफुट स्थित मौजा- कोलगांव, वार्ड नं. 20 (संग्राम कॉलोनी सतना), तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना (सेल डीड नं. 611 दिनांक 25/06/2007)। चतुर्सीमाः उत्तर- चतुर्वेदी जी एवं मोहन मिहानी का मकान जो कि गंगादीन कुशवाहा द्वारा बेची गई जमीन है, दक्षिण- 30 फुट चौड़ा निर्मित रोड, पूर्व- विक्रेता की अराजी, पश्चिम- श्री विजय कुमार मल्होत्रा का प्लाट जो कि अभी खरीदा गया है। | 22/05/2023 | 22/11/2023 | रू. 2,97,363.20 + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |

दिनांकः 24/11/2023, स्थान- सतना

प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका कॉलोनी जबलपुर में भूखण्ड क्र. 157 श्री दिनेश कुमार जैन पिता श्री धन्नालाल जैन के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13.10.2000 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री दिनेश कुमार जैन पिता श्री धन्नालाल जैन ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.08.2003 के माध्यम से श्री संजय कुमार जैन पिता स्व. श्री पन्नालाल जी जैन को विक्रय किया है। अतः श्री संजय कुमार जैन द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/(भवन/भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

र.नं.-1623

**सम्पदा अधिकारी**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0620/ अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस के सगायम केशवल राविन्सन पिता एस के सगायम निवासी- 53 टैगोर नगर, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर जबलपुर म.प्र. द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ...... के माध्यम से मौजा कटंगा नं.बं. .... प.ह.नं. .... खसरा नं. 44, 76, 78, 79, 80 एवं रकवा 2400 वर्गफुट विक्रेता मोदी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. जबलपुर टैगोर नगर, जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तांतरण पत्र /हकत्याग पत्र/दानपत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 05/12/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/11/2023 को जारी।

जारी दिनांक 21/11/2023

पेशी दिनांक 05/12/2023

र.नं. 1630

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मन की मैं रजनीश दुबे पिता रामप्रकाश दुबे उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम जयसिंहनगर वार्ड क्रं. 05 थाना व तह. जयसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र. का निवासी होकर शपथ पूर्वक कथन कर विश्वास दिलाता हूं कि- 1. यह कि मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड क्रं. 8871 1009 3638 एवं पैन कार्ड, वाहन लाइसेन्स व मतदाता परिचय पत्र में मुझ शपथकर्ता का नाम रजनीश दुबे नाम दर्ज है एवं मुझ शपथकर्ता के शिक्षण संबंधी समस्त दस्तावेजों में मुझ शपथकर्ता का नाम रजनीश कुमार दुबे नाम दर्ज है। 2. यह कि मैं शपथकर्ता शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मुझ शपथकर्ता के दो नाम हैं रजनीश दुबे एवं रजनीश कुमार दुबे उक्त दोनों नाम मुझ शपथकर्ता के ही हैं तथा दोनों नामों से मुझ शपथकर्ता को ही जाना व पहचाना जाता है अन्य कोई भी व्यक्ति नहीं है ऐसी स्थिति में जहां रजनीश कुमार दुबे दर्ज वहां रजनीश दुबे माना जाना व पढ़ा लिखा जाना न्याय संगत होगा। 3. यह कि यह शपथ पत्र रजनीश दुबे एवं रजनीश कुमार दुबे दोनों एक ही व्यक्ति के होने के पक्ष समर्थन में माननीय नोटरी महोदय जी के समक्ष तहरीर व तस्दीक करा रहा हूं।

दिनांक 16/11/2023

शपथ कर्ता

रजनीश दुबे

## अंबाला में एयरफोर्स के एयर शो दिखाई करतब

**अंबाला।** अंबाला में इंडियन एयरफोर्स प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन कर रही है। शो फाइव स्कवाड्रन के 75 साल पूरे होने पर अंबाला कैंट के एयरफोर्स स्टेशन पर पहले दिन 1 घंट से अधिक समय तक एयर शो चला। यहां सबसे पहल जगुआर ने उड़ान भरी। एयर शो में राफेल और आकाश गंगा व सूर्य किरण टीम ने भी करतब दिखाए। एयर शो यूट्यूब पर भी लाइव दिखाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने यह हैरतअंगेज कारनामें देखे।

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं...../अ-6/2022-23

जबलपुर दिनांक 21.11.2023

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामदास पटेल पिता रामचंद्र उर्फ रामचरण निवासी उजार पुरवा बल्देवबाग जबलपुर के द्वारा मौजा ... न.बं. 643 प.ह.नं. 05 स्थित भूमि खसरा नंबर 527/1 में से रकवा 0.110 हेक्ट. वर्गफुट भूमि पर रामचंद्र उर्फ रामचरण की मृत्यु दिनांक 10.12.2005 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 8.12.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया

जारी दिनांक 21.11.2023

पेशी दिनांक 08.12.2023

तहसीलदार

र.नं. 1629 अधारताल जबलपुर

### न्यायालय - नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

रा.प्र.क्रं.0538/अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बृजेश नाथ मिश्रा पिता स्व. भूपेन्द्र नाथ मिश्रा निवासी एम.आई.जी. 21 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक .... के माध्यम मौजा गोरखपुर न.बं. 171 का हिस्सा प.ह.नं. फ्लैट नं. ए/3 ख.नं... शीट नं. 172 रकवा 564 वर्गफुट विक्रेता आम जनता से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 05.12.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21.11.23 को जारी किया गया।

जारी दिनांक 21.11.2023

पेशी दिनांक 05.12.2023

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

र.नं. 1624

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता विशेष कुमार पवार आयु 21 वर्ष पिता हेमंत कुमार पवार निवासी म.नं. 12, महावीर कॉलोनी, हाथीताल जबलपुर म.प्र.। यह कि मेरा पूर्ण नाम उपनाम सहित विशेष कुमार पवार है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड पर दर्ज है, किंतु मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों की अंकसूची में मेरा नाम विशेष पवार दर्ज है। यह कि मेरा विशेष कुमार पवार नाम सही व सत्य है। अर्थात भविष्य में मेरा नाम विशेष कुमार पवार पिता हेमंत कुमार पवार पढ़ा, लिखा व पहचाना जावे।

पुराना नाम- विशेष पवार

नया नाम- विशेष कुमार पवार

र.नं. 1608

### CHANGE OF NAME

Army No 15700908P Rank-Hav Name J. Kasi viswanatha Naidu unit-Depot Regt (Corps of signals) Gudipala (Village & Post) Chittoor Dist. Andhra Pradesh Pin- 517132 do hereby solemnly Affirm and declose that the Name of My wife has been mistankenly Recorded as J. Shilpa in my Army service record which is incorrect the correct name of My wife is N.P. SHILPA AS Per hes aadhar card and other documents and same shall be considerd in Future in All records.

INCORRECT NAME

J. SHILPA

CORRECT NAME

N.P. SHILPA

R.No. 1618

# देश-प्रदेश

उवाच

## धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक : शाह



**जयपुर, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आईएएनएस के एक सवाल के जवाब में कहा, धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है और ऐसा नहीं किया जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो भाजपा इसका कड़ा विरोध करेगी। जवाब में और बात जोड़ते हुए उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा, 'वास्तव में, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अल्पसंख्यक कोटा के बारे में नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि वे ये चुनाव नहीं जीत रहे हैं।' शाह ने दावा किया कि राजस्थान में अगली सरकार भाजपा की बनेगी, क्योंकि भगवा पार्टी राज्य में प्रचंड जीत दर्ज करेगी।

शिवराज ने दूसरे दिन राजस्थान में की 3 चुनावी सभाएं, बोले-

## कांग्रेस की गारंटी झूठी



**जयपुर/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राजस्थान में भाजपा प्रत्याशियों के लिए धुआंधार प्रचार में लगे हुए है। आज उन्होंने बागीदौरा, रामगंजमण्डी और पीपल्दा विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को भाजपा की जीत का संकल्प दिलाया। श्री चौहान ने यहां कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा, कांग्रेस के वायदों को लेकर तंज कसा और उन्हें झूठा बताया। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस झूठी गारंटी देने आती है अगर किसी की गारंटी है तो वो केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की गारंटी है, भाजपा जो कहती है वो करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में वंशवाद और परिवारवाद चल रहा है। साथ ही श्री चौहान ने दावा किया कि मध्यप्रदेश में फिर से पांचवी बार सरकार बनाकर ला रहे हैं, कांग्रेस हमें रोक नहीं सकती है। श्री चौहान ने यहां वायदा किया कि मध्यप्रदेश की तरह ही राजस्थान में भी किसानों के खातों में प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए आएंगे। मध्यप्रदेश की योजनाओं को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि, कोई भी गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा, सभी को पक्के मकान बनाने के लिए पैसा दिया जाएगा। मध्यप्रदेश में जिस तरह मेधावी बच्चों को लैपटॉप और स्कूटी दी जाती है वैसे ही राजस्थान के बच्चों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा लाड़ली बहना योजना व लखपति बहना का भी जिक्र मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया।

### राहुल गांधी बन गए हैं राष्ट्रीय मुसीबत

श्री चौहान ने कहा कि, राहुल गांधी केवल कांग्रेस के लिए ही नहीं, बल्कि अब राष्ट्रीय मुसीबत बन गए हैं। भाषण भी देते हैं तो पता नहीं रहता है कि क्या बोल रहें हैं। उन्होंने राहुल और प्रियंका पर झूठ का आरोप लगाया। इन्होंने राजस्थान में भी किसानों के कर्जमाफ करने की बात कही थी, लेकिन कर्जमाफ नहीं किया। मध्यप्रदेश में कहा था कि, कर्जमाफ नहीं हुआ तो 10 दिन में मुख्यमंत्री बदल देंगे, कांग्रेस ने तो मुख्यमंत्री नहीं बदला लेकिन जनता ने ही बदल दिया।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने आयोग को सौंपा ज्ञापन

## भिंड कलेक्टर को मतगणना से दूर रखने की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मुलाकात करके कहा कि भिंड कलेक्टर शुरू से ही चुनाव को प्रभावित करने और भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि भिंड कलेक्टर अपनी पदस्थापना के समय से ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों से यह पूछते रहे हैं कि डॉ. गोविन्द सिंह सात बार किस प्रकार चुनाव जीते हैं। भिंड कलेक्टर पूरे जिले के निर्वाचन अधिकारी हैं, लेकिन मतदान के दिन वे केवल लहार विधानसभा क्षेत्र में पूरे दिन मतदान शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक घूमते रहे। उनके निर्देश पर बीएसएफ कर्मी मतदान करने वाले मतदाताओं के आधार कार्ड की जांच कर रहे थे। जबकि, यह काम पीठासीन अधिकारी का है। बीएसएफ जवानों द्वारा मतदाताओं से पूछताछ किये जाने से क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया। डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान केन्द्र 50 धनुपुरा और 45 गांध में अनेक मतदाताओं के साथ मारपीट की गई, जिससे कोई मतदान नहीं कर सके। कलेक्टर के इशारे पर कांग्रेस पार्टी के मतदान अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्र से बाहर बैठाकर रखा गया और पीठासीन अधिकारियों द्वारा भाजपा के पक्ष में फर्जी मतदान कराया गया। लहार में निर्वाचन के कार्य में लगे शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा डाले गये डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा नहीं किया गया। एक दिन बाद इन डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा कराया गया। उन्होंने मांग की है कि लहार क्षेत्र की मतगणना से कलेक्टर भिंड को अलग रखते हुए किसी अन्य अधिकारी को दायित्व सौंपा जाए, ताकि मतगणना निष्पक्षता पूर्वक हो सके।

अब विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार

## सट्टा बाजार का रुख बढ़ा रहा है नेताओं की धड़कन



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है। अब, मतगणना का इंतजार है। इसी बीच सट्टा बाजार से आ रही खबरें कभी बीजेपी तो कभी कांग्रेसी नेताओं की धड़कनें बढ़ा देती है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में 17 नवंबर को मतदान हो चुका है और मतगणना 3 दिसंबर को होना है।

दोनों प्रमुख राजनीतिक दल, भाजपा और कांग्रेस, अपनी जीत के न केवल दावे कर रही हैं, बल्कि उन्हें भरोसा है कि जनता उनका साथ देखी। कांग्रेस को भरोसा है कि उनकी सरकार को खरीद-फरोख्त करके गिराया गया था इसका जनता हिसाब बराबर करना चाहती है, तो वहीं कांग्रेस की तमाम योजनाएं जनता को जिंदगी में बदलाव लाने का भरोसा दिला रही है। दूसरी ओर भाजपा के नेताओं को लग रहा है कि उनकी लाडली बहना योजना से लेकर महिला वर्ग के लिए चलाई गई योजनाएं और आदिवासी कल्याण के साथ युवाओं के लिए किए गए प्रयास मतदाताओं को रास आएंगे। केंद्र की सरकार के साथ उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा चेहरा है। इसी के आधार पर उन्हें फिर बहुमत मिलेगा और सरकार बनेगी।

दोनों दलों के इन दावों के बीच कई सट्टा बाजार के आंकड़े भी सामने आ रहे हैं। यह सट्टा बाजार जहां चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ी बढ़त दिखा रहे थे तो वहीं मतदान के बाद उनके रुख में कुछ बदलाव आया है और वह मुकाबले को टक्कर का बताने के साथ भाजपा को थोड़ी बढ़त दिखा रहे हैं। इसी के चलते राजनीतिक दलों के नेताओं से लेकर उम्मीदवारों की भी धड़कनें बढ़ी हुई हैं। सट्टा बाजार की रिपोर्ट लगातार बदलाव कर रही है और यही कारण है कि सियासी गतिविधियों पर नजर रखने वाले लोग सट्टा बाजार पर भी नजर रखे हुए हैं। साथ ही एक ही बात कह रहे हैं कि राज्य में कुछ भी हो सकता है और किसी की भी सरकार बन सकती है।

### 17 को हुआ था मतदान, 3 दिसंबर को आएंगे नतीजे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भोपाल में किया तैयारियों का निरीक्षण

## मतगणना की व्यवस्थाओं पर जताया संतोष



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने गुरुवार को भोपाल में मतगणना स्थल पुरानी जेल पहुँचकर विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 3 दिसंबर को जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। श्री राजन ने मतगणना की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने मतगणना टेबिले, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। बाद में उन्होंने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। साथ ही मतगणना स्थल परिसर में रूके हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा सीसीटीवी के माध्यम से कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन मतगणना व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### दिए निर्देश, किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने निर्देश दिए कि विधानसभा निर्वाचन की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करें। मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएँ सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, नोडल मतगणना संदीप केरकेट्टा, डिप्टी डीईओ रविशंकर राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा रनचेज

## पहला टी-20 मैच 2 विकेट से जीता



**विशाखापत्तनम।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 2 विकेट से जीत लिया है। टीम ने 209 रन का टारगेट 20वें ओवर की आखिरी बॉल में 8 विकेट पर हासिल कर लिया। यह भारत का टी-20 में कंगारुओं के खिलाफ सबसे ब?ा रन चेज है। इससे पहले, सबसे सफल रन चेज 202/4 रन का था, जो भारत ने 2013 में राजकोट में किया था। टीम इंडिया की ओर से कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 80 और ईशान किशन ने 58 रन की पारी खेलीं। आखिरी में रिंकू सिंह ने 14 बॉल पर 22 रन बनाए।विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 208 रन बनाए। टीम की ओर से जोश इंग्लिस ने पहला शतक जमाया। उन्होंने 50 बॉल पर 110 रन की पारी खेली। स्टीव स्मिथ (58 रन) ने अर्धशतक जमाया।

### कप्तान सूर्या ने 41 गेंद पर बनाए 80 रन

## शासकीय स्वशासी और निजी आयुष महाविद्यालयों में काउंसिलिंग तय

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग और राष्ट्रीय हौम्योपैथी आयोग से अनुमति प्राप्त शासकीय शासकीय स्वशासी और निजी आयुष महाविद्यालयों में एमपी ऑनलाइन के माध्यम से काउंसिलिंग की कार्यवाही की जा रही है। इसके लिये आयुष विभाग ने कार्यक्रम निर्धारित कर लिया है।

काउंसिलिंग की कार्यवाही 16 नवम्बर से आरंभ हो चुकी है। अब आयुष महाविद्यालयों में रिक्त सीटों की स्थिति का प्रदर्शन 24 नवम्बर को किया जायेगा। इसके बाद इसी दिन मेरिट सूची का प्रकाशन और पात्रताधारी अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। काउंसिलिंग कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाइस फिलिंग) 25 से 27 नवम्बर तक की जा सकेगी। महाविद्यालयवार मेरिट सूची प्रकाशन (1×10) के आधार पर 28 नवम्बर को प्रात: 8 बजे होगी। महाविद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने की तिथि 29 नवम्बर को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगी। इसके बाद महाविद्यालय में रिपोर्टेड अभ्यर्थियों की मेरिट सूची का प्रकाशन 29 नवम्बर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। महाविद्यालय में अस्थाई प्रवेश 29 नवम्बर को ही दोपहर 2:30 बजे से शाम 7 बजे तक लिया जा सकेगा।

2 सौ विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर मतदान कल

## राजस्थान में चुनाव प्रचार का दौर थमा

- दोनों पार्टियों ने प्रचार में झोंकी ताकत
- 1863 उम्मीदवार मैंदान में, 5 करोड़ 25 लाख से अधिक मतदाता कर सकेंगे मताधिकार का प्रयोग
- कांग्रेस व भाजपा में है कड़ा मुकाबला

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम को जनसभाओं एवं रैलियों का दौर बृहस्पतिवार को थम गया। उम्मीदवार अब घर घर जाकर ही मतदाताओं से अपील करेंगे। राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीट में 199 के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। इन सीट पर 5,25,38,105 मतदाता हैं और 1863 उम्मीदवार हैं। निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए चुनाव प्रचार बृहस्पतिवार शाम छह बजे थम गया। शनिवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

नियमों के अनुसार अब चुनाव को लेकर कोई जनसभा या जुलूस नहीं निकाल सकेगा। अब मतदान से पूर्व चुनाव संबंधी कोई भी मामला टेलीविजन या किसी अन्य माध्यम से जनता के लिये प्रसारित नहीं किया जा सकता। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उसे दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति, जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या उम्मीदवार नहीं है या सांसद या विधायक नहीं है, वह चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद उस निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रह सकता है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ कांग्रेस एवं मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी में माना जा रहा है। कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को मुख्य रूप से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार के कामों, उसकी योजनाओं और कार्यक्रमों पर केंद्रित किया। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में सात महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की है वहीं भाजपा राज्य में अपराध, तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस पर हमलावर रही है। कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अन्य नेताओं ने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

भाजपा के प्रचार अभियान की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाली। उन्होंने बीते कई दिनों में अनेक जगह जनसभाएं कीं। उन्होंने बीकानेर और जयपुर में रोड शो भी किया। इसी तरह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व राजनाथ सिंह ने भी अनेक जगह जनसभाएं कीं।


**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 124

दिनांक 23/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष कुमार गुप्ता, पिता- स्व. श्री दशरथ लाल गुप्ता के द्वारा वार्ड 72 दादा ठनठनपाल वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1002871033 के पंजीकृत स्वामी श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, पिता- स्व. श्री गीता प्रसाद मिश्रा, के नाम से दर्ज ई.डब्ल्यू.एस.-16 कस्तूरी सिटी रैगवां का दर्ज प्लाट रकवा 443 व.फु. , विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-स्टांप डीड विवरण, आधार कार्ड, टैक्स रसीद , एवं राजस्व नामांतरण शुल्क एवं के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 123

दिनांक 23/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मालती मिश्रा, पति- स्व. श्री शिवनाथ प्रसाद मिश्रा, के द्वारा वार्ड 76 गुरू गोविंद सिंह वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1002884379 के पंजीकृत स्वामी श्री राहुल कुमार पाल, पिता- श्री राजेन्द्र पाल, के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 93/1 भारत कालोनी के बाजू में का प्लाट रकवा 1000 व.फु., जिस पर निर्मित तल मंजिल 1000 व.फु. , विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद , एवं राजस्व नामांतरण शुल्क एवं के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 122

दिनांक 23/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामेश्वर प्रसाद महेरे, पिता- श्री रामजी महेरे के द्वारा वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004525822 के पंजीकृत स्वामी श्री बृजेश कुमार पटेल, पिता- श्री हुकुम पटेल के नाम से दर्ज निर्मित रकवा 500 व.फु., जिसका मौजा करमेता भूमि खसरा नं. 420/23 का प्लाट रकवा 540 व.फु., व उस पर बना भवन , विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, राजस्व आदेश खसरा, टैक्स रसीद , एवं राजस्व नामांतरण शुल्क एवं के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 121

दिनांक 23/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रानी भरभुजॉ, पति- श्री मुकेश भरभुजॉ के द्वारा वार्ड 74 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004459466 के पंजीकृत स्वामी श्री पारस कुशवाहा, पिता- श्री नर्मदा कुशवाहा, के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 269/9/3 का दर्ज भूमि रकवा 41738 व.फु. जिसका मौजा अमखेरा खसरा नं. 269/9/3 में से प्राईवेट ले-आउट प्लाट नं. 31 का विक्रय भूमि रकवा 1012 व.फु. , विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति लेजर, , राजस्व नामांतरण शुल्क एवं आधार कार्ड के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै Mohd Aamin Mansoori पिता Nizamuddin और मेरी माता का नाम Sameena Bano निवासी- 147 Kasim Molana Ki Gali Mansoorabad Shaheed Ashfaq Ulla Khan Ward Jabalpur (M.P.) कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नं. L5164861 में मेरा नाम Mohammad Ameen Mansoori पिता Nizamuddin Mansoori और मेरी माता का नाम Shamima Begum लिखा है जिसे मैंने बदलकर Mohd Aamin Mansoori पिता Nizamuddin और मेरी माता का नाम Sameena Bano कर लिया है। अतः मुझे Mohd Aamin Mansoori पिता Nizamuddin और मेरी माता का नाम Sameena Bano नाम से जाना व लिखा जावे।

पूर्व नाम- Mohammad Ameen Mansoori
पिता-Nizamuddin Mansoori
माता का नाम- Shamima Begum
परिवर्तित नाम- **Mohd Aamin Mansoori**
पिता- **Nizamuddin**
माता का नाम- **Sameena Bano**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/218 दिनांक 23.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. दिगंत पाठक पिता श्री शिव कुमार पाठक ने मकान नं. 303/ए 7 टीएच-703 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल ... व.फु. सातवी मंजिल 1200 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/220 दिनांक 23.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मयंक शर्मा पिता स्व. श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा ने मकान नं. 529/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल ... व.फु. भूतल 1738+280 व.फु. प्रथम तल 1313 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/219 दिनांक 23.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शशांक वर्मा एच.यू.एफ. कर्ता खनदान द्वारा श्री शशांक वर्मा पिता श्री दीपक वर्मा ने मकान नं. 633 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल ... व.फु. भूतल 593 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 125

दिनांक 23/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दीपा पटेल, पति- श्री रवि कुमार कुशवाहा, एवं श्री रवि कुमार कुशवाहा, पिता- श्री राम प्रताप कुशवाहा के द्वारा वार्ड 75 शहीद बिरसा मुण्डा वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1001811837 के पंजीकृत स्वामी श्री सुधीर कोरडिया, पिता- श्री जीवराज कोरडिया के नाम से दर्ज एच.आई.जी.- 2 सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड का दर्ज निर्मित तल मंजिल रकवा 1000 व.फु. , विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्ति लेजर रिपोर्ट , एवं राजस्व नामांतरण शुल्क एवं के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**Change of Name & DOB**

I BABURAO HANUMANT PATIL. Father of MAHESH BABURAO PATIL Army No. 15733260K Rank NK am presently residing at SIGNALS RECORDS JABALPUR State MADHYA PRADESH PIN 482001 do hereby solemny affirm and state on oath as follows: That I have change my My name and wife name and date of birth from (Name and date of birth of as per in service records) to Proposed Correct name and date of birth of My and wife to Name and date of birth as mentioned in aadhar card (reason for change) as mentioned below. That what is stated above is true and correct to best of my knowledge information and belief. nothing material has been concealed therefrom.

Incorrect Name
BABURAO
correct Name
BABURAO HANUMANT PATIL
Wife incorrect name and DOB
Manisha 01/06/1974
Wife correct name and DOB
Manisha Baburao Patil. 01/01/1976

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**आम सूचना**

मैं अधिवक्ता अपने पक्षकार श्री परमिन्दर सिंह बाहड़ा पिता स्व. श्री गुरूचरण सिंह बाहड़ा निवासी- 529, कमल निवासी गुप्तेश्वर वार्ड मदनमहल जिला जबलपुर वालों की हिदायतों व निर्देशानुसार आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार की पारिवारिक संपत्ति जो मौजा सगड़ा नंबर बंदोबस्त 421 पटवारी हल्का नंबर 28 राजस्व निरीक्षक मंडल जबलपुर खसरा नंबर पुराना 40 वर्तमान खसरा नंबर 40/3 रकवा 1.323 हैक्टेयर में से 0.202 हैक्टेयर भूमि से संबंधित मूल दस्तावेज विक्रय पत्र द.क्रं. 7343 ग्रन्थ क्रं. 6593 जो दिनांक 27/01/1990 को पंजीयत है कहीं खो गया है जिस पर मेरे पक्षकार व उसके परिवार के अन्य सदस्यों को नाम टंकित है जिस किसी व्यक्ति विशेष को मिलता है या प्राप्त होता है वह मेरे पक्षकार को देने का कष्ट करें मेरा पक्षकार उसके प्रति सदा आभारी रहेगा किंतु यदि कोई व्यक्ति प्राप्त दस्तावेज से किसी प्रकार का कोई दुरूपयोग करता है या करता पाया जाता है तो वह कानूनन कार्यवाही के लिये उत्तरादायी रहेगा।

जबलपुर दिनांक 24.11.2023 भवदीय-
**अजय तिवारी/ अभय तिवारी एड.**
ऑ.-माँ शक्ति काम्पलेक्स, एमएलबी रोड, मुख्य बस स्टैंड, एवं गढ़ा थाने के सामने त्रिपुरी चौक जबलपुर -9826073047, 9826048004

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री रंजीत पटेल, पिता श्री सुरेश कुमार पटेल, निवासी 1577 यादव कॉलोनी, जबलपुर( म.प्र. )की ओर से आम जनता को यह सूचित करना चाहता हूँ कि मेरे पक्षकार ने प्लॉट क्रमांक 39 एस.के.आर प्रोजेक्ट तिलहरी ( वर्धमान डेवलपर ) के क्रय हेतु मौखिक अनुबंध किया था जिसके एवज में मैंने 1,00,000/- रू एडवांस जमा कर दिये थे। यदि कोई भी व्यक्ति उक्त प्लॉट क्रमांक 39 क्रय या विक्रय करता है तो वह किसी भी कार्यवाही के लिये स्वयं जवाबदार होंगे।

**मल्लिकार्जुन खरे** (अधिवक्ता)
बी-55 जसूजा सिटी, फेस 3, जबलपुर
दिनांक-23.11.2023 मो. 7880234346


## राजशरण विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष और याज्ञवल्क्य महामंत्री निर्वाचित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजशरण शाही और याज्ञवल्क्य शुक्ल, छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में सत्र 2023-24 हेतु पुनर्निर्वाचित हुए हैं। यह घोषणा गुरुवार को अभाविप केन्द्रीय कार्यालय से की गई। अभाविप के केन्द्रीय कार्यालय से चुनाव अधिकारी डॉ. सी.एन. पटेल द्वारा जारी वक्तव्य के अनुसार उपरोक्त दोनों पदों का कार्यकाल एक वर्ष रहेगा एवं दोनों पदाधिकारी दिल्ली में दिनांक 7, 8, 9 व 10 दिसम्बर, 2023 को होने वाले 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना पदग्रहण करेंगे। राजशरण शाही मूलत: उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से हैं।





## मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन में न्यायाधीशों का अभिनंदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बार एसोसिएशन के सिल्वर जुबली हॉल में गुरूवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, जबलपुर ने उन सम्मानित न्यायाधीशों के स्वागत और सम्मान के लिए एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया, जो हाल ही में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में सेवा देने के लिए शामिल हुए हैं और नियुक्त हुए हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ और सम्मानित न्यायाधीशों की विशिष्ट उपस्थिति रही।

- न्यायमूर्ति राजमोहन सिंह
- न्यायमूर्ति विनय सराफ
- न्यायाधीश विवेक जैन
- न्यायमूर्ति प्रमोद अग्रवाल
- न्यायमूर्ति बिनोद कुमार दिवेदी
- न्यायमूर्ति देव नारायण मिश्र

समारोह में बार काउंसिल के सदस्य शलेंद्र वर्मा और श्री उस्मानी की भागीदारी देखी गई। अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपपुरा और डिप्टी सॉलिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी मौजूदा निर्णायक, अध्यक्ष संजय वर्मा, सचिव परितोष त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र खरे, संयुक्त सचिव दीपक सिंह, लाइब्रेरी प्रभारी संगीता नायडू और कार्यकारिणी सदस्य विपुल वर्धन जैन, सौरभ सिंह, अमन शर्मा, अजय शुक्ला, अमिताभ भारती स्वागत के दौरान जितेन श्रीवास्तव और नीरज तिवारी मौजूद रहे। प्रदेश उच्च न्यायालय के इतिहास में पहली बार 41 न्यायाधीश एक साथ काम कर रहे हैं।

अध्यक्ष संजय वर्मा ने जजों की पूरी संख्या पूरी करने का आग्रह किया और बार एसोसिएशन को लगातार सहयोग देने के लिए मुख्य न्यायाधीश के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य न्यायाधीश ने नव नियुक्त न्यायाधीशों के स्वागत में बार एसोसिएशन की परंपरा की सराहना की और सेवानिवृत्ति पर न्यायाधीशों के स्वागत और विदाई दोनों में एसोसिएशन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान, मुख्य न्यायाधीश ने 2016 से 2020 तक इंडियन लॉ रिपोर्टर एमपी सीरीज़ के पांच-वर्षीय डाइजेस्ट का उद्घाटन किया, जिसकी पहली प्रति अध्यक्ष संजय वर्मा और सचिव परितोष त्रिवेदी को भेंट की।



## जबलपुर राउंड टेबल ने किया बच्चों के लिये ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर राउंड टेबल द्वारा शासकीय उच्चतर विद्यालय, मंगेली में बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में शामिल होकर अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन किया। उसके उपरांत विगत दिवस जबलपुर राउंड टेबल द्वारा बच्चों को टिफिन बॉक्स, बॉटल और सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। चेयरमैन अनिकेत खंडेलवाल ने बताया कि इस विद्यालय में हमारी टेबल द्वारा कक्षा 8 का निर्माण कर रही है। बच्चों का उत्साह और उनके द्वारा बनायी गई चित्रकला सब बयान करती है। ये सब देकर ये ऐसा एहसास होता है जैसे हमारी मेहनत सही दिशा में हो रही है। इस कार्यक्रम में चेयरमैन अनिकेत खंडेलवाल, सिद्धांत ओस्वाल, गीत सचदेव, शुभम सिद्ध आदि सदस्य उपस्थित थे।

## सर्दियों में लुभा रही आइसक्रीम, स्वाद लेने पहुंचते हैं शहरवासी

### विंटर में युवाओं और बच्चों में बनी पसंदीदा





**जबलपुर, देशबन्धु।** आइसक्रीम का स्वाद लोगों को अब ऑल सीजन पसंद आ रहा है। वैसे तो समर सीजन में लोगों की जुबां पर आइसक्रीम मोस्ट फेवरिट होती है, लेकिन यंगस्टर्स और किड्स के बीच विंटर में भी आइसक्रीम पसंद की जा रही है। यही कारण है कि शहर में साल भर आइसक्रीम की डिमांड बनी रहती है और ढेरों फ्लेवर्स भी मिलते हैं।

### साल भर नए फ्लेवर्स

आइसक्रीम शॉप ओनर्स का कहना है कि लोगों की पसंद के कारण अब साल भर आइसक्रीम के नए फ्लेवर्स आइसक्रीम पार्लर्स में बरकरार रहते हैं। वनीला, स्ट्रॉबैरी और ट्रेडिशनल टेस्ट के साथ मिक्स फ्रूट्स और एक्सपेरिमेंटल आइसक्रीम के फ्लेवर्स सालभर लोगों की डिमांड में शामिल रहते हैं।

### मेवाड़ और मेरठ की आइसक्रीम

गर्मी में गुजरात और राजस्थान से आने वाले के आइसक्रीम के स्टॉल्स अब सर्दियों में भी नजर आते हैं। उनका कहना है कि लोगों की डिमांड इन आइसक्रीम को लेकर खूब होती है। पहले जहां वीकल्स गर्मी के बाद राजस्थान वापस लौट जाते थे, वहीं अब साल भर शहर में इनका अड्डा बना रहता है। इन फ्लेवर्स की डिमांड

- ब्लैक करंट
- टूटी, फ्रूटी
- रोस रोगन
- केसर पिस्ता
- काजू मलाई
- अमेरिकन नट्स

## विश्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत रानी दुर्गावती संग्रहालय में पेंटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम जबलपुर एवं सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम द्वारा निकाय में रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर में विश्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत गुरूवार को क्राफ्ट, ड्रॉइंग, पेंटिंग, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के 6 विद्यालयों से 126 विद्यार्थियों में भाग लेकर अपनी प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर पुरातत्व विभाग डिप्टी डायरेक्टर केएल डाबी ने उद्बोधन नें कहा कि आज का युवा आधुनिकता में इस तरह समाहित हो रहा है कि प्राचीन संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, जिस कारण सम्पूर्ण विश्व भर में विश्व धरोहर सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुरातत्व विभाग जबलपुर द्वारा रानी दुर्गावती संग्रहालय में पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों के विधार्थियो को संग्रहालय में स्थित पुरातत्विक प्रतिमाएं एवं संस्कृति से रूबरू कराकर विधाथियों को आमंत्रित कर पुरातत्व से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दौरान श्री डाबी ने विधार्थियो को पुरातत्व विभाग से सम्बंधित विशेष जानकारी देते जबलपुर शहर विभिन्न पुरातात्विक स्थलों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जबलपुर मदन महल किला उन शासकों के जीवन की गवाही के रूप में खड़ा है, जिन्होंने 11 वीं शताब्दी ईस्वी में अच्छी संख्या में जबलपुर पर शासन किया था।

शहर से कुछ किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर स्थित मदन महल किला राजा मदन सिंह द्वारा बनवाया गया था। किले का संबंध राजा की माता रानी दुर्गावती से भी है, जो उस समय के एक बहादुर गोंड शासक थे। यह किला, जो वर्तमान में खंडहर है, रानी दुर्गावती की आभा और उनके पूर्ण सुसज्जित प्रशासन और सेना के बारे में बताता है।

### इनके चित्रों को मिला पुरस्कार

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय पुरस्कार क्रमशः प्रतिभा स्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की अग्रिमा जैन (नवमीं) एवं अवनी जैन (आठवीं) को तथा तृतीय पुरुस्कार केंद्रीय विद्यालय, सीएमएम की अराध्या चौकसे (छठवीं) को मिला। सांत्वना पुरस्कार मानकुवारी हंसा हाई स्कूल बरेला की सायना खान (दसवीं), प्रतिभा स्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की छात्रा तथा सेंट जोसेफ कान्वेंट की ओश जैन (नवमीं) को दिया गया। गुंजन गुप्ता, सोमेश कुमार सोनी, जगदीश कुमार और ऋतुराज श्रीवास्तव स्पर्धा के निर्णायक रहे।

## राष्ट्रीय थांग ता प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम में जबलपुर की 5 बालिकाओं का चयन



**जबलपुर, देशबन्धु।** सीनियर वर्ग में जबलपुर की 40 किलो में कु. आशु कहर 45 किलो में कु. श्रुति सेन 50 किलो में कु. मेहकाशा 55 किलो में कु. महक अंजुम 60 किलो में कु. खुशबु सोनी का चयन किया गया है। सभी खिलाड़ी रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षण ले रहे है। 24 नवंबर से 26 नवंबर तक रांची (झारखंड) में राष्ट्रीय थांग ता प्रतियोगिता में जबलपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिग्विजय सिंह सचिव मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ, आशीष पांडे डीएसओ जबलपुर, कुलदीप सिंह बरार साई प्रशासक जबलपुर, शिवेंद्र परमार सचिव मध्यप्रदेश थांग ता एसोसिएशन परमजीत सिंह (विक्रम अवार्डी), हरमिंदर सिंह, दलवीर सिंह जस्सल, अमनदीप सिंह सग्गू ने शुभकामनाएं दी।

## मानस भवन में प्रशिक्षण आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर डाले गये मतों एवं डाक मतपत्रों की गणना के लिए नियुक्त किये जाने वाले गणना पर्यवेक्षकों, गणना सहायकों एवं माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण शुक्रवार 24 नवंबर को राइट टाउन स्थित मानस भवन के सभागार में होगा। गणना पर्यवेक्षकों, गणना सहायकों एवं माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दो पालियों में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक दिया जायेगा ।

## डिजिटल वॉलेट को 2 एफए से सिक्योर करें, लॉग इन में सेट करें ओटीपी

### माय फाइनेंस- शॉपिंग वाले सीजन में हर डिजिटल ट्रांजक्शन पर सावधानी बरतना जरूरी




**जबलपुर, देशबन्धु।** डिजिटल पैमेंट का ग्राफ लगातार बढ़ा है। लोग अब 5 से 10 रुपए की तक की खरीदारी के लिए भी ऑनलाइन ट्रांजक्शन पसंद कर रहे हैं। अभी शुरू होने वाले वेडिंग सीजन में भी डिजिटल लेनदेन से जमकर ऑनलाइन और ऑफलाइन शॉपिंग होने वाली है। ऐसे में यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग की अन्य सुविधाओं में सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि सेफ शॉपिंग सीजन में हर तरह के फ्रॉड से बचा जा सके। इसके साथ ही 2 एफए यानी टू फैक्टर अथेन्टिकेशन फीचर से वेरिफिकेशन करें, ताकि कहीं और अकाउंट ओपन होने पर प्रूफ देना होता है।

### पुख्ता पासवर्ड जरूरी है

ऑनलाइन ट्रांजक्शन के लिए जो भी मोड चलाते हों, उसका पासवार्ड स्ट्रॉन्ग रखना जरूरी है। पासवर्ड में कम से कम 8 शब्द होने चाहिए, जिसमें नंबर, वर्ड्स और स्पेशल फॉन्ट जरूर शामिल करें। इसके साथ ही डिजिटल डिवाइज को सेफ रखने के लिए फोन, लैपटॉप और टैबलेट को पासवर्ड या फिंगरप्रिंट से लॉक करें।

### मालवेयर अटैक से रहें अवेयर

शॉपिंग सीजन में इन दिनों तरह-तरह के ऑफर्स मैसेज भी मेल और मैसेज में आते हैं। ऐसे में अननोन वेबसाइट से शॉपिंग करने से बचें, क्योंकि इनकी रिटर्न पॉलिसी फ्रॉड होती है। इसी तरह किसी भी अननोन लिंक पर मैसेज करने से मालवेयर अटैक होने की पॉसिबिलिटीज बढ़ जाती है।

### एप्लिकेशन का अपडेशन

डिजिटल पैमेंट एप्लिकेशन को समय-समय पर अपडेट करते रहें, ताकि सिक्योरिटी समेत सभी चैक पूरे होते रहें। कई बार एप्लिकेशन यूजर्स की सिक्योरिटी के हिसाब से अपडेशन करते हैं, इससे ट्रेड्स और वायरस दूर होते हैं। ऐसे में अपने डिजिटल ट्रांजक्शन एप को टाइम टू टाइम अपडेट करना जरूरी है।

### 2 एफए से करें सर्टिफाइड

डिजिटल वॉलेट या बैंक खाते को दो-कारक प्रमाणीकरण को सुरक्षित करें। 2 एफए वेरिफिकेशन के बाद जब आप लॉग इन करते हैं, तो फोन पर ओटीपी मिलने से सिक्योरिटी बढ़ जाती है। इसके साथ ही डिजिटल डिवाइज को एंटीवायरस सॉफ्टवेयर से अपडेट करें।

### एक्सपर्ट टॉक

- डिजिटल पैमेंट के लेनदेन को रोजाना चैक करें। संदिग्ध लेन देन समझ आते ही बैंक या डिजिटल वॉलेट कंपनी को मैसेज करें फ्रॉड के किसी भी तरीके से बचने के लिए सावधानी जरूरी है।

**- सीए अनुजा दीक्षित, बैंकर**

- डिजिटल बैंकिंग के लिए भरोसेमंद साइट्स और मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल ही करिए। ओटीपी सेट करें और शॉप में डिजिटल ट्रांजक्शन की कॉपी शॉपकीपर को जरूर सेंड करें।

**- सीए शांतनु सिंह चौहान, एक्सपर्ट**




**जबलपुर, देशबन्धु।** देव उठनी ग्यारस पर कछपुरा गणेश नगर निवासी स्नेहा जैन (गुनगुन)ने बनाई भगवान सिताराम की मनमोहक रंगोली।

## म.प्र. विद्युत महिला मंडल में आयोजित हुआ दीपावली स्नेह मिलन समारोह



**जबलपुर, देशबन्धु।** दीपावली एक बहुत ही सुंदर पर्व है जो अपने साथ बहुत सारे खुशियों को ले कर आता है, ये रौशनी का त्यौहार है। दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय को दर्शाता है और इसी तरह ये हमारे जीवन में भी खुशियों का उजाला भर देता है। ये त्यौहार हमारे आपसी रिश्तों को मजबूत करता है और मन-मुटाव को दूर करके हमारे रिश्तों में मिठास भर देता है। यह उदगार म.प्र. विद्युत महिला मंडल के दीपावली मिलन समारोह में अध्यक्षा डॉक्टर अंजना तिवारी द्वारा व्यक्त किये गए। मिलन समारोह में डॉ. अंजना तिवारी, सचिव कविता निगम, फरहत परवीन सहसचिव डॉक्टर ज्योति परवार, जयश्री मुलमुले, शाला प्रबंधक डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुजाता सिंह, सचिव प्रतिभा पाणी, पालना घर संचालिका प्रतिभा पटेल सहित अन्य सदस्य बहनों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ, साथ ही सदस्य बहनों ने दीपावली पर घर में तैयार किये मिष्ठानों का आदान प्रदान भी किया।

## खुशियां उमंग उत्साह का पर्व दिवाली



**जबलपुर, देशबन्धु।** नववर्ष फाउंडेशन के तत्वाधान में दीपावली मिलन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राजेश पाठक प्रवीण द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि नववर्ष फाउंडेशन अपने सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों के जीवन में आशा और विश्वास का प्रकाश फैला रहा है, और आगे आने वाले कई वर्षों तक ऐसे ही लोगों के जीवन में प्रकाश फैलता रहे। नववर्ष फाउंडेशन की अध्यक्षा वर्षा राठौर ने संस्था की टैगलाइन स्प्रेडिंग स्माइल को साकार करने में सहयोग कर्ताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने दिवाली हाऊजी एवं मनोरंजक गेम का आनंद लिया। इस अवसर पर राजेश महेश्वरी, पदमा माहेश्वरी, सुरेंद्र संगीता अग्रवाल, संजय सुप्रिया भाटिया, जयंत खारपाटे, डॉ. बघेल, किरण हीरेंद्र शर्मा, शिखा राठौर, शोभा नैय्यर, प्रदीप जैन, डॉ. आदर्श श्रीवास्तव, रश्मि पाठक, पुरुषोत्तम भट्ट, केके तिवारी, वीना तिवारी,आरके दुबे, रविंद्र सारिका श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## जबलपुर को स्वच्छ बनाने नागरिकों को किया गया जागरूक




**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर निगम द्वारा संभाग क्रमांक 11 के ईश्वरदास रोहाणी वार्ड में स्थित प्रियदर्शनी कॉलोनी मेहंगवा डुमना रोड के पास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संतोषी माता अंतराष्ट्रीय किन्नर गुरू, वरिष्ठ सेविका एवं समस्त अतिथिगण द्वारा मेहंगवा के नागरिकों एवं समस्त संस्कारधानी वासियों को साफ-सफाई, कचरा पृथक्कीकरण गतिविधि के तहत् जबलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए कचरा पृथक्कीकरण, होम कम्पोस्टिंग, कचरा नाली और रोड़ में न फेंकने, एवं कचरे को डोर टू डोर कचरा गाड़ी में ही डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा अपने आस-पास साफ सफाई रखने का संदेश दिया गया। महामंडलेश्वर माताजी द्वारा नागरिकों को नगर निगम के कार्यो में सहयोग करने की अपील की गयी। कार्यक्रम के समय नगर निगम की सहयोगी टीम आई.ई.सी. संस्था ओम सांई विजन के सदस्य आदि उपस्थित रहे।




**रांझी और रमनगरा जल शोधन संयंत्र से कल जलापूर्ति प्रभावित रहेगी-** नगर निगम जल विभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि रांझी जल शोधन संयंत्र में स्थित पंप हाउस में लगी मोटर अचानक खराब हो गई है, जिसका सुधार कार्य किये जाने के कारण 24 नवम्बर शुक्रवार को जलप्रदाय आपूर्ति उच्च स्तरीय टंकियों मढ़ई, बिलपुरा, मानेगांव, की उच्च स्तरीय टंकियों से होने वाली जलप्रदाय बाधित रहेगी।

कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि इसी प्रकार सीवर परियोजनांतर्गत तेवर में 29 एम.एल.डी. क्षमता के एस.टी.पी. के विद्युतीकरण कार्य के साथ रमनगरा वॉटर फिल्टर प्लांट में भी विद्युत उपकरणों के मरम्मत का कार्य किया जाना है, उक्त परिस्थिति को देखते हुए रमनगरा जलशोधन संयंत्र की विद्युत सप्लाई सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। जिसके कारण रमनगरा प्लांट से होने वाली जलप्रदाय सायंकालीन आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी वहां टेंकरों के माध्यम से नागरिकों को जलापूर्ति की जायेगी।

### सभी संभागीय अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करने दिये निर्देश



## बड़ी खेरमाई मंदिर बना देव उठनी एकादशी पर धर्ममय

### भगवान विष्णु-माता लक्ष्मी की सजीव झांकी ने किया मंत्रमुग्ध

**जबलपुर, देशबन्धु।** देव प्रबोधिनी एकादशी पर श्री बड़ी खेरमाई के दरबार में विधि-विधान से भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर भगवान शालिगराम और तुलसी माता का विवाह भी सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर सुंदर साज-सज्जा और आकर्षक रंगोली से परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था।

वहीं भगवान श्री हरि विष्णु व माता लक्ष्मी की सुंदर सजीव झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर सैकड़ों दीप प्रज्ज्वलित कर देव उठनी ग्यारस मनाई गयी। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव शशिकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल पाल ने बताया कि आज मंदिर परिसर में लोकगीत गायकों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गयी हैं।

सातरंग की आतिशबाजी और जगमगाते दीपकों से समूचा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आ रहा था। शालिगराम और तुलसी विवाह में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्गों सहित बच्चे और श्रद्धालुओं उपस्थित रहे। ट्रस्ट के जयकान्त उपाध्याय, आशीष त्रिवेदी, महेंद्र जांगड़े, नलिनकांत बाजपेई, परमानंद तिवारी, सुरेश आहूजा, लीलाधर रैकवार ने मंदिर ट्रस्ट की ओर से आभार व्यक्त किया गया।



## फूलों से श्रृंगार कर मनाया त्यौहार

### गोल्डन विमन क्लब का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** त्यौहार की खुशियों में महिलाओं ने गेम्स और एंटरटेनिंग एक्टिविटी में हिस्सा लिया। फूलों से श्रृंगार कर किसी ने हार बनाया तो किसी ने आकर्षक मांगटीका तैयार किया। गोल्डन विमन क्लब के तत्वावधान में दिवाली मिलन समारोह में यह नजारा आम रहा। कार्यक्रम की थीम फूलों का श्रृंगार रखी गई थी। इस दौरान कैटवॉक राउंड में महिलाओं ने टैलेंट दिखाकर टाइटल जीते।

म्यूजिकल गेम्स में जीती बाजी- कार्यक्रम में म्यूजिकल गेम राउंड में लेडीज ने बाजी मारकर प्राइज जीते। दिवाली क्वीन राउंड में फर्स्ट रीना साहू, सेकेंड निशा दुबे, थर्ड प्रीति त्रिपाठी रहीं। म्यूजिकल गेम में फर्स्ट मीनल जड़गर, सेकेंड वंदना पटेल, थर्ड वर्षा साहू रहीं। इस मौके पर रंजना, सिया, गंगा, शुभलता, अमिता, रीता, प्रेरणा, सुमन, कविता, रेखा, सुषमा मौजूद रहीं।

## केन्द्रीय विद्यालय सीओडी में टीचर्स ने सीखा गणित को रोचक बनाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर केन्द्रीय विद्यालय सीओडी में दक्षता संवर्धन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जबलपुर संभाग से 43 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। शिक्षकों को गणित विषय को आसान बनाने और छात्रों के लिए अधिक से अधिक नंबर बढ़ाने के लिए आसान तरीके बताए गए। मुख्य अतिथि केवि उपायुक्त सौमित श्रीवास्तव, प्राचार्य वायके सोलंकी, केवि बालाघाट प्राचार्य, पंकज जैन, मुकेश निगम, उमेश त्रिपाठी, दिग्विजय सिंह, जेके तिवारी, समन्वयक बेलू मेहता, दीप्ति सत्संगी मौजूद रहीं।





## नरसिंह मंदिर में तुलसी विवाह धूमधाम से संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** चतुर्थ मास के व्रत समापन अवसर पर देवोत्थान एकादशी व्रत में भगवान विष्णु योगनिद्रा से उठकर अखिल ब्रह्माण्ड का संचालन संभालते हैं। वैदिक काल से ही कार्तिक एकादशी को तुलसी माता और शालिगराम भगवान का मंगल विवाह के साथ मांगलिक कार्य प्रारंभ होता है। देव उठनी एकादशी पर नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज के सानिध्य में नरसिंह मंदिर में तुलसी विवाह के साथ नरसिंह भगवान और शालिगराम शिलाओं का अभिषेक सहस्त्रार्चन षोडशोपचार पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। इस अवसर पर ईश्वरी प्रसाद तिवारी, रामचरण दास, लालमन मिश्रा, रामफल शुक्ला, राम जी पुजारी, हिमांशु, प्रियांशु, अमित शास्त्री सहित नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त मंडल के श्रध्दालु उपस्थित रहे।

## मध्य भारत एरिया : अटल टिंकरिंग लैब की समझी प्रक्रिया



जबलपुर, देशबन्धु। एमबी एरिया, आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 में चीफ ऑफ स्टाफ सेंट्रल कमांड, लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा ने दौरा किया। उन्होंने स्कूल में टिंकरिंग लैब, मैथ्स लैब, इंटरएक्टिव फ्लैट, पैनल्स और लाइब्रेरी का जायजा लिया। वहीं राजेन्द्र हॉस्टल, कोबरा आर्मी, प्री प्राइमरी स्कूल में संसाधनों की कमी एवं पूर्ति देखी। दौरे में एमबी एरिया के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल पीएस दाहिया, जैक आरआरसी कमाण्डेंट ब्रिगेडियर राजेश शर्मा, लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास की सहभागिता रही।

## म.प्र. विद्युत महिला मंडल ने खूबसूरत रंगोली से सजाया परिसर

**जबलपुर, देशबन्धु।** म.प्र. विद्युत महिला मंडल के तत्वावधान में दिवाली मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हुनर दिखाया। मुख्य अतिथि डॉ. अंजना तिवारी ने कहा कि दिवाली लोगों के लिए खुशियों का त्यौहार है। इस मौके पर सचिव कविता निगम, फरहत परवीन, सहसचिव डॉ. ज्योति परवार, जयश्री मुलमुले, शाला प्रबंधक डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुजाता सिंह, सचिव प्रतिभा पाणी, प्रतिभा पटेल मौजूद रहीं।



## नर्मदा परिक्रमा की व्यवस्थाओं का प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया जायजा



**जबलपुर, देशबन्धु।** अगामी 27 नवंबर को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा की व्यवस्थाओं का प्रशासनिक अधिकारियों ने भेड़ाघाट, सरस्वती घाट, लम्हेटा घाट पहुंचकर जायजा लिया। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को सुबह 8.30 बजे पूज्य संत महात्मा एवं देश के शहीद परिवारों के सानिध्य में नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकाली जाएगी। गुरूवार को प्रशासनिक अधिकारियों में अपर कलेक्टर, गोरखपुर एसडीएम, एसडीएम शहपुरा, भेड़ाघाट नगर परिषद, भेड़ाघाट थाना प्रभारी, पीडब्लूडी, तहसीलदार, पुलिस प्रशासन, पटवारी, आरआई, यातायात मेट्रो बस संचालक, गोता खोर, नाव संचालक, बिजली विभाग सहित करीब सभी विभागों अधिकारियों के साथ समिति के संरक्षक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल और अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल, संयोजक शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## नामदेव समाज ने संत नामदेव जयंती धूमधाम से मनाई




जबलपुर, देशबन्धु । संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 753 वीं जयंती पर 28वां वर्ष गढ़ाफाटक स्थित नामदेव आश्रम मध्यान 11.30 बजे हवन-पूजन के पश्चात शोभायात्रा जुलूस प्रारम्भ हुआ। शोभायात्रा जुलूस की प्रथम पंती में नामदेव आश्रम ट्रस्ट के बैनर के साथ 51 ढ़ोलों तासों की गड़गड़ाहट के साथ युवक-युवतियां अपने हाथों में धर्म-ध्वज लेकर संत नामदेव जी के जय घोष के नारे लगाते चल रहे थ। तहल्का धमाल के कलाकारों द्वारा आरर्गन वादन की धुनों की प्रस्तुतीयों से श्रद्धालुजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्याम बैंड के कलाकरों ने धार्मिक धुनों की प्रस्तुतियों से शोभायात्रा जुलूस मार्ग धर्ममय हो गया था। नृत्य दल दलदल घोड़ी नृत्य की प्रस्तुति को भी सराहा गया। शोभायात्रा में सजी-धजी बैलगाडी में संत नामदेव जी की विशाल प्रतिमा विराजमान थी जनाकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में महापौर जगत बहादुर अन्नु एंव विधायक विनय सक्सेना, एमआईसी सदस्य पार्षद अमरीश मिश्रा, आदि के साथ नामदेव नवयुवक सभा के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज नामदेव, भोजराज नामदेव, सीताराम नामदेव, डॉ. सुरेन्द्र नामदेव, पुरुषोत्तम नामदेव आदि सहित नामदेव जागृत महिला संगठन की मीराबाई नामदेव, आशा नामदेव, सुजाता नामदेव, कुसुम नामदेव, शिखा नामदेव, स्वाती नामदेव, स्मिता नामदेव, अन्नपूर्णा नामदेव सहित शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभायात्रा का नेतृत्व ट्रस्ट अध्यक्ष सतीश नामदेव ने किया एंव संचालन नवयुवक सथा के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज नामदेव ने किया अन्त में आभार प्रदर्शन के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 24 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक शुक्लपक्ष की द्वादशी। नक्षत्र-रेवती।**

**मेष -** कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है।

**कर्क** अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**वृषभ** आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। सरकार या नियम विरोधी कामों से दूर रहें।

**मिथुन** आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है।

**कन्या** आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क. 289-378

**तुला** आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**मकर** जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। भाइयों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे।

**वृश्चिक** साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**कुंभ** अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**धनु** आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**मीन** आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

मा. 268-448

1,9,7,4,11,95,75,41,12,99,21,70

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री का आज नगरागमन

**जबलपुर,देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस व ई-ग्राहक एप के विशेषज्ञ जय गणेश का दिल्ली से आज 24 नवम्बर को नगरागमन हो रहा है। यह एप अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा ग्राहक द्वारा ग्राहक हित में जारी किया जायेगा। इस एप का मुख्य उददेश्य रोजगार सृजन करना व प्रदान करना है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ग्राहकों के हित के लिए 50 वर्षों से कार्य कर रहा है अभी ग्राहक पंचायत का स्वर्ण जयंती वर्ष भी चल रहा है। आज का युग एवं हर कार्य डिजिटल हो गया है यह देखते हुए ग्राहक पंचायत को ग्राहक हित में एक ऐसे एप की आवश्यकता महसूस हुई, जो ग्राहकों की समस्या घर बैठे निपटा सके। कार्यक्रम होटल मिड जरनी, करमेता रोड, श्रीराम कालेज के सामने, जबलपुर में आयोजित किया गया है जिसमें मंडला, सागर, बालाघाट, डिंडौरी, सतना, रीवा व जबलपुर के स्थानीय श्रीराम कॉलेज के छात्र भाग लेंगे।

## कोरी समाज ने वीरांगना झलकारी बाई का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कोरी-कोली समाज ने 1857 की क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना झलकारी बाई कोरी का जन्मोत्सव जबलपुर कोरी समाज ने बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के झण्डा चौक, गौरीघाट में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर वीरांगना झलकारी बाई के जीवन का महत्व बताकर उनको याद किया गया। वीरांगना के चित्र पर माल्यार्पण कर मिष्ठान्न का वितरण किया गया। मंच पर समाज की अग्रणी महिलाओं का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वीरांगना जन्मोत्सव के मौके पर नगर निगम महिला सफाई कमियों को श्रीफल और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार कोरी, जिलाध्यक्ष राकेश कोरी, महिला अध्यक्ष कल्पना विनोदिया, पार्षद रेणु राकेश कोरी, पार्षद शारदा कुशवाहा, एड. अभिलाषा कोरी. सविता कोरी, सीमा कोरी, ज्योति कोरी, सृष्टि कोरी, पूजा कमल, विनीता पैगवार, कमलेश दीवान, सतीश कोरी, विष्णु विनोदिया, लोकचन्द कोरी, डी.पी. कमल, महेश बाबा, लोकेश कोष्टा, एड. गौरव विनोदिया, राजा कटरहा, लोकेश कोरी, हेमन्त साक्य, सुशील कोरी, संतोष कोरी, संजय कोरी, सुचित विनोदिया, श्रवण विनोदिया, अनूप पैगवार, धरमू कोरी, अभिलाष कोरी, राजू कोरी, प्रतीक कोरी, अरविन्द कोरी, पुनीत दीवान, मनोज कोरी, आदित्य कोरी, संदीप कोरी, विजय कोरी, रामस्वरूप कोरी, सुनील मूर्तिकार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गणमान्य नागरिक महिला, पुरुष, युवक युवतियों सहित सामाजिक बंधुगण उपस्थित रहे ।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री मंजीत सिंह-** गोरखपुर लोधी मोहल्ला निवासी श्री मंजीत सिंह (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण प्रसाद पाण्डेय-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री नारायण प्रसाद पाण्डेय (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती निहार दास-** मड़ई बिलपुरा व्हीकल निवासी श्री अमूल्य दास की धर्मपत्नी श्रीमती निहार दास (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला पटेल-** शिवाजी नगर माढ़ोताल निवासी श्री सुरेंद्र कुमार पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला पटेल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती निर्मला तिवारी-** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री राधाकृष्ण तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला तिवारी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला ओझा-** तुलसी मोहल्ला बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री कुंदन प्रसाद ओझा की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला ओझा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री किशोर शर्मा-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री किशोर शर्मा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई रैकवार-** पुरानी बस्ती माढोताल निवासी श्री नत्थू लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई रैकवार (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुनील पारस-** टैगोर नगर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री सुनील पारस का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश-** तुलसी मोहल्ला शीतलामाई वार्ड घमापुर निवसी श्री जगदीश (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष नामदेव-** गली नं. 15, सदर निवासी संतोष नामदेव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न

## डीए एरियर्स की राशि का भुगतान न होने से कर्मचारियों में रोष

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी-कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि चार प्रतिशत मंहगाई भत्ते की राशि का एरियर्स कर्मचरियों को अक्टूबर, नवंबर एवं दिसम्बर माह में दिए जाने के स्पष्ट आदेश शासन ने जारी किए थे। लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों एवं बाबुओं की उदासीनता के चलते डीए एरियर्स की राशि का भुगतान आज तक नहीं हो पाया। जिससे अधिकारियों-कर्मचारियों में बेहद रोष व्याप्त है। संघ ने आगे बताया कि कर्मचारियों की दीपावली एरियर्स की राशि नहीं मिलने के कारण बहुत ही फीकी रही। जिसकी वजह से कर्मचारियों में निराशा का वातावरण बना रहा। शासन के स्पष्ट आदेश होने के बावजूद एरियर्स की राशि कर्मचारियों के खाते में नहीं पहुंचाना समझ से परे है। आखिर समय पर शासन के आदेश का पालन क्यों नहीं किया जाता, यह अपने आप में बहुत बड़ा सवाल है। संघ जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, दिनेश गौंड़, राकेश श्रीवास, हेमन्त ठाकरे, रऊफ खान, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, विनोद सिंह, फिलिफ अन्थोनी, क्रिस्टोफर नरोन्हा, सुधीर अवधिया, सुधीर पावेल, धनराज पिल्ले, वीरेन्द्र श्रीवास, एस.बी.रजक, मनीष मिश्रा, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, संतोष चैरसिया, गोपीशाह, योगेश ठाकरे, रामकुमार कतिया, सुखराम विश्वकर्मा, आदि ने कलेक्टर से मांग की है, कि जिन विभागों में चार प्रतिशत मंहगाई भत्ते के एरियर्स की राशि का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। उन विभागों को सख्त हिदायत दी जाए कि अतिशीघ्र एरियस की राशि का भुगतान किया जाए।

# प्लास्टिक गोदाम और दुकान में लगी भीषण आग, बुझाने में लगी दमकल विभाग की 10 से अधिक गाड़ियां





**जबलपुर, देशबन्धु।** ओमती थाना अंतर्गत गलगला स्थित झूलेलाल मंदिर के पास कृष्णा प्लास्टिक दुकान और गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। यह घटना गुरुवार को रात 8 की बताई जा रही है। आग ने थोड़े ही देर में विकाराल रूप ले लिया। हर तरफ धूंआ ही धूंआ ही पसरा रहा। जिसने भी यह मंजर देखा उसकी सांसे थम गई। क्षेत्रीयजनों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां आग बुझाने के काम में जुट गई।

बताया जा रहा है कि ये आग शार्ट सर्किट के कारण पहले दुकान और फिर गोदाम में आग लगी, और फिर धीरे-धीरे चारों तरफ फैल गई। मामले की जानकारी लगते ही मौके पर ओमती थाना पुलिस भी पहुंच गई।

### लाखों का माल जलकर राख

जिस दुकान और गोदाम में यह आग लगी है, वहां पर प्लास्टिक की वस्तुएं रखी और बेची जाती हैं। जिनकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। हादसे की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक दमकल विभाग द्वारा अभी भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। वही रिहायशी एरिया होने के कारण आग फैलने का भी खतरा बना हुआ है। दमकल विभाग की टीम द्वारा युद्ध स्तर पर आग पर काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। देर रात तक अग्निशमन द्वारा आग बुझाने की कवायद चलती रही।

## क्राईम ब्रांच एवं ग्वारीघाट पुलिस ने सट्टा लिखते सटोरिया पकड़ा गया

### नगद समेत 3 मोबईल एवं 2 कैल्कुलेटर जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत खारी घाट रोड पर



क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस ने सट्टा लिखते सटोरियों को पकड़ा है। इस संबंध में ग्वारीघाट थाना प्रभारी संजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुरूवार को क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि खारीघाट रोड ग्वारीघाट में एक युवक अंको पर सट्टा पट्टी लिख रहा है। सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं थाना ग्वारीघाट की टीम द्वारा खारीघाट रोड ग्वारीघाट मे दबिश दी गई। जहां एक युवक सट्टा पट्टी लिख रहा था, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजय बर्मन उम्र 41 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती थाना ग्वारीघाट बताया। पुलिस ने जिसकी तलाशी लेते हुये कब्जे से 06 नग सट्टा पट्टी, 02 कैल्कुलेटर 03 एन्ड्राईड मोबाईल एवं नगद 2020 रूपये जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## मोटर सायकिलों में टक्कर, एक घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी थाना में शाम सज्जन बर्मन निवासी ग्राम हिनौता मझौली ने बताया कि गुरूवार सुबह उसके पिता वासुदेव बर्मन अपने दोस्त कुमार बादल गौतम के साथ उनकी मोटर सायकिल में पीछे बैठकर लखनादौन जा रहे रहे थे, सुबह जैसे ही रमनपुर घाटी के पहले पहुंचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एन एफ 8944 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये कुमार बादल गौतम की मोटर सायकिल में टक्कर मार दिया। जिससे उसके पिता एवं कुमार बादल गौतम गिर गये। मोटर सायकिल चालक अपनी मोटर सायकिल से धूमा तरफ भाग गया। गिरने से दोनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं उसने सूचना मिलने पर दोनों घायलों को उपचार के लिये एमएच अस्पताल में भर्ती कराया है।

# तीन जुआफड़ों पर पुलिस का छापा, 17 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के तीन थाना क्षेत्रों में संचालित हो रहे जुआफड़ों में पुलिस ने छापा मारकर 17 जुआरियों को पकड़ा है। इसमें बेलखेड़ा, शहपुरा और हनुमानताल क्षेत्र शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि बेलखेड़ा थाना में बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि खैरमाई के पास लम्हेटा मे कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां कुछ जुआरी जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। जिन्होंने क्रमशः अपने नाम लाखन सिंह लोधी, रामेश्वर ठाकुर, दोनों निवासी लम्हेटा, बलराम सिंह लोधी, वीरेन्द्र सिंह लोधी दोनो निवासी ग्राम इमलिया बताये जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के पत्ते एवं 2 हजार 410 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार शहपुरा थाना में बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि थाने के पीछे वार्ड नम्बर 2 शहपुरा में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने तत्काल सूचना पर मौके पर दबिश दी। जहां जुआरी पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये जुआरियों ने अपने नाम क्रमशः संजय सैनी, विनय सेन, टीकाराम नामेदव, छोटू चैधरी शरद रजक, अमर चौधरी, अभिनव ओंडेला, राजू ठाकुर सभी निवासी वार्ड नम्बर 2 शहपुरा, विक्कू साहू निवासी वार्ड नम्बर 14 शहपुरा, बताये जुआरियों के पास ताश के पत्ते एंव 1 हजार 450 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी कड़ी में हनुमानाल थाना पुलिस ने गुरूवार को सूचना पर खाई मोहल्ले में दबिश देते हुये अंकित निवासी भरतीपुर ओमती, आशीष निवासी खाई मोहल्ला, तथा शिवम एवं सतीष दोनो निवासी कोरी मोहल्ला हनुमानताल को जुआ खेलते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया। जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एंव 1010 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## गांजा तस्करी करते युवक पकड़ा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत पुरान रेलवे क्रॉसिंग एमजीएम स्कूल के पास पुलिस की चैकिंग के दौरान पुलिस ने मोटर सायकिल सवार को पकड़ा है जिसके पास से गांजा बरामद किया गया है।

इस संबंध में गोरखपुर थाना प्रभारी एम.डी. नागोतिया ने बताया कि पुराना रेल्वे क्रॉसिंग एमजीएम स्कूल के पास एक मोटर सायकिल चालक अपनी मोटर सायकिल को तेज रफ्तार से चलाता हुआ आ रहा था, जो पुलिस की गाड़ी देखकर अपनी पल्सर मोटर सायकिल को रोककर पलटकर भागने लगा। भागते समय मोटर सायकिल बंद होकर गिर गई तो मोटर सायकिल चालक एक काले सफेद रंग की पोट्री लेकर एमजीएम स्कूल की तरफ भागा। जिसे पीछा कर पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम पिन्टू उर्फ पिन्टा गुप्ता उम्र 29 वर्ष निवासी कैलाशपुरी गोरखपुर बताया जो तलाशी लेने पर पोट्री में गांजा रखे मिला एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये तौल करने पर 2 किलो गांजा होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 किलो गांजा एवं पल्सर मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एन एच 7752 जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे अभ्यर्थियों के मतगणना एजेंट

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने किसी भी निर्वाचन में केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियों और सांसदों, विधानसभा एवं विधान परिषदों के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती और न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियों की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता बनने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नहीं दी जा सकती है।

## बिना सूचना और स्वीकृति के छुट्टी पर गया अधिकारी निलंबित

### मानदेय स्वीकृत हो जाने के बाद भी भुगतान संभव नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्यालय कमिश्नर, जबलपुर संभाग, जबलपुर से जारीआदेश क्रमांक / 1247/ क्षेत्रीय शाखा-1/2023, जबलपुर, दिनांक नवम्बर, 2023 में लिखा है कि, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला कटनी के पत्र क्रमांक/क्रमांक/1973/सामा. निर्वा./2023 दिनांक 22/11/2023 में प्रतिवेदित किया गया है कि, शैलेष कुमार गुप्ता, जिला कोषालय अधिकारी, कटनी को विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतदान दलों के मानदेय वितरण के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा निर्वाचन के लिये दिनांक 17/11/2023 को सम्पन्न हुये मतदान कार्य में लगे मतदान दलों को मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। श्री गुप्ता बिना सूचना तथा बिना अवकाश स्वीकृति के 7 दिवस के अर्जित अवकाश का आवेदन प्रस्तुत कर मुख्यालय छोड़कर चले गये है।

कटनी के जिला कोषालय अधिकारी शैलेष कुमार गुप्ता सस्पेंड

उनके बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने के कारण मतदान दलों को मानदेय का भुगतान करने में विलम्ब हुआ है। श्री शैलेष गुप्ता द्वारा अवकाश आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय यह भी ध्यान नहीं दिया गया कि उनकी अनुपस्थिति में IFMIS से भुगतान संभव नहीं है। नस्ती पर मानदेय स्वीकृत हो जाने के बाद भी पर भुगतान संभव नहीं हो सका। श्री गुप्ता द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से नहीं लिया गया तथा पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता, लापरवाही बरती गई है। बिना अवकाश स्वीकृति के मुख्यालय छोड़ने तथा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण श्री शैलेष कुमार गुप्ता, जिला कोषालय अधिकारी, कटनी को कलेक्टर, कटनी द्वारा निलंबित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 श्री शैलेष कुमार गुप्ता का उपरोक्त कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। अतः निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से नहीं लेने, पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता, लापरवाही बरतने, बिना अवकाश स्वीकृति के मुख्यालय छोड़ने, मतदान दलों के मानदेय का वितरण नहीं करने के फलस्वरूप श्री शैलेष कुमार गुप्ता, जिला कोषालय अधिकारी, कटनी को मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, कटनी नियत किया जाता है। श्री गुप्ता को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

# ट्रांसपोर्ट जमीन मामले में चार्जशीट पेश करने के आदेश

## पुलिस को हाइकोर्ट ने दिए निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ट्रांसपोर्ट नगर चंडालभाटा में फर्जी नक्शा बनाकर जमीन हड़पने से जुड़े मामले में 11 साल पहले हुई एफआईआर के संबंध में पुलिस को चार्जशीट पेश करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल धगट ने मामले पर अगली सुनवाई 2 जनवरी 2024 को निर्धारित की है।

गौरतलब हैं कि जबलपुर निवासी एसपी गुप्ता ने याचिका दायर कर आरोप लगायाकि गोहलपुर पुलिस थाने में उनकी शिकायत पर ट्रान्सपोर्ट नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश अग्रवाल और सुधीर जैन के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं के तहत वर्ष 2012 में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामला भूखण्ड के नक्शे में हेरफेर कर जमीन हड़पने से जुड़ा है। हाईकोर्ट ने 26 सितंबर को एसपी जबलपुर, एसएचओ गोहलपुर, राजेश अग्रवाल व सुधीर जैन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गईकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश के बावजूद अभी तक इस मामले में चालान पेश नहींकिया गया है।




मामले पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को बताया गयाकि एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की और न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की अदालत में क्लोजर रिपोर्ट पेश की। ट्रायल कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट को अस्वीकार करते हुए पुलिस को चार्जशीट पेश करने कहा था। इसके बाद पुलिस ने दोबारा मामले की जांच की और 2015 में पुनः क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत की। क्लोजर रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद अधीनस्थ अदालत ने उसे फिर से निरस्त कर दिया।

## सेवानिवृत्त बिजली कर्मी को इंक्रीमेंट का लाभ दें: हाईकोर्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाई कोर्ट ने सेवानिवृत्त बिजली कर्मी के हक में राहतकारी आदेश पारित किया। इसके तहत इंक्रीमेंट का लाभ प्रदान करने कहा गया है। न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि 30 जून को सेवानिवृत्त याचिकाकर्ता को एक जुलाई से इंक्रीमेंट का लाभ देते हुए पेंशन का पुनर्निर्धारण किया जाए। याचिकाकर्ता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से सेवानिवृत्त नारायण प्रसाद चढार की ओर से अधिवक्ता डॉ. एकनाथ ज्योतिषी व कल्पना-कल्याण ज्योतिषी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के पूर्व न्यायदृष्टांतों की रोशनी में महज एक दिन पूर्व सेवानिवृत्त होने के आधार पर वार्षिक वेतनवृद्धि से वंचित नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर याचिकाकर्ता को राहत प्रदान कर दी।



## लायंस क्लब ने पारिवारिक दिवाली मिलन का किया आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** समाज में अग्रणी लायंस क्लब जबलपुर विगत 63 वर्षो से लगातार अपने सेवा कार्यो से जबलपुर क्षेत्र में प्रकाशित कर रहा है। इसी तारतम्य में प्रकाश के पर्व दीपावली के अवसर पर पारिवारिक दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन के साथ रीन आर्किड के चेयरमेन लायन कमलकांत गुमास्ता एवं जोन चेयरमेन एमजेएफ लायन हरिलाल पटेल की आधिकारिक यात्रा में सम्पन्न कराई। कल्ब अध्यक्ष वरिष्ठ लायन ज्ञानचंद्र गोलछा, सक्रिय सचिव एमजेएफ लायन उमेशजैन एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर लायन राजीव अग्रवाल द्वारा आयोजित शानदार कार्यक्रम में सभी परिजनों ने लायन पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हाउजी मनोरंजक कार्यक्रम एवं सुस्वाद रात्रिभोज का लुत्फ उठाया। ध्वज वंदना श्वेता तिवारी स्वागत भाषण अध्यक्ष ज्ञान गोलछा द्वारा सचिव प्रतिवेदन एमजेएफ लायन उमेश जैन द्वारा रीजन चेयरमेन का परिचय लायन मनीषा सोनी द्वारा एवं जोन चेयरमेन एफजेएफ लायन हरीलाल पटेल का परिचय लायन प्रबोध तिवारी द्वारा आर्शीवचन पीडीजी एमजेएफ लायन राजीव अग्रवाल एवं आभार लायन आनंद जैन द्वारा किया गया।

रीजन चेयरमेन लायन गुमास्ता ने क्लब के उत्कृष्ठ सेवाकार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा जोन चेयरमेन ने जोन का सर्वश्रेष्ठ क्लब बताया। इस कार्यक्रम में लायन ए के देशमुख, लायन एमके सोनी, दयाराम पटेल, जवाहर पटेल, शरद गोलछा, लक्ष्मी महावर, प्रबोध तिवारी, महेश चौरडिया उपस्थित रहे। मनोरंजन कार्यक्रम लायन अंकिता जैन द्वारा सम्पन्न कराया गया अति उम्दा कार्यक्रम का अति सुंदर एवं व्यवस्थित संचालन दीपावली धार्मिक महत्व सहित क्लब के वरिष्ठ लायन मंगलच्रद टाटिया द्वारा किया गया।



## जेएनकेविवि के बाहर जमे अतिक्रमण पर चली जेसीबी

### दल-बल के साथ ढहाए गए अवैध अतिक्रमण

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता गुरूवार को दल-बल के साथ नगर निगम से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के बाहर जमे अवैध अतिक्रमण को ढहाने सहायक आयुक्त सागर बोरकर के नेतृत्व में रवाना हुआ। गुरूवार दोपहर को पहुंचे अतिक्रमण दस्ते ने अवैध अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया और कब्जाधारियों को समझाईश देते हुए वहां दोबारा कब्जा न करने की बात कही।

विदित हो कि गत दिवस जिम्मेदारों को मुंह चिढ़ा रहे जेएनकेविवि के बाहर जमे अतिक्रमण की खबर को यशभारत के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद जिम्मेदार अधिकारी हरकत में आए और उन्होनें तत्काल एक्शन लेने टीम रवाना की। जानकारी के अनुसार जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों में हुए निर्वाचन के बाद प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम-व्हीव्हीपेट मशीनों में कैद होकर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में बने स्ट्रांग रूम में कड़े पहरे में है। लेकिन विवि के बाहर सड़क किनारे जमे अवैध अतिक्रमण से एक ओर जहां जाम के हालात निर्मित हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा में चूक का भी अंदेशा लगाया जा रहा था। क्योंकि जो लोग यहां दुकान सजाकर बैठे थे वो जबलपुर के रहवासी नहीं हैं।

## ईवीएम के कंट्रोल यूनिट का डिस्पले पैनल देख सकेंगे उम्मीदवार एजेंट

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा के लिए 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के दौरान ईवीएम के कंट्रोल यूनिट पर रिजल्ट बटन दबाते समय प्रत्याशियों के एजेंट को डिस्पले पैनल दिखाया जायेगा । मतगणना सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करेंगे कि एजेंटों को डिस्पले पैनल दिखाया जाए ताकि वे प्रत्येक प्रत्याशी के पक्ष में डाले गए वोट की गिनती कर सकें, जो कंट्रोल यूनिट के डिस्पले पैनल पर प्रदर्शित होंगी।



इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आवश्यकता होने पर मतगणना सहायक को कंट्रोल यूनिट को इस प्रकार उठाकर रखना होगा कि डिस्पले पैनल न सिर्फ मतगणना का सुपरवाइजर बल्कि मतगणना टेबिल पर बैठे दूसरे मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर और जाली की दूसरी ओर बैठे प्रत्याशी के एजेंट को भी दिखाई दे। यदि कोई एजेंट ईवीएम पर एक बार से अधिक रिजल्ट देखने की इच्छा व्यक्त करता है तो मतगणना सुपरवाइजर को उसके संतोष के लिए फिर से रिजल्ट दिखाना होगा। आयोग ने यह निर्देश भी दिए हैं कि जब प्रत्येक मतदान की टेब्ल्युलेशन शीट (फार्म 17 सी) रिटर्निंग आफीसर की मेज पर आ जाती है तो रिटर्निंग आफीसर का कर्तव्य होगा कि रिटर्निंग आफीसर टेबिल पर बैठे प्रत्याशी, उसके एजेंट, मतगणना एजेंट को प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रत्येक प्रत्याशी को रिजल्ट को नोट करने दें।

# साप्ताहिक बाजार से लगता है नगर में जाम

## जाम में फसी एम्बुलेंस, खतरे में पड़ी मरीज की जान, परिजन हुए परेशान




**पाटन, देशबन्धु।** नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में कमानिया गेट से लेकर आदर्श मेडिकल तक जाम लगता हैं जिसकी वजह से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। नगर के कमानिया गेट से आदर्श मेडिकल के बीच में सिविल अस्पताल हैं जहां नगर के साथ-साथ सैकड़ों की तादात में ग्रामीण अपना इलाज कराने पहुंचते हैं, वही मरीजों को लाने ले जाने वाली एंबुलेंस भी आय दिन जाम में फसी देखी गई हैं जिसके कारण मरीजों की जान पर बन आती हैं। साप्ताहिक बाजार के दिन जाम की स्थिति और अधिक विकराल हो जाती हैं जब सब्जी दुकानदार सीसी सड़क पर ही दुकान लगा लेते हैं, वही हाथ ठेलों में सब्जी एवं अन्य सामान बेचने वाले दुकानदार भी बीच सड़क पर हाथ ठेला खड़ा करके दुकान चलाते हैं जो जाम लगने का मुख्य कारण हैं। ग्रामीण रोहित पटेल ने बताया कि पाटन नगर की मुख्य सड़क पर सबसे ज्यादा जाम की स्थिति सब्जी वालों की वजह से निर्मित होती हैं वही सब्जी की दुकानों के सामने टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहनों को सड़क पर खड़ा कर दिया जाता हैं जिसकी वजह से जाम लग जाता हैं। राहगीरों ने बताया की पाटन मनकेडी मार्ग पर हमेशा अत्याधिक ट्रैफिक रहता हैं। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों की तादात में वाहनों का आना जाना हर समय लगा रहता हैं परंतु आदर्श मेडिकल से कमानिया गेट तक सड़क किनारे लगने वाले सब्जी के ठेलों की वजह से हमेशा जाम लगता हैं और निकाय प्रशासन एवं पुलिस विभाग मौन धारण करके तमाशा देख रहा हैं।

**इनका कहना**

साप्ताहिक बाजार के दिन लगने वाले जाम के संबंध में सीएमओ ने बताया कि अभी चुनाव से फ्री हुए हैं। नगर की मुख्य सड़क पर सब्जी दुकानदारो के कारण जाम लगता हैं में थाना प्रभारी से बात करके जल्द ही सक्त कार्यवाही के निर्देश देता हूं।

**सीएमओ नीलम गोवर्धन सिंह चौहान,**
नगर परिषद पाटन

# प्रबोधनी एकादशी पर बंजारी माता मन्दिर में हुआ तुलसी सालिगराम विवाह

## सैकड़ों महिलाएं हुईं शामिल, भजनों का गायन कर जमकर नाचीं



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम में गुरूवार को देवउठनी एकादशी पर क्षेत्र के प्रसिद्ध देवालय बंजारी माता मंदिर में मन्दिर में विशेष साज सज्जा के साथ गन्नों का विशाल मंडप सजाया गया था,प्रात:कालीन बेला में गांधीग्राम सहित आसपास के ग्रामों की महिला भक्तमण्डल बड़ी संख्या में मन्दिर परिसर में एकत्रित हो गये।सर्वप्रथम मन्दिर पुजारी पंडित हरिप्रसाद तिवारी ने दीपोत्सव की तरह देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह की तरह मनाए जाने के लिए रंगोली सजा कर, चावल का घोल तैयार कर उसमें अल्पना व कुशियारी चौक बनाया गया।केले के पत्तल में भगवान श्रीगणेश के साथ भगवान शालिग्राम व तुलसी को गन्नों के मंडप के बीचोंबीच स्थापित कर पूजन-अर्चन कर दीपावली की तरह दीप सजाकर भगवान श्री विष्णु की व तुलसी जिसे मां लक्ष्मी के रूप मे माना जाता है, इसलिए मां लक्ष्मी व भगवान श्रीविष्णु का स्मरण करते हुए पूजा अर्चना की गई। ढोल नगाड़ों, मृदंगों की थाप पर भक्ति व उल्लास के वातावरण में विधि विधान से भगवान शालीग्राम और तुलसी का विवाह कराया गया। महिलाओं ने मान्यता अनुसार तुलसी विवाह से ही देवी-देवता जागते हैं और बेटी स्वरूपा मान कर तुलसी का विवाह कराया। महिलाओं ने तुलसी विवाह करते हुए सुख समृद्धि की कामना की गई।

**पारंपरिक गीत गाकर लगाए मंडप के फेरे**

गांधीग्राम बंजारी माता मंदिर में सजे मंडप में सिंघाड़े, बिल्व, फूल, आंवला, मूंगफली, बेर, भाजी आदि अनेक सामग्री भेंट कर हवन, धूप, पूजा-अर्चना करने के बाद सभी द्वारा %बेर,भाजी, आमला, उठो देव सांवला% जैसे पारंपरिक गीत गाते हुए मंडप के चारों ओर चक्कर लगाते हुए पूजा कर देवों को उठाया गया।पूरा मन्दिर परिसर भजनों व भक्तिमय पारम्परिक गीतों से गूंज उठा।इस दौरान महिलाओं द्वारा नृत्य भी किया गया।

*ये रहे उपस्थित--मुख्य रूप से ललितेश सिंह बघेल, सरोज सिंह बघेल, वंदना मिश्रा,पूजा असाटी, अनुराधा तिवारी,कल्पना मिश्रा, शशि असाटी,रश्मि मिश्रा, रामप्यारी चौरसिया, सुशीला, राधा चौरसिया, सीमा त्रिपाठी, सुनीता त्रिपाठी, संध्या मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

**रात में हुई मां बंजारी की महाआरती**- मां बंजारी पुजारी हरि प्रसाद एवम पंडित भूरा पाण्डेय द्वारा गायन साथ ही 108 दीपक ज्योति वाली महाआरती, मृदंग,घन्टे, शंखों की ध्वनियों के साथ की गई, साथ ही पटाखों, फुलझडियां जलाकर आतिशबाजी की गई।महाआरती में जय माँ बंजारी सेवा समिति के अध्यक्ष अरविंद सिंह गौर,बसन्त तिवारी,सोनू कुररिया, प्रकाश मिश्रा, भूपेन्द्र चौरसिया,योगेन्द्र मिश्रा,शिवदत्त मिश्रा, मुकेश कुमार, पंडित नारायन तिवारी, नरेंद्र चौबे , पौराणिक सुधीश त्रिपाठी, भानू प्रताप सिंह,आशीष त्रिपाठी,गगन असाटी, बलराम असाटी, लक्ष्मी असाटी, राजू सोनी,पप्पू चौरसिया, अर्पित चौरसिया,आलोक पाठक, विक्की चौरसिया, सुधीश त्रिपाठी,सजल पांडे ,नरसिंह ठाकुर सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सार-समाचार

### बिना हैलमेट 15 वाहन चालकों के कटे चालान, 53 सौ रुपए वसूला जुर्माना

#### पाटन थाने के सामने बना चैकिंग प्वाइंट

**पाटन, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के निर्देशानुसार पाटन थानांतर्गत,सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य को लेकर नगर एवं ग्रामीण इलाकों के ऐसे दो पहिया वाहन चालक जो बिना हेलमेट धारण किए वाहन चलाते है। ऐसे बाईक सवारों की चलानी कार्यवाही पाटन थाना प्रभारी नवल आर्य के मार्गदर्शन में पाटन थाने के सामने चैकिंग पॉइंट बना कर की गई। थाने से मिली जानकारी के अनुसार बिना हेलमेट लगाए ऐसे 15 मोटर साईकिल सवारों के चालान काटे गए जिनसे 53 सौ रुपए की राशि जुर्माने के तौर पर वसूली गई।

### राज्य स्तरीय शैक्षिक संवाद में नरेंद्र मांझी की सहभागिता



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय शैक्षिक संवाद भोपाल में सीखना सिखाना और प्रश्न मंच संवाद में हमारे जिले जबलपुर से नरेंद्र मांझी संकुल सह समन्वयक साक्षरता मिशन जिला जबलपुर ने शैक्षिक संवाद में अपनी भूमिका प्रेषित कर जिले का प्रतिनिधित्व किया,और सीखने सिखाने संबंधी विषयों पर बहुत अच्छे तरीके से संप्रेषण किया। शिक्षकों द्वारा इस अवसर पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

### गन्ने के मंडप में सालिगराम तुलसी का हुआ विवाह

#### एकादशी में ग्यारह हजार दीपों से जगमगाया शिव घाट मंदिर



**गोसलपुर, देशबन्धु।** प्रबोधिनी एकादशी पर गोसलपुर के राम मन्दिर,रामसागर तालाब स्थित शिव घाट मंदिर में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया इसके साथ ही भगवान विष्णु को गन्ना कंद और सिंघाड़ा चढ़ाकर विधिवत पूजा की गई देवउठनी ग्यारस के अवसर पर गोसलपुर क्षेत्र के राम मन्दिर,प्रसिद्ध शिवालय शिव घाट मंदिर में मंदिर समिति के संयोजन में एवं भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में दीपक प्रज्वलित करते ही पूरा मंदिर प्रांगण दीपों की रोशनी से जगमगा उठा भक्तों द्वारा मंदिर में गन्ने का मंडप बनाकर भगवान शालिग्राम माता तुलसी का विवाह किया।

रात में शिव घाट मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण को रंगोली के रंगोली से सजाया गया मंदिर में शाम के समय लोग परिवार सहित पहुंच गए महिलाओं ने तुलसी का पौधा मंदिर में स्थित तुलसीकोट पर रखा तुलसी के गमले के ऊपर गन्ने का मंडप सजाया और तुलसी देवी पर समस्त सुहाग की सामग्री के साथ लाल चुनरी चढ़ाई विधिवत तुलसी विवाह का आयोजन कर मंगल गीत तो गाय ही मंत्र उच्चारण कर सुमंगल की मनौती मांगी गई साथ ही मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं विष्णु भगवान शनि भगवान गणेश जी राम दरबार शिवलिंग साईं बाबा हनुमान जी का पूजन अर्चन किया गया भगवान विष्णु के समक्ष महिलाओं ने दीप रखकर प्रार्थना की बड़ी संख्या में महिलाएं अपने अपने घरों से दीप लेकर पहुंची पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु आज के दिन से क्षीर सागर में जाग गए थे अब शुभ कार्य विवाह शादी आदि शुरू करने का मुहूर्त प्रारंभ हो गया है इस मौके पर मंदिर समिति के सदस्य साईं सेवा समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे भक्तजन उपस्थित थे तत्पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया।

# नगर वासियों को उपलब्ध नहीं हो पा रही है मेट्रोबस की सुविधा

**बरेला, देशबन्धु।** विगत एक माह से बंद हुई मेट्रो सेवा नगर वासियों को हाई कोर्ट द्वारा जबलपुर सिटी बस सर्विस लिमिटेड को स्टे मिलने के पश्चात भी आज तक पुन: चालू न होने से. नगर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शहर प्रतिदिन जाने वाले कामकाजी, व्यवसाईयों एवं पढ़ने वाले छात्र- छात्राओं को शहर आने जाने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्हें बसों एवं ऑटो में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है इसके साथ ही उन्हें ऑटो चालक एवं बस द्वारा मनमाना किराया भी देना पड़ रहा है।इसके कारण गरीब तबके के विद्यार्थी जबलपुर आने जाने से वंचित होकर शिक्षा भी ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं।मेट्रो बस में मासिक पास होने के कारण लोगों को कम. शुल्क में शहर आने जाने की सुविधा मिल जाती है वहीं दूसरी ओर शहर आने जाने के लिए न्यूनतम ?100 खर्च करना पड़ रहा है। जबलपुर शहर आने जाने के लिए क्षेत्र के निम्न आय के वर्ग के लोगों को अपनी आय का अधिकांश हिस्सा केवल किराए में ही खर्च करना पड़ रहा है जिसके कारण उनकी बचत भी प्रभावित हो रही है। जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड के पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमजन की होने वाले इस समस्या से कोई सरोकार नहीं है।यही कारण है कि आज तक इस सेवा को पुन: बहाल करने के लिए कोई भी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है जिसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ रहा है। नागरिकों ने मेट्रो बस सेवा को पुन: चालू की जाने की मांग की है ताकि लोगों को न्यूनतम शुल्क में आवागवन की सुविधा मिल सके।

# 4 प्रतिशत डीए का साढ़े सात लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह,जबलपुर शाखा जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है छत्तीस गढ़ राज्य सरकार के कर्मचारियों को चार फीसदी डीए देने के प्रस्ताव को चुनाव आयोग (ईसी) ने हरी झंडी दे दी है। इसी तरह मध्य प्रदेश सरकार यदि चार प्रतिसत महंगाई भत्ता अधिकारियों और कर्मचारियों को देती है तो प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों को इसका फायदा मिलेगा।

केंद्र सरकार ने हाल ही में केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई चार फीसदी बढ़ाया है। वर्तमान में मप्र के कर्मचारियों को 42 फीसदी महंगाई भत्ता मिल रहा है। प्रदेश के करीब 7.50 लाख कर्मचारी एक जुलाई से केंद्र के समान चार फीसदी महंगाई भत्ते की मांग कर रहे थे। कर्मचारियों की मांग को देखते हुए प्रदेश सरकार ने धनतेरस की रात मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजे प्रस्ताव में कहा है कि सरकार प्रदेश के सात लाख से अधिक नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देना चाहती है। इसकी अनुमति दी जाए। मतदान के चलते चुनाव आयोग ने इसकी अनुमति न देते हुए बाद में विचार करने के लिए कहा। मतदान के बाद चुनाव आयोग ने बुधवार को छत्तीस गढ़ सरकार को इसकी मंजूरी दे दी है। अब कर्मचारियों का डीए 42 से बढ़ाकर 46 फीसदी हो जाएगा। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जबलपुर जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय,संतोष मिश्रा,नरेश शुक्ला, विश्वदीप पटेरिया, योगेश चौधरी, यू एस करोसिया, देव दोनेरिया, प्रसांत सोधिया, रविकांत दहायत, अजय दुबे, धीरेंद्र सिंह , मुकेश मरकाम ,योगेंद्र मिश्रा, सतीश उपाध्याय, विनय नामदेव, संदीप नेमा,अर्जुन सोम वंसी रवि बांगड़, अभिषेक मिश्रा, मनीष लोहिया, राकेश उपाध्याय ने शासन से चार प्रतिसत महंगाई भत्ते के आदेश जारी करने की मांग की है।

# अलहदा सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत

## अमरपाटन, मझगवां, अमदरा क्षेत्र की घटनाएं



**सतना, देशबन्धु।** जिले में अलग- अलग थाना क्षेत्रों में हुए तीन सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इन हादसों में चार व्यक्ति घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर संबंधित थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजते हुए जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।

**केस- 1**

रेवा बाई (40) निवासी बूती बावड़ी, थाना तिरला जिला धार उसका पति अर्जुन, गुडिया (45) और भतीजे दिलीप व 4-5 अन्य मजदूरों के साथ ठाकुर वास्कले के ट्रैक्टर एमपी 41 एसी 4538 में सवार होकर मजदूरी के लिए रीवा जा रहे थे। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली अमदरा थाना अंतर्गत बाइपास पर पहुंची, तभी पीछे से आए ट्रक एमपी 28 जी 4705 के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रॉली में सवार रेवा बाई समेत अन्य मजदूर घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने रेवा बाई को मृत घोषित कर दिया।

**केस- 2**

थाना मझगवां प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि दिलीप डोहर पिता कामता प्रसाद (22) निवासी करौंदी थाना सभापुर बुधवार शाम मोटर साइकिल लेकर घर से निकला लेकिन वापस नहीं पहुंचा। तलाश के दौरान गुरुवार सुबह उसका शव चितहरा में हरदौहा नाले के मोड़ पर मिला। शव के पास ही उसकी मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हालत में मिली। पुलिस को आशंका है कि मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होने से टकराई और गहरी चोट लगने से चालक की मृत्यु हो गई। मृतक के पास मिले फोन और बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने परिजनों का पता लगाते हुए घटना की जानकारी दी।

**केस- 3**

अमरपाटन पुलिस के अनुसार, रामकरण पिता दशरथ साकेत (35) निवासी ककरा बुधवार रात 3 बजे शौच के लिए हाइवे की तरफ गया था। जहां सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टककर मार दी। टक्कर से आई गंभीर चोट के कारण उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान लेकर मामले की जांच कार्यवाही शुरू की है।

# स्कूली ऑटो में भेड़-बकरियों की तरह भरते हैं छात्र, प्रशासन मौन

## कई घटनाएं हो चुकी फिर भी नहीं जाग रहा प्रशासन

**रीवा/मऊगंज देशबन्धु।** माता-पिता अपने बच्चे यानी जिगर के टुकड़े को शिक्षा ग्रहण करने के लिए विभिन्न साधनों से स्कूल भेजते हैं। किसी दुर्घटना से अनजान यह सभी सुविधा तो उपलब्ध कराते हैं, लेकिन किसी दुर्घटना से अनभिज्ञ अभिभावक भगवान भरोसे बच्चों को वाहनों में भेज तो देते हैं। पर इनके सुरक्षा की जिन पर जिम्मेदारी है। वह नियमों को ताक पर रखकर कार्य कर रहे हैं। सरकार ने तो नियमों को सख्त करने का दावा किया है। लेकिन आज भी इन नियमों का पालन समूचे अंचल में नहीं हो रहा है। इस पूरे के पूरे सौदे में जहां स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार है। जिस सच पर अभी तक पर्दा पड़ा हुआ है।

जानकारी बकायदा परिवहन विभाग को भी रहती है

शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों में कुछ बसें भी लगाई गई हैं जिनकी जानकारी बकायदा परिवहन विभाग को भी रहती है। लेकिन इन बसों के अलावा समूचे अंचल में कितने ऑटो कितने वैन किन-किन स्कूलों में लगी है। क्या स्कूलों में इन वाहनों को हरी झंडी दी है। इस बात की जानकारी ना तो पुलिस को है और ना ही परिवहन विभाग को। समूचे अंचल में सैकड़ों की तादाद में यह वाहन बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पर प्रशासन मौन धारण किए हुए हैं।



परिवहन विभाग के सूत्रों की अगर मानें तो जिन स्कूलों के बच्चों को स्कूल बस, मारुति वैन या अन्य संसाधनों के माध्यम से स्कूल तक पहुंचाया जाता है। उस स्कूल के माध्यम से उस वाहन की अनुमति होनी चाहिए तथा वाहन कंडम ना हो, एवं बच्चों की संख्या निर्धारित हो। साथ ही परिवहन और पुलिस विभाग को इसकी जानकारी हो। यह सरकारी नियम कहता है। लेकिन यहां नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

**क्षमता से कई गुना ज्यादा बच्चों को बैठाते हैं:** मऊगंज एवं रीवा जिला मुख्यालय तथा अंचल में सैकड़ों से अधिक ऑटो, वैन, छोटा हाथी बच्चों को ढोने का काम कर रहे हैं। जिसमें क्षमता से कई गुना ज्यादा बच्चों को बैठाकर थाने के समीप से गुजरते हैं। तथा नियम कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यदि कुछ वाहनों को छोड़ दिया जाए, तो अधिकतर वाहनों का न कलर पीला है और ना ही उन बच्चों की सुरक्षा के लिए जाली लगाई गई है। और ना ही वाहनों में बच्चों की संख्या निर्धारित की गई है। मनमाने तरीके से भूसे की तरह 20 से 40 छात्रों को ऑटो में भरते हैं।

**प्रशासनिक निष्क्रियता बनी मुख्य वजह:** बच्चे सुरक्षित स्कूल तक पहुंचे। किस माध्यम से पहुंच रहे हैं ताकि कोई भविष्य में बड़ी घटना ना घटित होने पाए। इस बात की जिम्मेदारी जितनी पुलिस विभाग की भी है। वही उतने ही परिवहन विभाग भी पूरे मामले में जिम्मेदार है। तथा प्रशासन का अंग माने जाने वाला शिक्षा विभाग भी पूरी तरह से इस मामले में जवाबदार है लेकिन यह तीनो के तीनो विभाग आंख बंद कर बैठे हुए हैं। यह तो सौभाग्य है कि अभी तक शहरी एवं ग्रामीण अंचल में अब तक कोई अप्रिय वारदात नहीं हुई है।

**अभिवावक दिख रहा बेबस**

हर मां-बाप की ख्वाहिश होती है, कि मेरा बच्चा बेहतर तालीम हासिल करें अच्छी शिक्षा के लिए बेहतर स्कूल का चयन करने के लिए वह विद्यालय के बताए गए सभी मापदंडों से गुजरता है। जहां महंगे विद्यालय की फीस के साथ साथ ऑटो या वैन संचालक द्वारा कम से कम 600 से लेकर 1000 रुपए तक की वसूली की जा रही है। उसमें भी बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ऐ वाहन संचालक की नहीं है। इन वाहनों में छोटे नौनिहाल बच्चों से लेकर बड़े बच्चों तक की सुरक्षा की जिम्मेदारी भगवान भरोसे ही तय है।बच्चों को बैठाकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो सहित शहरी क्षेत्रों में दौड़ती मोहल्ले दर मोहल्ले मारुति वैन और ऑटो भूसे की तरह बच्चों को भरकर स्कूलों में पहुंचाने का काम करते हैं ।

## इंडोनेशिया में 6.6 तीव्रता का आया भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत उत्तरी मालुकु में बुधवार को 6.6 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, लेकिन देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि इससे सुनामी आने की संभावना नहीं है। सिन्हुआ न्यूज ने मौसम विज्ञान एजेंसी के हवाले से बताया कि भूकंप सुबह 9.48 बजे आया, इसका केंद्र पश्चिम हल्माहेरा रीजेंसी से 68 किमी उत्तर पश्चिम में समुद्र में 109 किमी की गहराई पर स्थित था। इसमें कहा गया है कि भूकंप के झटके निकटवर्ती उत्तरी सुलावेसी प्रांत में भी महसूस किए गए।

# पहले तेल, अब प्लेन: भारत के जिगरी यार के सामने क्यों गिड़गिड़ा रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश पाकिस्तान इन दिनों भारत के जिगरी यार रूस से राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के लिए मिन्नतें कर रहा है। आर्थिक संकट की मार झेलने के बावजूद इस्लामाबाद मॉस्को से सीधी उड़ानें शुरू करने के लिए हाथ-पैर मार रहा है। यह पहल तब हुई है, जब पाकिस्तान 2024 में ब्रिक्स देशों के समूह में शामिल होने के लिए अपने आवेदन पर रूस का समर्थन मांग रहा है। बुधवार (22 नवंबर) को रूस में पाकिस्तान के नवनियुक्त राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने रूस के सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को बताया कि दोनों देश सीधी हवाई सेवा शुरू करने की कोशिशों में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

पाकिस्तान इन दिनों पाई-पाई को मोहताज बना हुआ है। वावजूद इसके जमाली ने कहा, दोनों पक्ष एक-दूसरे के संपर्क में हैं और सीधी उड़ान के तौर-तरीकों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच लोगों से लोगों का संपर्क बहुत महत्वपूर्ण है। जमाली ने उम्मीद जताई कि रूस और पाकिस्तान के बीच सीधी उड़ानें शुरू होने से हमारे संबंध घनिष्ठ होंगे और व्यापार संबंध मजबूत होंगे। बता दें कि अतीत में भी दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें थीं लेकिन आर्थिक संकट की वजह से उसे बंद करना पड़ा था। बदलती भू-राजनीति में अहम बदलती भू-राजनीतिक परिदृश्य और पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति के मद्देनजर यह घटनाक्रम अहम है। भारत के पारंपरिक रूप से दृढ़ सहयोगी रूस के साथ पाकिस्तान अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए उत्सुक है। पाकिस्तानी राजदूत ने ही इसके पीछे की वजहों का खुलासा करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने ब्रिक्स में शामिल होने के लिए एक आवेदन जमा किया है और वह 2024 तक सदस्य बनने की आकांक्षा के साथ, संघ में शामिल होने के लिए रूस के समर्थन पर भरोसा कर रहा है। रूस फिलहाल ब्रिक्स का अध्यक्ष है। रूस कज़ान में आगामी ब्रिक्स 2024 शिखर सम्मेलन से पहले संभावित पार्टनर देशों की एक सूची को अंतिम रूप देने की तैयारी कर रहा है। खालिद जमाली ने पुष्टि की कि इस्लामाबाद 2024 में रूस की अध्यक्षता में समूह का सदस्य बनने का इरादा रखता है। पाक राजदूत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस्लामाबाद सक्रिय रूप से सदस्य देशों के साथ जुड़ रहा है और इस प्रमुख संगठन में शामिल होने के अपने प्रयास के तहत पाकिस्तान की सदस्यता के लिए उनका समर्थन मांग रहा है।

**रूस, पाकिस्तान संबंध-** रूस के साथ पाकिस्तान के संबंधों में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। विशेष रूप से यूक्रेन युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच रिश्तों में नई तेजी आई है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़ा मील का पत्थर जून 2023 में तब आया, जब कुल 100,000 टन में से 45,000 टन रूसी कच्चे तेल की शुरुआती खेप नकदी संकट झेल रहे पाकिस्तान में पहुंची।

यह पाकिस्तान का पहला सरकार-दर-सरकार रूसी कच्चे तेल का आयात था, जो दो प्रमुख कारणों से काफी महत्वपूर्ण था। सबसे पहले, यह मॉस्को पर पश्चिमी प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पाकिस्तान को रूसी कच्चे तेल की पहली डिलीवरी का प्रतीक है। दूसरे, उल्लेखनीय पहलू यह था कि ये डील डॉलर के पारंपरिक उपयोग से हटकर चीनी युआन में किए गए थे।

**यूक्रेन को हथियार सप्लाई के आरोप-** हालाँकि, रूस-पाकिस्तान संबंधों में तनाव तब पैदा हो गया, जब ऐसी खबरें सामने आईं कि पाकिस्तान यूक्रेन को गोला-बारूद मुहैया करा रहा है। भारत में रूसी दूत डेनिस अलीपोव ने इन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान द्वारा यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के आरोप सही हैं, तो इससे रूस-पाकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों पर महत्वपूर्ण और प्रतिकूल परिणाम होंगे।

उधर, पाकिस्तानी सरकार के अधिकारियों ने इन दावों का जोरदार खंडन किया और कहा कि पाकिस्तान यूक्रेन को हथियार या गोला-बारूद की आपूर्ति में शामिल नहीं है। यूक्रेन को कथित हथियार आपूर्ति को लेकर तनाव के बावजूद रूस और पाकिस्तान के संबंधों में धीरे-धीरे प्रगति के संकेत दिख रहे हैं।

**भारत के खिलाफ जहर-** दरअसल, इस्लामाबाद अब ब्रिक्स में शामिल होने के लिए रूस के समर्थन का लाभ उठाना चाह रहा है, यह एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि भारत, जो ब्रिक्स का सदस्य भी है, ने संगठन में पाकिस्तान के शामिल होने पर आपत्ति व्यक्त की है। पिछले साल चीन में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान, पाकिस्तान ने आरोप लगाया था कि ब्रिक्स समूह के एक सदस्य ने उसकी भागीदारी को रोक दिया इस बीच, 18 नवंबर को रूस और पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का मुकाबला करने और विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों से निपटने पर ध्यान केंद्रित करते हुए चर्चा की। दोनों देशों ने इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

## आज का इतिहास

1675- सिक्खों के नौवें गुरु गुरु तेग़ बहादुर का निधन हुआ।
1759 - इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।
1831 - ब्रिटेन के भौतिकशास्त्री माइकल फेरेडे ने बिजली की खोज की।
1832 - दक्षिण कैरोलिना ने अधिसूचना का अध्यादेश पारित किया।
1859 - चार्ल्स डार्विन की 'ऑन द ओरिजिन आफ स्पेशीज' का प्रकाशन।
1871 - राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन का आयोजन किया गया।
1874 - अमेरिका के खोजकर्ता जोसेफ फरवेल ग्लिडन ने वाणिज्यिक रूप से सफल कांटेदार तार का पेटेंट हासिल किया।
1877 - डिप्टी कमिश्नर बनने वाले पहले हिंदुस्तानी कवासाजी जमाशेदजी पेटिगरा का जन्म।
1899- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री हीरा लाल शास्त्री का जन्म हुआ।
1903 - क्लाइड कोलमैन ने ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिक स्टार्टर का पेटेंट कराया।
1904 - पहला सफल कैटरपिलर ट्रैक का निर्माण किया गया।
1914 - बेनिटो मुसोलिनी को इटालियन समाजवादी पार्टी से बाहर निकला गया।
1926 - प्रख्यात दार्शनिक श्री अरविंदो को पूर्ण सिद्धि की प्राप्ति हुई।

## सुडोकू 6385

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | | | | 6 | 2 | | 4 |
| | 5 | | | | 7 | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | 1 | | 2 | | 6 | |
| | | | 5 | | | | | 7 |
| | | 6 | 7 | | | | 1 | |
| 2 | | 3 | 6 | | | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

*हल आज ही के अंक में*

## चीन में बड़े पैमाने पर निमोनिया का शिकार हो रहे हैं बच्चे: रिपोर्ट

**बीजिंग, (आईएएनएस)।** चीन में बड़े पैमाने पर बच?चे निमोनिया का शिकार हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इससे देश के बाल चिकित्सा अस्पतालों में भारी भीड़ है। इस बीमारी का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। बच्चों में मुख्य रूप से तेज बुखार सहित कई लक्षण दिखाई दे रहे हैं, कुछ बच्चों में फुफ्फुसीय नोड्यूल विकसित हो रहे हैं। अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि संक्रमण घातक है। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर इंफेक्शियस डिजीज की ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली प्रोमेड मेल पर एक पोस्ट में कहा गया, ये रिपोर्ट 2019 के अंत में वुहान में एक रहस्यमय निमोनिया के प्रकोप की शुरुआती रिपोर्टों के समान हैं, जिसने कोविड -19 की शुरुआत की, जिससे माता-पिता सवाल करने लगे कि क्या अधिकारी महामारी को कवर कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि चीन में निमोनिया के प्रकोप ने बीजिंग, लियाओनिंग और अन्य स्थानों के बाल चिकित्सा अस्पतालों को बीमार बच्चों से भर दिया है। स्कूल और कक्षाएं भी निलंबित होने की कगार पर हैं। पोस्ट में लिखा है, न केवल छात्र, बल्कि शिक्षक भी निमोनिया से संक्रमित हैं। बीजिंग चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल में बीजिंग के एक नागरिक ने बताया, बहुत से लोग अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें खांसी नहीं होती और उनमें कोई लक्षण नहीं होते। उन्हें बस बुखार होता है।

## लगातार बढ़ रहा चीन के वैज्ञानिक अनुसंधान शहरों का प्रभाव

**बीजिंग, (आईएएनएस)।** ब्रिटेन की नेचर पत्रिका द्वारा जारी नवीनतम पूरक प्रकृति सूचकांक- अनुसंधान शहर-2023 के अनुसार चीनी वैज्ञानिक अनुसंधान शहरों का वैश्विक प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। पेइचिंग अभी भी दुनिया के अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान शहरों में पहले स्थान पर है। दुनिया के शीर्ष 20 वैज्ञानिक अनुसंधान शहरों में चीन 10 सीटों पर काबिज़ है, जिसमें पिछले साल से दो सीटों की वृद्धि है। प्रकृति सूचकांक को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रकाशन संगठन स्प्रिंगर नेचर ग्रुप की सहायक कंपनी द्वारा नियमित रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है, जो वैश्विक उच्च-गुणवत्ता वाले वैज्ञानिक अनुसंधान उत्पादन और सहयोग को दर्शाता है। 2022 में दुनियाभर के प्रमुख शहरों और महानगरीय क्षेत्रों के वैज्ञानिक अनुसंधान आउटपुट के प्रकृति सूचकांक के विश्लेषण के अनुसार पेइचिंग, जो कई वर्षों से वैश्विक वैज्ञानिक अनुसंधान शहरों में पहले स्थान पर है, अपरिवर्तित बना हुआ है। इसके बाद न्यूयॉर्क महानगरीय क्षेत्र, शांगहाई, बोस्टन महानगरीय क्षेत्र, सेन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र, नानचींग, बाल्टीमोर-वाशिंगटन, क्वांग च्यो, टोक्यो महानगरीय क्षेत्र और वुहान हैं।

## मेरी जिंदगी के खिलाफ साजिश अमेरिकी संप्रभुता के लिए खतरा: पन्नून

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून ने अपनी जान लेने की नाकाम कोशिश को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और अमेरिकी संप्रभुता के लिए खतरा बताते हुए गुरुवार को कहा कि वह अमेरिकी सरकार को इसका जवाब देने देंगे। न्यूयॉर्क स्थित पन्नून की टिप्पणी फाइनेंशियल टाइम्स की उस रिपोर्ट के एक दिन बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका में अधिकारियों ने उनकी हत्या की साजिश को विफल कर दिया और इस साजिश में शामिल होने की चिंताओं पर भारत को चेतावनी जारी की अमेरिकी और कनाडाई नागरिक पन्नून ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा,अमेरिकी धरती पर भारतीय एजेंटों द्वारा मेरे जीवन पर किया गया असफल प्रयास अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद है, जो अमेरिकी संप्रभुता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतंत्र के लिए खतरा है।

# इसरो से पहले चांद पर बड़ा काम करने जा रहा चीन का चंद्रयान, पाकिस्तान भी कर रहा मदद

**नई दिल्ली।** इसरो के बाद चांद पर अब चीन नया इतिहास दर्ज करने जा रहा है। इसी साल भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर यान उतारकर दुनिया को चौंका दिया था। भारत का चंद्रयान-3 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला अंतरिक्ष यान है। वहीं, चांद पर अपना यान उतारकर भारत ने रूस, अमेरिका और चीन की भी बराबरी कर ली है।



अंतरिक्ष में दिग्गज एजेंसियों के साथ बराबर आगे बढ़ रही इसरो अब चांद से सैंपल लाने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी कंपनी नासा के साथ इस मिशन में इसरो का लक्ष्य कुछ साल में चंद्रयान-4 लॉन्च करने की है। इसमें यान को दक्षिणी ध्रुव पर ही उतारा जाएगा। चांद से सैंपल लाने के अलावा यान चंद्रयान-3 की डीटेल भी लेगा। रिपोर्ट है कि चीन इसरो से पहले ऐसा कारनामा करने जा रहा है और इस मिशन में पाकिस्तान भी उसकी मदद कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के अधिकारियों का कहना है कि चंद्रमा से नमूने को एकत्र करके वापस लाने के लिए चीन का चंद्र मिशन अगले साल के लिए तैयार है। चीन की प्लानिंग है कि वो चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपने यान को लैंड कराए। चीन का चंद्र मिशन अगले साल के लिए निर्धारित है।

इसके लिए बीजिंग सरकार दशक भर से अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने और एक अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन बनाने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। इस काम में उसके साथ पाकिस्तान भी है। पाक अंतरिक्ष वैज्ञानिक चीन के इस मिशन में उसकी मदद कर रहे हैं। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने एक बयान में कहा, नया मिशन अगले साल के लिए निर्धारित है। इस मिशन को चांग ई-6 का नाम दिया गया है। इसकी तैयारी समय अनुसार आगे बढ़ रही है। मिशन के साथ उपग्रह को अगले साल की पहली छमाही में तैनात किया जाएगा। सीएनएसए ने पिछले हफ्ते ही ऐलान किया है कि मिशन को अगले साल के शुरुआती महीनों में लॉन्च किया जाएगा।

**चांद पर चीन की क्या-क्या प्लानिंग**

चांद पर चीन के मिशन दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले कहीं ज्यादा एडवांस है। चीन पहला देश है, जिसने 2019 में चांद के सुदूर इलाकों में लैंडिंग कराई थी। चीन ने पिछले साल ही एक अंतरिक्ष स्पेस सेंटर भी तैयार कर लिया है। इस स्टेशन को उसने तियांगोंग नाम दिया है। अगले साल चीन चांद से सैंपल कलेक्ट करने की प्लानिंग कर रहा है। इसके लिए उसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग की योजना बनाई है। 2030 तक चीन की चांद पर इंसान मिशन की भी प्लानिंग है।

## दुनिया में जहां भी छिपे हैं हमास के आतंकी, उन्हें मार डालो - नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने देश की जासूस एजेंसी मोसाद को एक बड़ा टास्क दिया है। उन्होंने कहा है कि हमास के आतंकी दुनिया के किसी भी हिस्से में छुपे हों, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने मोसाद को हमास के प्रमुखों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, चाहे वे कहीं भी हों। हमास के अधिकांश नेता फिलिस्तीन से बाहर रहते हैं। इनमें से अधिकांश ने कतर के खाड़ी राज्य और लेबनान की राजधानी बेरूत को अपना ठिकाना बनाया है। पिछले कुछ वर्षों में मोसाद पर फिलिस्तीनी आतंकवादियों और ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों की विदेशों में हत्या के कई आरोप लगे हैं। इस बीच इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि गाजा के हमास शासकों के साथ अस्थायी संघर्ष विराम समझौते के तहत बंधकों की रिहाई शुक्रवार से पहले नहीं होगी।




इजरायली राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हनेग्बी ने प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा, हमारे बंदियों की रिहाई के लिए बातचीत आगे बढ़ रही है और हर समय जारी रहेगी। हानेग्बी ने कहा, रिलीज की शुरुआत पार्टियों के बीच मूल समझौते के अनुसार होगी। जैसे ही संघर्ष विराम समझौते को अंतिम रूप दिया गया नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से कहा था कि वह अस्थायी युद्धविराम के बाद हमास के खिलाफ इजरायल के युद्ध को आगे बढ़ाएंगे। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने बुधवार को एक फोन कॉल में बाइडेन को संदेश दिया है नेतन्याहू ने कहा, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि युद्ध जारी है। हम इसे तब तक जारी रखेंगे जब तक हम अपने सभी लक्ष्य हासिल नहीं कर लेते। इजरायली प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि उनका देश तब तक युद्ध जारी रखेगा जब तक हमास नष्ट नहीं हो जाता और उसके बंधक बनाए गए सभी 240 बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

## नूपुर शर्मा का समर्थन करने वाले वाइल्डर्स बन सकते हैं नीदरलैंड के प्रधानमंत्री, जीत की ओर

नूपुर शर्मा की ओर से पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी पर जब दुनिया भर में बवाल मचा था तो नीदरलैंड से उन्हें समर्थन मिला था। उनका नीदरलैंड के सांसद गीर्ट वाइल्डर्स ने सपोर्ट किया था और कहा था कि मैं भारत से भी अपील करूंगा कि वह कट्टरपंथी मुसलमान देशों के दबाव में न आए। इस्लाम विरोधी और यूरोपियन यूनियन तक को बेकार बताने वाले गीर्ट वाइल्डर्स अब नीदरलैंड के पीएम भी बन सकते हैं। उनकी पार्टी देश के संसदीय चुनावों में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। एग्जिट पोल्स के अनुमान में वह भारी जीत की ओर बढ़ रहे हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार नीदरलैंड में इतना बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। इसका असर पूरे यूरोप पर देखने को मिलेगा।

गीर्ट वाइल्डर्स ने नूपुर शर्मा का बचाव करते हुए कहा था, यह हैरान करने वाली बात है कि अरब और इस्लामिक देश भारत की राजनेता नूपुर शर्मा के बयान पर भड़के हैं। उन्होंने पैगंबर के बारे में सही बोला था।यही नहीं एक और ट्वीट करते हुए गीर्ट ने भारत सरकार से डिफेंसिव मोड में न आने की अपील की थी। गीर्ट ने लिखा था, तुष्टीकरण से कभी कोई फायदा नहीं होता।

## वर्ग पहेली 6385



**बायें से दायें:-**

१. मधु दैत्य का वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४. जिसका विरोध न हुआ हो, स्वच्छंद, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला, व्यवस्थापक, नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर का प्राय: सादा किनारा
१४. कोमल
१५. चंदन
१७. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चेहरे पर का काला धब्बा, ख़िजाब
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल का गिरोह या प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित, बदनामी (उर्दू)
९. रूढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेकार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

## वर्ग पहेली-6384

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नौ | ज | २ ला | ध्य | ३ क्ष | ■ | ४ पा | की | ५ ज | गी |
| नि | ■ | व | ■ | ६ मा | हि | र | ■ | रू | ■ |
| ७ हा | सि | ल | ■ | या | ■ | ८ प | धा | र | ९ ना |
| ल | ■ | श्क | ■ | १० च | रि | त्र | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ ब | र | १२ स | ना | ■ | ■ | १३ उ | त्क | च |
| ■ | चा | ■ | चे | ■ | १४ सं | जी | दा | ■ | ला |
| १५ न | व | १६ जा | त | ■ | प | ■ | १७ र | १८ ह | ना |
| व | ■ | दू | ■ | १९ खि | न्न | २० ता | ■ | सी | ■ |
| २१ ल | वं | ग | ■ | ल | ■ | २२ र | त | ना | २३ र |
| ता | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

तैयारी

### मप्र में मतगणना पर कांग्रेस-भाजपा की बारीक नजर

# विस व जिला स्तर पर लगेगी मतगणना एजेंटों की पाठशाला

**भोपाल, (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में 17 नवम्बर को हुए विधानसभा चुनाव के बाद अब तमाम राजनीतिक दलों की निगाहें तीन दिसम्बर को होने वाली मतगणना पर आकर टिक गई हैं। कांग्रेस के बाद अब भाजपा ने भी इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। गत दिनों दिग्गजों के मंथन के बाद अब भाजपा काउंटिंग टेबल के लिए एजेंटों** की तैनाती में जुटी है। 17 नवम्बर को हुए मतदान के बाद अब तीन दिसम्बर को मतगणना होगी। मतगणना को लेकर प्रदेश के दोनों ही प्रमुख दल भाजपा-कांग्रेस सहित सपा, बसपा, आप और अन्य दलों द्वारा मतगणना की प्लानिंग बनाई जा रही है।

मतों की गणना को लेकर भाजपा ने गत दिनों भाजपा मुख्यालय भोपाल में विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और चुनाव अभियान प्रभारी नरेंद्र सिंह तोमर शामिल हुए। सभी नेताओं ने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। मतगणना को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों द्वारा काउंटिंग एजेंट्स की विशेष पाठशाला लगाई जा रही है। भाजपा ने तय किया है कि विधानसभा और जिला स्तर पर काउंटिंग एजेंटों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें सिखाया जाएगा कि मतगणना के समय पूरी तरह मुस्तैद रहें। किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर आपत्ति जताएं। एजेंट्स को यह भी सीख दी जाएगी कि किसी भी सूरत में किसी दबाव में न आएं। इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी अपने सभी 230 प्रत्याशियों को 26 नवम्बर को राजधानी भोपाल बुलाया है। इसी दिन सभी प्रत्याशियों को मतगणना को लेकर विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी।




■ मतगणना के लिए लगेंगी 14 टेबल

इस ट्रेनिंग में कमलनाथ और उनकी चुनावी टीम मतगणना के दौरान होने वालीं गड़बड़ियों पर नजर रखने को लेकर ट्रेनिंग देगी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगेंगी। जहां उम्मीदवारों की संख्या कम होगी, वहां के परिणाम पहले सामने आएंगे। प्रक्रिया की जानकारी, मतपत्रों की गिनती, चक्रवार परिणाम की घोषणा होने के बाद ही आगे बढ़ने, परिणाम की घोषणा की सत्यापित प्रतिलिपि लेने और संदेह होने पर आपत्ति की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। इसके लिए मतगणना संबंधी दिशा निर्देश तैयार करके दिए जाएंगे। ईवीएम जब मतगणना स्थल पर लाई जाएंगी और जब मतों की गणना शुरू होगी, तो मशीन की सील कैसे चेक करनी है, यदि कोई संदेह होता है तो उसकी शिकायत कैसे करनी है, फार्म सी के माध्यम से मतदान की जो जानकारी मिली है, उससे मतों का मिलान कैसे करना है।

# खेल जगत

## इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की वनडे टीम में मैथ्यू फोर्ड, रदरफोर्ड शामिल



**सेंट जॉन्स ( एंटीगा )।** वेस्टइंडीज की अगले आईसीसी विश्व कप की तैयारी शुरू हो गई है क्योंकि कैरेबियाई टीम ने दिसंबर से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम घोषित कर दी है, जो 3 दिसंबर से खेली जाएगी। शाई होप टीम का नेतृत्व करेंगे और अल्जारी जोसेफ को नया उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में बैटिंग ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड और सीम बॉलिंग ऑलराउंडर मैथ्यू फोर्ड के रूप में दो अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सीनियर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना पहला कॉल-अप अर्जित किया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, हमने अल्जारी जोसेफ को उप कप्तान नियुक्त किया क्योंकि उन्होंने हाल ही में सुपर 50 कप के दौरान लीवार्ड आइलैंड्स हरिकेंस के लिए अपने दमदार नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया था।

## सूर्य कुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में होंगे भारत के कप्तान

- शुरू के तीन मैचों में ऋतुराज व आखिरी के दो में श्रेयस उपकप्तान
- हार्दिक अभी भी फिट नहीं, फिट अक्षर पटेल टीम में लौटे
- संजू सैमसन व शाहबाज अहमद को नहीं मिली टीम में जगह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। विस्फोटक बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच आईडीएफसी टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज में भारत की 15 सदस्यीय क्रिकेट टीम के कप्तान होंगे। हार्दिक पांडया के अभी भी वन डे विश्व कप में चौथे मैच में लगी टखने की चोट से न उबर पाने के कारण ही सूर्य कुमार यादव को भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम की कप्तानी का मौका मिला है। सूर्य कुमार यादव पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। सूर्य कुमार यादव को कप्तानी का कोई बहुत अनुभव नहीं है।

शुरू के तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ टीम के उपकप्तान होंगे जबकि श्रेयस अय्यर 1 दिसंबर को रायपुर में चौथे और तीन दिसंबर को बेंगलुरू में पाचवें व आखिरी कुल दो मैचों टीम से जुड़ने के साथ उपकप्तान की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। भारत की सीनियर पुरुष क्रिकेट चयन समिति ने विशाखापट्टनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 नवंबर से पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से शुरू हो रही पांच मैचों की सीरीज के लिए सोमवार देर रात भारतीय टीम की घोषणा की। दोनों देशों के बीच यह पांच टी-20 मैचों की सीरीज अहमदाबाद में वन डे विश्व कप फाइनल में भारत की ऑस्ट्रेलिया के




हाथों फाइनल में हार के चार दिन बाद ही शुरू हो रही है। अब चूंकि वेस्ट इंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में आईसीसी टी-20 विश्व कप अब से करीब छह महीने बाद ही शुरू हो रहा है और इसीलिए अब पूरा ध्यान टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पर लग गया है। भारत की इसी साल अगस्त में मेजबान आयरलैंड से टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज जीतने वाली टीम में शामिल संजू सैमसन और ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को टीम में जगह नहीं है । साथ ही अकेले अपने असम को टी-20 सैयद मुश्तक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले रेयन पराग और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा को भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी मैचों की सीरीज के लिए घोषित टीम में जगह मिली है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टी-20 सीरीज के लिए ऑलराउंडरों- अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, तिलक वर्मा को तवज्जो दी है। ऑस्ट्रेलिया के पांच टी-20 मैचों की इस सीरीज में वीवीएस लक्ष्मण भारतीय टीम के कोच होंगे। बतौर कोच लक्ष्मण के मार्गदर्शन और ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में भारत की पुरुष क्रिकेट टीम ने हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। भारत की ऑस्ट्रेलिया से रविवार को अहमदाबाद में आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में छह विकेट से हारने वाली टीम के सूर्य कुमार यादव, इशान किशन, श्रेयस अय्यर रायपुर में और आखिर समय चोटिल हार्दिक पांडया की जगह टीम में जगह पाने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के रूप में मात्र चार खिलाड़ी ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाने वाली टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज में खेलेंगे जबकि चोट के कारण आखिर समय वन डे विश्व कप से बाहर हुए बाएं हाथ के ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने फिट होकर टीम में वापसी की है। हालांकि पूरी टी-20 सीरीज के लिए भारत की वन डे विश्व कप के केवल तीन खिलाड़ी सूर्य, इशान और प्रसिद्ध के रूप में मात्र तीन खिलाडियों को ही टीम में जगह मिली हैंकरीब डेढ़ महीने तक चले आईसीसी वन डे विश्व कप के बाद भारत ने नौजवानों को ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए चुना है।

### टी20 के लिए भारतीय टीम

सूर्य कुमार यादव (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़(उपकप्तान), इशान किशन, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जीतेश शर्मा(विकेटकीपर),वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्ण, आवेश खान, मुकेश कुमार। (श्रेयस अय्यर सीरीज के रायुपर और बेंगलुरू में खेले जाने वाले अंतिम दो टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारतीय टीम सश बतौर उपकप्तान जुड़ेंगे।)।

### टी-20 सीरीज का कार्यक्रम

23 नवंबर, पहला टी-20 मैच, विशाखापट्नम।
26 नवंबर, दूसरा टी-20 मैच, तिरुवनंतपुरम।
28 नवंबर, तीसरा टी-20 मैच, गुवाहाटी।
1 दिसंबर, चौथा टी-20 मैच, रायपुर।
3 दिसंबर, पांचवां व टी-20 मैच, बेंगलुरू।

## हॉकी इंडिया ने महिला कोचिंग शिविर के लिए 34 सदस्यीय समूह की घोषणा की

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया से पहले 22 नवंबर से 10 दिसंबर तक बेंगलुरु के एसएआई सेंटर में होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की है। टूर्नामेंट का आयोजन 15, 2023 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच होने वाला है।

वालेंसिया में पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत, आयरलैंड, जर्मनी, बेल्जियम और मेजबान स्पेन प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह 13 जनवरी से शुरू होने वाले सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की तैयारी में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस महीने की शुरुआत में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद कैंप में लौटने पर भारतीय महिलाएं आत्मविश्वास महसूस करेंगी। भारत ने फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत उस टूर्नामेंट में भी अजेय रहा जिसमें चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड ने भी भाग लिया। कोर ग्रुप में गोलकीपर सविता, रजनी इतिमारपु, बिचू देवी खारीबाम और बंसारी सोलंकी शामिल हैं। जबकि, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी डिफेंडरों के समूह में शामिल हैं। निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरमबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, और अजमीना कुजूर शिविर में बुलाए गए मिडफील्डर हैं। जबकि, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो और ब्यूटी डुंगडुंग फॉरवर्ड लाइन-अप में



हैं। मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने आगामी शिविर के महत्व के बारे में बात करते हुए कहा, हम पिछले कुछ महीनों में अच्छी फॉर्म में हैं। एशियाई खेलों में कांस्य पदक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक के साथ। लेकिन, यह महत्वपूर्ण है हमें अपनी लय बरकरार रखनी है और यह सुनिश्चित करना है कि हम अगले साल महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए सही मानसिक स्थिति में रहें। हमारी नजरें पेरिस ओलंपिक पर टिकी हैं और जगह सुनिश्चित करने के लिए हमें एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं

**गोलकीपर :** सविता, रजनी इतिमारपु, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी

**डिफेंडर :** दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

**मिडफील्डर :** निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर

**फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग

## विश्व कप 2023 में रिकॉर्ड तोड़ 12.5 लाख दर्शक पहुंचे

**अहमदाबाद।** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने अब तक के सबसे अधिक दर्शकों वाला आईसीसी आयोजन बनकर इतिहास रच दिया है, जब 1,205,307 प्रशंसक सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप को देखने के लिए टर्नस्टाइल से गुजरे और ऑस्ट्रेलिया ने उल्लेखनीय छठा खिताब जीता।



छह मैच बचे थे और रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने विश्व कप के समापन के साथ ही दर्शकों की संख्या पहले ही दस लाख के आंकड़े को पार कर चुकी थी और गति भी बढ़ती जा रही थी। यह आयोजन 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक चला और प्रशंसकों को कार्रवाई के केंद्र में रखने का वादा किया गया, जिसमें पुरुष क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच के लिए सबसे बड़ी उपस्थिति दर्ज की गई, जब इंग्लैंड ने 2019 के फाइनल की पुनरावृत्ति में न्यूजीलैंड का सामना किया, जिसके बाद सबसे अधिक उपस्थिति उस मैच में दर्ज की गई जब आईसीसी विश्व कप के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के मैच में 14 अक्टूबर को प्रशंसकों का हुजूम उमड़ पड़ा था। 12.5 लाख से अधिक प्रशंसकों का आंकड़ा क्रिकेट के इतिहास में एक नया मानदंड है, जो किसी भी अन्य आईसीसी आयोजन की उपस्थिति के आंकड़े से कहीं अधिक है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2015 में 1,016,420 दर्शक आए थे, जबकि इंग्लैंड और वेल्स में 2019 संस्करण में 752,000 प्रशंसक आए थे।

भारत में आयोजित पुरुष क्रिकेट विश्व कप के 13वें संस्करण ने इन आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है और साथ ही कई प्रसारण और डिजिटल दर्शकों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जो खेल की वैश्विक पहुंच और लगातार बढ़ती लोकप्रियता को साबित करता है।

आईसीसी के इवेंट प्रमुख क्रिस टेटली ने कहा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 एक बड़ी सफलता रही है, जिसने खेल के सर्वोत्तम पहलुओं को प्रदर्शित किया और दुनिया भर के करोड़ों प्रशंसकों के दिलों पर कब्जा कर लिया। चौंका देने वाली उपस्थिति क्रिकेट की अपील और एकदिवसीय प्रारूप के रोमांच को दर्शाती है। यह एक ऐसा आयोजन रहा है जिसने न केवल मनोरंजन किया है बल्कि खेल के जश्न में विश्व स्तर पर क्रिकेट प्रशंसकों को एकजुट भी किया है। आईसीसी कार्यक्रम हमारे खेल को आगे बढ़ाने और दुनिया भर के प्रशंसकों और खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम उन सभी प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को इतनी शानदार सफलता दिलाने में योगदान दिया,और भविष्य के आईसीसी आयोजनों में सभी के लिए और अधिक रोमांचक अनुभव साझा करने के लिए तत्पर हैं।

## फाइनल में हार ने भारत के लिए नॉकआउट में हार की चिर-परिचित भावना को वापस ला

**नई दिल्ली।** 2007 और 2013 के बीच के समय ने भारत को वैश्विक आईसीसी पुरुष स्पर्धाओं में अविस्मरणीय सफलता दिलाई- 2007 में उद्घाटन टी20 विश्व कप जीत, घरेलू धरती पर 2011 वनडे विश्व कप जीत और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में रोमांचक जीत। लेकिन उसके बाद, ट्रॉफी कैबिनेट खाली हो गई है। 2013 के बाद, भारत कभी भी ट्रॉफी पर कब्ज़ा नहीं कर सका, जिससे उसके प्रशंसक निराश हो गए । 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में हालात अच्छे होते दिख रहे थे, जहां भारत ने सभी विभागों में अपने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और लगातार दस मैचों में जीत हासिल की।

बल्ले, गेंद और क्षेत्ररक्षण पर अपने प्रभुत्व के दम पर उस नाबाद दौड़ ने इसके बेहद भावुक प्रशंसकों को नॉकआउट में डूबती भावना को शांत होते देखने का एक वास्तविक मौका दिया था। लेकिन 19 नवंबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीले रंग के समुद्र में 92,453 प्रशंसकों के सामने, वह परिचित भावना भारत को फिर से सताने लगी जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था। ऑस्ट्रेलियाई टीम से छह विकेट की हार, जिसने विपक्षी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के लिए परिस्थितियों और योजना के संदर्भ में अपना होमवर्क बहुत अच्छी तरह से किया था, ने भारतीय टीम और स्टेडियम के साथ-साथ दुनिया भर में मौजूद उसके प्रशंसकों को एक और दिल टूटने का मौका दिया।

फाइनल के एक दिन बाद, इस बात पर खालीपन और भयानक चुप्पी का एहसास हुआ कि नॉकआउट में वह परिचित डूबती हुई भावना फिर से कैसे आई, जिसने भारत को उसकी नियति - घरेलू मैदान पर गौरव हासिल करने से वंचित कर दिया।

जैसे ही 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप पर धूल जमने लगी है, किसी को यह सोचना शुरू करना होगा कि नॉकआउट में हर बार भारत के लिए कहां गड़बड़ी होती है। पिछले तीन पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में भारत 28 में से केवल चार मैच हारा है। लेकिन यहाँ एक समस्या है - उन चार में से तीन हार नॉकआउट चरण में हुईं।

पिछले दस वर्षों में, वैश्विक टूर्नामेंटों में मैचों में भारत का जीत प्रतिशत सबसे अधिक है, जो 69.15त्न है, लेकिन इसके नाम पर कोई खिताब नहीं है। नॉकआउट में परिणामों के खराब रिकॉर्ड ने भारत को एक ऐसे छात्र की तरह बना दिया है जो प्रतिभाशाली है और यूनिट परीक्षाओं में टॉप करता है, लेकिन साल के अंत की परीक्षाओं में लगातार दूसरा स्थान प्राप्त करता है।

तो, वैश्विक टूर्नामेंटों के नॉकआउट में ऐसा क्या है जो भारत और उसके प्रशंसकों को उस परिचित डूबती हुई भावना को फिर से महसूस कराता है? खैर,




इसका कोई ठोस जवाब नहीं है. जब फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल द्रविड़ से यह सवाल पूछा गया, तो वह भी कोई सटीक कारण नहीं बता सके।अगर मुझे जवाब पता होता तो मैं यही कहता। ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता. मैं अब तक तीन में शामिल रहा हूं, एक सेमीफ़ाइनल, और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप, और इसमें भी। मुझे बस यही लगता है कि हमने उस दिन वास्तव में अच्छा नहीं खेला। मुझे लगा कि सेमीफ़ाइनल में एडिलेड में हम थोड़े कमज़ोर थे। हम दुर्भाग्य से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहला दिन हार गए।

उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट गिरने के बाद हमने विशेष रूप से अच्छी गेंदबाजी नहीं की। और यहां हमने पहले अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। इसलिए, ऐसा कोई विशेष कारण नहीं है जिस पर आप इसे निर्भर कर सकें। ऐसा नहीं है, मेरा मतलब है, मुझे इस खेल में किसी भी स्तर पर ऐसा महसूस नहीं हुआ कि कोई घबराहट थी या लोग खेल से डरे हुए थे या वे खेल के बारे में चिंतित थे।

वे इसका इंतज़ार कर रहे थे; हम मैच को लेकर उत्साहित थे। मुझे लगा कि इस विशेष मैच में लड़कों में जो ऊर्जा और मानसिक स्थान था, वह बिल्कुल सही और अद्भुत था। बस उस दिन शायद हम प्रदर्शन नहीं कर पाए और ऑस्ट्रेलिया ने हमसे बेहतर खेला। द्रविड़ के जवाब का मतलब है कि नॉकआउट में भारत के लड़खड़ाने के सवाल पर अभी भी कुछ ऐसा है जो स्पष्ट नहीं है। लेकिन अगर कोई पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में भारत के लिए क्या गलत हुआ, इस पर गौर करें, तो दो चीजें सामने आती हैं - शीर्ष तीन से एक बड़ी पारी का गायब होना और अंतिम एकादश में गहराई की कमी।

भारत की दस जीतों में से प्रत्येक में, जहां उन्होंने प्रशंसकों का ध्यान खींचा, रोहित शर्मा या विराट कोहली या यहां तक कि दोनों ने रन बनाए। लेकिन फाइनल में, हालांकि रोहित और विराट ने योगदान दिया, लेकिन खिताबी भिड़ंत से पहले उन्होंने जैसी बड़ी पारियां नहीं खेलीं। रोहित ने 47 रन बनाए और अपने ऊँचे शॉट से चूक गए और कवर पर ट्रैविस हेड द्वारा बैक-पेडलिंग में उनका अच्छा कैच लपका गया, जबकि कोहली ने 54 रन बनाए और कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर बोल्ड आउट हो गए। रोहित और विराट को छोड़कर शेष भारत के बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल 139 रन बनाए।

### सार संक्षेप

#### श्रीलंका क्रिकेट टीमों को मिली अंतरराष्ट्री स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा देश की सदस्यता निलंबित करने के बावजूद श्रीलंका की टीमें अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेना जारी रख सकती हैं। श्रीलंका को द्विपक्षीय श्रृंखला और आईसीसी आयोजनों दोनों में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देते हुए आईसीसी ने मंगलवार को श्रीलंका क्रिकेट के वित्त पोषण का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। साथ ही आईसीसी अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 का वेन्यू बदलते हुए दक्षिण अफ्रीका कर दिया। ये फैसले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने लिए, जिसने मंगलवार को बैठक की और श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के निलंबन की शर्तों की पुष्टि की। आईसीसी ने एक बयान में कहा, एसएलसी के प्रतिनिधित्व को सुनने के बाद आईसीसी बोर्ड ने फैसला किया कि श्रीलंका द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी प्रतियोगिताओं दोनों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना जारी रख सकता है, क्योंकि हाल ही में एक सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का उल्लंघन करने के लिए निलंबित किया गया था। एसएलसी की फंडिंग को आईसीसी द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और आईसीसी बोर्ड ने पुष्टि की है कि श्रीलंका अब आईसीसी अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 की मेजबानी नहीं करेगा, जो अब दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया जाएगा।

#### पीसीबी ने उमर गुल और सईद अजमल को पुरुष टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को पूर्व खिलाड़ियों उमर गुल और सईद अजमल को पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए क्रमशः तेज गेंदबाजी और स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया।

पीसीबी ने एक बयान में कहा, नवनियुक्त गेंदबाजी कोचों के उद्घाटन कार्यों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 दिसंबर, 2023 से 7 जनवरी, 2024 तक होने वाली टेस्ट श्रृंखला और 12 से 21 जनवरी, 2024 तक न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला शामिल है।

## ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप जीत के बाद डेविड वार्नर भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे

**विजाग।** ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान अपने सबसे मजबूत बल्लेबाजों में से एक की कमी खलेगी, क्योंकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर देश की वनडे विश्व कप जीत के बाद स्वदेश लौट जाएंगे।

वार्नर, जो अपने सफल विश्व कप अभियान के दौरान 48.63 की औसत से 535 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी रन-स्कोरर थे, से उम्मीद की जा रही थी कि वे उपमहाद्वीप में रहेंगे और 23 नवंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला में भाग लेंगे, लेकिन उन्होंने इसके बजाय अपने अंतिम ग्रीष्मकालीन टेस्ट से पहले घर जाने का विकल्प चुना है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, चयनकर्ताओं ने फैसला किया है कि वार्नर विश्व कप के सफल लेकिन चुनौतीपूर्ण अभियान के बाद स्वदेश लौटेंगे। उभरते हुए हरफनमौला खिलाड़ी आरोन हार्डी वार्नर के



प्रतिस्थापन के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुए।

वार्नर के हटने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता एकदिवसीय टीम के केवल सात खिलाड़ी श्रृंखला के लिए भारत में रहेंगे - सीन एबॉट, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस और एडम ज़म्पा - साथ ही रिजर्व स्पिनर तनवीर सांघा।

स्टीव स्मिथ गुरुवार से विशाखापत्तनम में शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की श्रृंखला के लिए शीर्ष क्रम में वार्नर की जगह लेने के संभावित दावेदार के रूप में दिखाई दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, टूरिंग पार्टी में ट्रैविस हेड और मैट शॉर्ट शामिल हैं, दोनों इस भूमिका के लिए विचाराधीन हैं।

पांच मैचों की सीरीज का पहला टी20 मैच गुरुवार को विशाखापत्तनम में शुरू होगा।

### ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम

मैथ्यू वेड (कप्तान), आरोन हार्डी, जेसन बेहरनडॉर्फ, सीन एबॉट, टिम डेविड, नाथन एलिस, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस, केन रिचर्डसन, एडम ज़म्पा

## एचएस प्रणय, चिराग-सात्विक की जोड़ी दूसरे दौर में

**शेन्ज़ेन ( चीन )।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय और पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार को यहां सीधे गेम में जीत दर्ज करके चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए।

एचएस प्रणय ने चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को 50 मिनट में 21-18, 22-20 से हराया। ताइपे शटलर ने पिछले हफ्ते कुमामोटो मास्टर्स जापान के दूसरे दौर में प्रणय को हराया था। भारतीय खिलाड़ी की शुरुआत धीमी रही और वह शुरुआती गेम में 6-9 से पिछड़ गए लेकिन ब्रेक तक वो 11-10 की बढ़त के साथ आगे बढ़े। फिर, उन्होंने 17-13 पर चार अंकों की बढ़त बना ली और 21-18 से विपक्षी की चुनौती को समाप्त कर दिया।

दूसरा गेम कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों खिलाड़ी पूरी जान झोंक रहे थे। पूरे गेम के दौरान कोई भी खिलाड़ी दो अंक से अधिक की बढ़त हासिल करने में सफल नहीं हो सका। गेम के मध्य ब्रेक के तुरंत बाद चेन



प्रणय से थोड़ा आगे निकल गए और 18-16 की मामूली बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, प्रणय ने इसे 18-ऑल कर दिया और अपने दूसरे मैच प्वाइंट अवसर पर मुकाबले को सील कर दिया। पुरुष युगल में दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने इंग्लिश जोड़ी बेन लेन और सीन वेंडी पर केवल 37 मिनट में 21-13, 21-10 से आसान जीत दर्ज की।

### सुडोकू 6383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |

पर




| SENSEX | BSE | 66017.81 ▼ 05.43 | 19802. 00 ▲ 9.85 | MCX | Gold 61074 ▲ 50 | silver 72905 ▲ 77 |
|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 83.34 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** विदेशी कोषों की सतत निकासी और स्थानीय बाजार के कमजोर रुख के बीच बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे फिसलकर 83.34 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट और अमेरिकी डॉलर के प्रमुख वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले कमजोर होने से रुपये की गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.30 पर खुला।



## पेपर का इंपोर्ट पहली छमाही में 43 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** भारत में कागज का आयात वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में मात्रा के हिसाब से 43 प्रतिशत बढ़ गया है। इसमें आसियान देशों से आयात में हुई दोगुनी वृद्धि की अहम भूमिका रही। वाणिज्यिक सूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसी आईएस) के आंकड़ों के मुताबिक, कागज और पेपरबोर्ड का आयात अप्रैल-सितंबर, 2023 की अवधि में बढ़कर 9.59 लाख टन हो गया जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में यह 6.72 लाख टन था। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) से आयात पहली छमाही में 2.88 लाख टन हो गया जो पिछले साल की समान अवधि में 81,000 टन था। वहीं समीक्षाधीन अवधि में चीन से आयात 1.86 लाख टन पर लगभग स्थिर रहा। मूल्य के लिहाज से देश का कुल कागज आयात अप्रैल-सितंबर की अवधि में 6,481 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 5,897 करोड़ रुपये था। भारतीय कागज विनिर्माता संघ (आईपीएमए) के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि कच्चे माल और उत्पादन लागत बढ़ने से प्रतिस्पर्द्धी उत्पादन की समस्या से जूझ रहे उद्योग को विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में कागज और पेपरबोर्ड आयात पर दी जा रही तरजीही शुल्क व्यवस्था से भी नुकसान हो रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में उछाल के चलते घरेलू खाद्य तेल में तेजी का दौर



***नयी दिल्ली।*** *अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। जिसका असर घरेलू बाजार में भी खाद्य तेलों की कीमतों पर पड़ रहा है। बीते 15 दिनों के दौरान इनके थोक भाव 2 से 6 रुपये किलो बढ़ चुके हैं। सबसे कम बढ़ोतरी सरसों तेल के दाम में हुई है। खाद्य तेल कारोबारियों के मुताबिक मलेशिया में उत्पादन घटने के बीच मजबूत मांग से खाद्य तेल महंगे हुए हैं।*

**5 फीसदी तक महंगे हुए खाद्य तेल-** अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया कि खाद्य तेलों की कीमतों में मजबूती के कई कारण हैं। इस महीने मलेशिया में कम उत्पादन हुआ है। साथ ही बायोडीजल की मांग मजबूत है और चीन ब्राजील से बड़े पैमाने पर सोया तेल आयात कर रहा है। लिहाजा मांग बढ़ने से खाद्य तेलों की कीमतों में तेजी देखी जा रही है।

**पाम तेल के थोक दाम 820 रुपये से बढ़कर 850 रुपये प्रति 10 किलो-** ठक्कर ने कहा कि बीते 15 दिनों के दौरान घरेलू बाजारों में पाम तेल के थोक दाम 820 रुपये से बढ़कर 850 रुपये प्रति 10 किलो हो गए हैं। सोयाबीन तेल के थोक भाव 905 रुपये से बढ़कर 965 रुपये, सरसों तेल के भाव 1,050 रुपये से बढ़कर 1,070 रुपये, सूरजमुखी तेल के भाव 910 रुपये से बढ़कर 970 रुपये और मूंगफली तेल के दाम 1540 से बढ़कर 1570 रुपये प्रति 10 किलो हो गए हैं।

**खाद्य तेलों के दाम काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर-** सेंट्रल ऑर्गेनाइजेशन फॉर ऑयल इंडस्ट्री एंड ट्रेड (कूइट) के चेयरमैन सुरेश नागपाल कहते हैं कि देश में खाद्य तेलों के दाम काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड पाम तेल और पामोलीन की कीमतों में 2 से 5 फीसदी इजाफा हुआ है। जिससे घरेलू बाजार में देसी तेलों के दाम 2 से 6 रुपये किलो बढ़े हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार दीवाली बाद देसी खाद्य तेलों की औसत खुदरा कीमतों में एक से दो रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**सरकार से कच्चे और रिफाइंड पाम तेल के बीच शुल्क अंतर बढ़ाने की मांग-** खाद्य तेल उद्योग के प्रमुख संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने घरेलू उद्योग के संरक्षण के लिए सरकार से कच्चे और रिफाइंड पाम तेल के बीच शुल्क अंतर को 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की मांग की है। एसईए के अध्यक्ष अजय झुनझुनवाला ने कहा कि दोनों तेलों के बीच शुल्क अंतर कम होने से घरेलू वनस्पति तेल रिफाइनिंग उद्योग पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार को कच्चे और रिफाइंड पाम तेल के बीच शुल्क अंतर को एक बार फिर 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर देना चाहिए। एसईए अध्यक्ष ने कहा कि तीन लाख करोड़ रुपये के आकार वाले भारतीय खाद्य तेल उद्योग का काफी महत्व है। पिछले 12 वर्षों में इंडोनेशिया और मलेशिया ने रिफाइंड तेल की तुलना में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) पर अधिक निर्यात कर लगाया है। इससे रिफाइंड तेल सस्ता हो गया है। जिससे भारतीय रिफाइनिंग क्षमता बेकार हो गई है। नवंबर, 2022-अक्टूबर, 2023 के तेल विपणन सत्र में भारत ने 167.1 लाख टन वनस्पति तेलों का आयात किया, जो इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। खाद्य तेलों का आयात 164.7 लाख टन के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

**राजस्थान में सरसों की बोआई सुस्त-** सबसे प्रमुख तिलहन उत्पादक राज्य राजस्थान में पिछले साल सरसों का रकबा 35.75 लाख हेक्टेयर था। लेकिन मौजूदा बोआई की धीमी रफ्तार देखकर कहा जा रहा है कि इस बार यह लक्ष्य हासिल होना मुश्किल है ।

## एनबीएफसी कर्ज देने में सतर्कता बरतें, अतिउत्साह से बचें : सीतारमण



***नयी दिल्ली।*** *वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और लघु वित्त बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक के सुझाव के अनुरूप कर्ज देते समय सतर्क रहने की जरूरत है।*

उन्होंने यहां डेट विद टेक कार्यक्रम में आगाह किया कि एनबीएफसी और छोटे वित्त बैंकों को सीमा रेखा का सम्मान करना चाहिए और अतिउत्साहित नहीं दिखाना चाहिए। सीतारमण ने कहा, उत्साह अच्छा है, लेकिन कभी-कभी लोगों के लिए इसे पचाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। इसलिए सावधानी के तौर पर आरबीआई ने छोटे वित्त बैंकों, एनबीएफसी को सचेत किया है कि वे इस बात को लेकर सावधान रहें कि इतनी तेजी से आगे न बढ़ें कि उन्हें बाद में किसी नकारात्मक पहलू का सामना करना पड़े। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा था कि वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इस महीने की शुरुआत में असुरक्षित ऋणों पर केंद्रीय बैंक ने सख्त रुख अपनाया है। रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिये व्यक्तिगत और क्रेडिट कार्ड कर्ज जैसे असुरक्षित माने जाने वाले ऋण के नियमों को कड़ा किये जाने की घोषणा की।

# रूस के बाद अब ईरान भी भारत को बेचना चाह रहा प्रतिबंधित कच्चा तेल

***नयी दिल्ली।*** *भारत के स्वीकृत कच्चे तेल सप्लायर्स को, मुख्य रूप से ईरान से, बहुत ज्यादा अटेंशन मिल रही है। पश्चिमी दबाव के बावजूद, भारत ने पिछले साल सस्ते रूसी कच्चे तेल का आयात शुरू कर दिया था, जिससे रूस को भारत के तेल बाजार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हासिल करने में मदद मिली थी। अब, मध्य पूर्व के व्यापारी स्वीकृत ईरानी कच्चे तेल पर डिस्काउंटेड डील्स ऑफर करते हुए, भारतीय राज्य-संचालित रिफाइनर तक पहुंच रहे हैं।*

रिफाइनिंग अधिकारियों के अनुसार, दुबई में व्यापारियों ने भारतीय राज्य-संचालित रिफाइनरों से संपर्क किया और डिस्काउंटेड ईरानी कच्चे तेल की पेशकश की। सरकारी रिफाइनर इंडियनऑयल, भारत पेट्रोलियम, और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने प्रतिबंध के पहले 2018 में भारत ईरानी कच्चे तेल का 67 प्रतिशत खरीदा था। वर्तमान में, वे भारत की डिस्काउंटेड रूसी तेल की खरीद का 60 प्रतिशत से ज्यादा खरीदते हैं, जो 1 मिलियन बैरल प्रति दिन से ज्यादा है।

**मलेशियाई लेबल लगाकर बेचना चाहते हैं ईरानी तेल-** व्यापारियों ने भारतीय रिफाइनरों को मलेशियाई मिश्रण के रूप में ईरानी तेल बेचने का सुझाव दिया। हालांकि, मुंबई स्थित दो अधिकारियों के अनुसार, रूसी तेल के लिए दी गई 4-5 प्रति बैरल की तुलना में अधिक छूट के बावजूद, ईरानी कच्चे तेल के व्यापार पर प्रतिबंध के कारण भारतीय रिफाइनिंग अधिकारियों द्वारा प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया गया था। अमेरिकी बाजार खुफिया एजेंसी एनर्जी इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान अपने ऑरिजिन को छिपाने और पश्चिमी अधिकारियों द्वारा पता लगाने से बचने के लिए आमतौर पर मलेशिया के माध्यम से अपना स्वीकृत तेल चीनी रिफाइनरों को भेजता है। ईरान के तेल मंत्री, जवाद ओवजी ने पिछले हफ्ते कहा था कि ईरान अगले साल मार्च तक मौजूदा 3.3 मिलियन बैरल प्रति दिन से उत्पादन 300,000 बैरल प्रति दिन बढ़ा सकता है। हालांकि, चीन की ईरानी तेल की मांग अपनी उच्च सीमा तक पहुंच रही है, जिससे अब वे नए बाजारों को तेल बेचने के लिए तलाश कर रहे हैं। भारतीय रिफाइनर अतीत में ईरानी तेल को पसंद करते थे, मुख्यत: क्योंकि वे अधिक डीजल बनाते हैं। हालांकि, अधिकारियों के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध हटने के बाद ही भारत ईरानी तेल के आयात के बारे में सोचेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रूस और ईरान पर प्रतिबंध एक जैसे नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के लिए रूसी तेल तब तक ठीक है जब तक यह 60 डॉलर प्रति बैरल से कम है। वहां जाना भी ठीक है, जब तक कि इसमें कोई पश्चिमी जहाज़ या बीमा शामिल न हो।

**प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का तेल आयात शिखर पर-** प्रतिबंधों के बावजूद, ईरानी कच्चे तेल का निर्यात 2018 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। कस्टम डेटा के अनुसार, चीन ईरान के तेल को मलेशिया में पैदा होने वाले तेल के तौर पर आयात करता है, इस कच्चे तेल का आयात इस वर्ष के पहले 10 महीनों में औसतन 1.12 मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) था। अकेले अक्टूबर का आयात मलेशिया के उत्पादन से तीन गुना अधिक था।

### एबीआई रिपोर्ट में खुलासा

## दिवाली सप्ताह के दौरान लगातार दूसरे वर्ष लोगों ने नकद लेनदेन से किया परहेज

***नयी दिल्ली।*** *भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी ताजा इकोरैप रिपोर्ट में बताया है कि दिवाली सप्ताह के दौरान लगातार दूसरी बार चलन में मौजूद मुद्रा (सीआईसी) में गिरावट आई है और उपभोक्ताओं ने त्योहारी खरीदारी के लिए डिजिटल भुगतान का रुख किया। इकोरैप रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2023 के त्योहारी महीने में मूल्य के लिहाज से यूपीआई के जरिए 1,36,600 करोड़ रुपये के 85.3 करोड़ लेनदेन (मासिक आधार पर) की वृद्धि हुई।*

रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीआई की डिजिटल यात्रा की सफलता का मुख्य कारण अर्थव्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सरकार की ओर से किए गए अथक प्रयास हैं। इसके अलावा, यूपीआई, वॉलेट और पीपीआई जैसी इंटरऑपरेबल भुगतान प्रणालियों ने डिजिटल रूप से पैसों का लेनदेन सरल और सस्ता बना दिया है। यह उन लोगों के लिए भी सुविधाजनक है जिनके पास बैंक खाते नहीं हैं। रिपोर्ट में पिछले 20 साल से दिवाली सप्ताह के दौरान चलन में मुद्रा के उतार-चढ़ाव का भी विश्लेषण किया गया है।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

**फोन- 4067270, 9826035338**

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।


## आयकर रिफंड मिलने में आई तेजी, पांच वर्षों में वेटिंग अवधि भी घटी

**नई दिल्ली।** आयकर रिफंड में पिछले पांच वर्षों में तेजी आई है। कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के सर्वे में दावा किया गया है, कम से कम 89 फीसदी व्यक्तियों और 88 फीसदी कंपनियों का मानना है कि 2018-2023 के बीच आयकर रिफंड पाने के लिए वेटिंग अवधि में अधिक कमी आई है। सर्वे के मुताबिक, 75.5 फीसदी व्यक्तियों और 22.4 फीसदी फर्मों ने अपनी अनुमानित कर देनदारी से अधिक टीडीएस का भुगतान नहीं किया। कराधान व्यवस्था को सुव्यवस्थित, सरल व स्वचालित करने के लिए हाल के वर्षों में सरकार ने व्यापक उपाय किए हैं।

# बीपी, शुगर, थायराइड, अस्थमा से लेकर लीवर और कैंसर जैसे रोगों से हजारों लोगों को मुक्त किया



## एक करोड़ से अधिक लोगों का डेटा बेस, रियल वर्ल्ड एविडेंस व क्लिनिकल एविडेंस हमारे पास : पतंजलि

***हरिद्वार।*** *पंतजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने अपनी जारी विज्ञप्ति में कहा है, कि हम सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं और यदि हम झूठे विज्ञापन या प्रोपेगेंडा करें तो हम पर करोड़ों का जुर्माना लगायें या हमें फांसी की सजा भी दे तो हमें आपत्ति नहीं होगी, लेकिन हम झूठा प्रचार नहीं कर रहे हैं। योगायुर्वेद, नेचरोपैथी, पंचकर्म, षट्कर्म की सैकड़ों थैरेपी, उपवास व उपासना पद्धति के इंटीग्रेटिड ट्रीटमेंट से हमने लाखों लोगों रोगमुक्त किया है। बीपी, शुगर, थायराइड, अस्थमा, आर्थराइटिस व मोटापा लेकर लीवर, किडनी फेल्यिर व कैंसर जैसे प्राणघातक रोगों से हमने हजारों लोगों को मुक्त किया। इसका 1 करोड़ अधिक लोगों का डाटाबेस, रियलवर्ल्ड एविडेंस व क्लिनिकल एविडेंस हमारे पास है।*

हमारे पास ट्रेडिशनल ट्रीटमेंट व सनातन ज्ञान परम्पर शोध करने के लिए विश्व का श्रेष्ठतम रिसर्च सेंटर, पंतजलि रिसर्च फाउंडेशन है। जहां सैकड़ों वर्ल्ड रिनाउंड साइंटिस्ट रिसर्च कर रहे हैं, एवं 3 हजार से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल फालो करके 5 सौ रिसर्च पेपर वर्ल्ड के टॉप रिसर्च जनरल्स में पब्लिस हो चुके हैं। मेडिकल सेक्टर के कुछ हठी, दुराग्रही व योगायुर्वेद व नेचरापैथी का विरोध करने वाले तथाकथित कुंठित डॉक्टरों को बहुत बड़ी समस्या है। यह सत्य है कि सिंथेटिक दवाओं से रोगों को कंट्रोल तो कर सकते हैं लेकिन क्योर नहीं कर सकते। लेकिन एलोपैथी की ये समस्या योग- आयुर्वेद के लिए समस्या नहीं है। मेडिकल फील्ड में नकली पेसमेकर लगाने वाले, किडनी चोरी करने वाले, गैर-जरुरी दवा व अंधाधुध टैस्ट कराकर जो मेडिकल क्राइम कर रहे हैं, उनको हमले कई बार मेडिकल माफिया/ड्रग माफिया कहा था, इससे लड़ाई हुई है। मेडिकल साइंस में जो अच्छे डॉक्टर्स हैं तथा जो लाइफ सेविंग ड्रग्स, इमरजेंसी ट्रीटमेंट व जरुरी सर्जरी है हम उसका पहले भी सम्मान करते थे, आज भी सम्मान करते हैं। साथ ही एलोपैथी से भी एडवासं ट्रीटमेंट जो हमने वेदों आयुर्वेद के महर्षि चरक, महर्षि सुश्रुत व महर्षि धनवंतरी, पंतजलि से प्राप्त किया है, उसको वैज्ञानिकता व प्रमाणिकता से व्यापार के लिए नहीं, उपचार व उपकार की भावना से आगे बढ़ा रहे हैं व बढ़ाते रहेंगे। जरुरत पड़ने पर हम कोर्ट व मीडिया के सामने सारे तथ्य व प्रमाण भी रखने के लिए तैयार है।


**सोहन लाल एण्ड संस**

**रसल चौक फोन- 9425156095**

**सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62200 चांदी रिफाइन - 74750**

**दुल्हन श्री आभूषण**

**कमानिया गेट, सराफा बाजार-**

**मो. 9425860998,9826307100**

**सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 62200 चांदी रिफाइन - 74750**


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 34 |
| एक यूरो | 90. 82 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104 .46 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 62 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

**864 मारुति शोरूम के सामने**
**फोन- 2412223,9329428085**

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 110 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -76 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

**शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070**
**भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।**


## एलआईसी को चालू वित्त वर्ष में नई पॉलिसी से प्रीमियम आय में दो अंकीय वृद्धि की उम्मीद




***नयी दिल्ली।*** *बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जीवन बीमा निगम ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में नई पॉलिसी के प्रीमियम में दो अंकीय वृद्धि हासिल करने के उद्देश्य से आने वाले महीनों में तीन से चार नए उत्पाद पेश करने की योजना बनाई है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने एक के साथ साक्षात्कार में कहा,हम पिछले वर्ष की तुलना में दोहरे अंक की वृद्धि का अनुमान लगा रहे हैं। हालिया रुझान व्यक्तिगत खुदरा कारोबार में तेजी दिखा रहे हैं। इसलिए हम इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।*

उन्होंने कहा कि एलआईसी दिसंबर के पहले सप्ताह में एक नई सेवा पेश करने जा रही है। उम्मीद है बाजार में इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी। नई सेवा की कुछ विशेषताएं साझा करते हुए मोहंती ने कहा कि यह सुनिश्चित रिटर्न प्रदान करेगी और इसके पूर्ण होने के बाद बाद पॉलिसीधारक को जीवन भर बीमा राशि का 10 प्रतिशत मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई सेवा बाजार में हलचल लाएगी क्योंकि हर कोई जानना चाहता है कि वह कितना भुगतान कर रहा है और 20-25 वर्षों के बाद उसे कितना प्रतिफल मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ऋण सुविधा और समय से पहले निकासी भी इस नई सेवा की विशेषताओं में शामिल है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में एलआईसी की नई पॉलिसी प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) खंड में 2.65 प्रतिशत बढ़कर 25,184 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 24,535 करोड़ रुपये थी। नया पॉलिसी प्रीमियम जीवन बीमा अनुबंध के पहले पॉलिसी वर्ष में देय बीमा प्रीमियम या पॉलिसीधारक द्वारा किए जाने वाला एकमुश्त भुगतान होता है।

## टीकेएम ने नए प्लांट की स्थापना की दिशा में कर्नाटक सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

***बेंगलुरु।*** *मेक इन इंडियाऔर सभी के लिए व्यापक खुशहाली की अपनी प्रतिबद्धता के अनुकूल, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ताकि नए निवेश के माध्यम से देश में कंपनी के मौजूदा परिचालन को बेहतर किया जा सके। भारत में टीकेएम के 25 वर्षों के परिचालन पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर के साथ, लगभग 3,300 करोड़ रुपये का यह निवेश एक नए संयंत्र की स्थापना के लिए है।*



कर्नाटक सरकार के साथ इस समझौता ज्ञापन पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हस्ताक्षर किए और इस दस्तावेज का आदान-प्रदान किया गया। कंपनी की ओर से इसपर प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मसाकाजु योशिमुरा ने दस्तखत किये। इस मौके पर एमबी पाटिल, बड़े और मध्यम उद्योग तथा बुनियादी ढांचा विकास मंत्री, कर्नाटक सरकार, स्वप्नेश आर. मारू एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और मुख्य अनुपालन अधिकारी, विक्रम गुलाटी, कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट, सुदीप संतराम दलवी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और मुख्य संचार अधिकारी तथा टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अन्य शिखर के अधिकारी मौजूद थे। कर्नाटक सरकार में बड़े और मध्यम उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री,एमबी पाटिल ने कहा कर्नाटक ने 2017 में ही एक समर्पित ईवी नीति जारी की थी और इस मामले में अग्रणी है तथा संपूर्ण ईवी मूल्य श्रृंखला में 25,000 करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने में अग्रणी है। राज्य में पंजीकृत लगभग 2 लाख ईवी के साथ, कर्नाटक मोबिलिटी (गतिशीलता) परिदृश्य को फिर से आकार देने में दृढ़ है।


**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।

देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# 30 मौजूदा विधायकों को विधानसभा सचिवालय से जारी हुआ फरमान, खाली करें सरकारी आवास

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में 3 दिसंबर को घोषित होने वाले विधानसभा चुनाव 2023 के चुनाव परिणामों से पहले ही विधानसभा सचिवालय ने नई विधानसभा के गठन की तैयारियां शुरु कर दी हैं।

इसी कड़ी में विधानसभा सचिवालय ने मध्यप्रदेश के 30 मौजूदा विधायकों को मकान खाली करने के लिए पत्र लिखा है। जिन मौजूदा विधायकों को पत्र लिखा है उनमें भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के विधायक शामिल हैं। जिन्हें जल्द से जल्द मकान खाली करने के लिए कहा गया है।




### इन विधायकों को जारी हुआ पत्र

घर खाली करने के लिए जिन 30 मौजूदा विधायकों को पत्र भेजा गया है वह इस विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं बनाए गए हैं। उनकी जगह पार्टी ने किसी और को उम्मीदवार घोषित किया था। जिन्हें पत्र भेजा गया है उनमें जालम सिंह पटेल, आकाश विजयवर्गीय, नंदिनी मरावी, देवेंद्र वर्मा, मेवाराम जाटव, रक्षा सिनोरियां भांडेर, कोलारस से वीरेंद्र रघुवंशी, चंदला राजेश प्रजापति, हटा पुरषोत्तम तंतुवाय, त्योंथर श्यामलाल, मंनगावा पंचूलाल प्रजापति, चितरंगी अमर सिंह, सिंगरौली राम लल्लू वैश्य, सीताराम आदिवासी, राकेश मवई, राम डोंगरे, सुमित्रा कासदेकर, पारस जैन सहित अन्य शामिल हैं।

### नए विधायकों को न हो परेशानी इसलिये लिया फैसला

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को वोटिंग हुई थी और 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम घोषित होंगे। विधानसभा चुनाव में किसकी सरकार बनेगी, इसका फैसला 3 दिसंबर को होगा। लेकिन विधानसभा सचिवालय ने अभी से तैयारियां शुरु कर दी हैं। विधानसभा सचिवालय ने राज्य सरकार को भी पत्र भेजा है, जिसमें विभिन्न विभागों के गेस्ट हाउस और रेस्ट हाउस रिक्त रखने को कहा गया है। नए विधायकों को परेशानी ना हो इसलिए यह फैसला लिया गया है।

# जबलपुर, इंदौर, भोपाल में एक डिग्री पारा उतरा

## महसूस होगी हल्की ठंड, बारिश की भी संभावना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पहले दिन और रात के तापमान में हल्की सी गिरावट आई है। जबलपुर, इंदौर, भोपाल व उज्जैन सहित कई शहरों में दिन का तापमान एक डिग्री से ज्यादा कम हो गया है। वहीं पचमढ़ी की रात सबसे ठंडी रही, यहां पर देर रात 11.04 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है।



प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान नरसिंहपुर में 19.4 डिग्री रहा। मौसम विशेषज्ञों की माने तो उत्तर भारत में 25 नवम्बर तक पश्चिमी विक्षोभ पहुंच रहा है, जिसका सबसे ज्यादा प्रभाव मध्यप्रदेश में होगा, यह सिस्टम स्ट्रांग हो सकता है। ऐसे में बारिश भी हो सकती है यदि ऐसा हुआ तो यह मौसम का पहला मावठा होगा। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सिस्टम के चलते जबलपुर, इंदौर, भोपाल, उज्जैन व पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में हल्की बारिश भी होने की संभावना है। यदि चार बड़े शहरों की बात की जाए तो इंदौर में 15.8, ग्वालियर में 12.4, जबलपुर में 15.2 व भोपाल में 15.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। यह भी कहा जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहले एमपी में मौसम का मिजाल बदला हुआ है, कभी दिन-रात के तापमान में वृद्धि हो रही है तो कभी गिरावट। गुरूवार को भी कई शहरों के तापमान में गिरावट आयी है।

# संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट की 210 मेगावाट यूनिट बंद, लाखों रुपये का नुकसान





**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में स्थित संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट बिरसिंहपुर की 210 मेगावाट की एक नंबर यूनिट बंद हो गई। 23 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे ब्वॉयलर ट्यूब लीकेज होने के कारण विद्युत उत्पादन ठप हो गया।

जानकारी के अनुसार संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट बिरसिंहपुर में गुरुवार को एक बार फिर से शासन के लाखों रुपये का नुकसान हो गया। लगातार प्रशासन की लापरवाही के चलते 210 मेगावाट की एक नंबर यूनिट बंद हो गई। जहां 26 सितंबर से 4 नवंबर तक इस यूनिट का वार्षिक रखरखाव (एनुअल ओवरहॉलिंग) किया गया है। वहीं, अब जिसमें 40 दिन तक इस बिजली यूनिट से उत्पादन ठप हो गया था और यह यूनिट जब सुधार के बाद चली तो आरंभ होने के साथ ही बार-बार कई तकनीकी खराबी होने के कारण यूनिट लगातार बंद होती गई। जहां इस सुधार कार्य में की गई लापरवाही की पोल खोल रही है। वहीं, करोड़ों रुपये खर्च कर किए गए सुधार कार्य पर कई तरह के सवालों का उठना अब लाजिमी हो गया है।

जहां यह ट्यूब लीकेज में बंद हुई यूनिट चार नवंबर को यूनिट वार्षिक सुधार होने के बाद फिर दूसरे दिन 5 नवंबर को बंद हो गई और 12 घंटे यूनिट बंद रहने के बाद सुधार कर दोबारा चालू तो कर दिया गया, उसके बाद यह यूनिट 7 नवंबर को फिर आए फॉल्ट के कारण बंद हुई और 10 नवंबर तक यह यूनिट बंद रही है। यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर वार्षिक सुधार के नाम पर जहां करोड़ों रुपये खर्च किया गया। वहीं, अब इस यूनिट पर बार-बार ब्वॉयलर ट्यूब लीकेज के कारण बंद क्यों हो रही है? जिसके कारण करोड़ों रुपये के बिजली के उत्पादन की हानि हो रही है।

# शादी समारोह में शामिल होने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जबलपुर पहुंचे

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में गुरूवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत एक दिवसीय दौरे पर जबलपुर पहुंचे। मोहन भागवत सुबह आरएसएस के कार्यालय केशव कुटी पहुंचे। मोहन भागवत के आगमन को लेकर केशव कुटी के आसपास पुलिस का कड़ा पहरा रहा।



वे जबलपुर में एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रमुख उत्तम बैनर्जी के परिवार में शादी है। जिसमें शामिल होने के लिए मोहन भागवत जबलपुर आए हुए हैं।

विवाह समारोह में शामिल होने से पहले मोहन भागवत केशव कुटी में संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात कर कुछ देर अनौपचारिक चर्चा की। दोपहर में जबलपुर की एक होटल मे प्रांत प्रमुख उत्तम बैनर्जी के परिवार में आयोजित विवाह समारोह मोहन भागवत पहुचें।

# शहडोल के जैतपुर में फिर नाबालिगा से दुष्कर्म

## एक हफ्ते में दूसरा मामला, 15 वर्षीय छात्रा को पड़ोसी ने बनाया शिकार

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल में स्कूली छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शादी का झांसा देकर पड़ोसी युवक नाबालिग की अस्मत लूटता रहा। एक सप्ताह के भीतर दुष्कर्म का यह दूसरा मामला सामने आया है। इसके पूर्व गांव की युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। उपसरपंच आरोपी है, अभी ये मामला शांत भी नहीं हुआ कि एक नाबालिग को दुष्कर्म का शिकार बना लिया गया। बताया जा रहा है कि पड़ोसी ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया है।



जानकारी के अनुसार जैतपुर थाना क्षेत्र के कामता गांव की है। थाना क्षेत्र की रहने वाली 15 साल की नाबालिग कक्षा 9वीं की छात्रा से उसके पड़ोस में रहने वाला युवक शादी का झांसा देकर पिछले दो सालों से दुष्कर्म करता रहा। परेशान छात्रा ने मामले की शहडोल महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। स्कूली बच्ची से दुष्कर्म के बाद महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। एडिशनल एसपी अंजूलता पाटले का कहना है कि 15 साल की बच्ची के साथ दुरचार का मामला महिला थाना में आया था, जिस पर मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# यात्रियों की वापसी के लिए मुजफ्फरपुर-एलटीटी-मुजफ्फरपुर के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे ने त्यौहार में वापसी के लिए यात्रियों की अतिरिक्त यातायात को क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए मुजफ्फरपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मुजफ्फरपुर के मध्य चार-चार ट्रिप पोस्ट छठ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पमरे स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

जिसमें गाड़ी संख्या 05281 मुजफ्फरपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक शुक्रवार एवं सोमवार को मुजफ्फरपुर स्टेशन से 13.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन (शनिवार एवं मंगलवार को) और 19.00 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05282 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मुजफ्फरपुर स्पेशल ट्रेन 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक शनिवार एवं मंगलवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 21.00 बजे प्रस्थान कर और तीसरे दिन (सोमवार एवं गुरुवार को) 4 बजे मुजफ्फरपुर स्टेशन पहुंचेगी।

यह स्पेशल ट्रेन हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड़, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

# हर चक्र में होगी रेण्डम आधार पर दो ईव्हीएम के मतों की गणना

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना की विशुद्धता सुनिश्चित करने के लिए इस विधानसभा चुनाव में मतों की गणना के प्रत्येक चक्र के अंत में दो मतदान केन्द्रों की ईव्हीएम मशीनों का रेण्डम आधार पर चयन करने तथा गिनती की पुन: जांच करने के निर्देश दिये हैं।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतगणना की विशुद्धता की जांच के लिए रेण्डम आधार पर दो ईवीएम का चयन कर दोबारा गिनती करने की यह कार्यवाही आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों द्वारा सम्पन्न कराई जायेगी। इस कार्य में प्रेक्षकों की सहायता के लिये रिजर्व पूल में रखे गये गणना सुपरवाईजरों एवं गणना सहायकों का चयन किया जायेगा। गणना सुपरवाईजरों और गणना सहायकों का यह चयन भी रेण्डम आधार पर होगा। निर्वाचन आयोग ने रेण्डम आधार पर चयनित की गई ईवीएम मशीनों से मतों की गणना के लिए उसी मतगणना कक्ष में अलग से व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये हैं।

### प्रेक्षक करेंगे क्रॉस चेक

निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक उन्हें उपलब्ध कराये गये अतिरिक्त मतगणना कर्मचारियों की सहायता से रेण्डम आधार पर की गई जांच में प्रत्येक अभ्यर्थी को प्राप्त मतों की गिनती से संतुष्ट हो जाने के बाद ही उस चक्र की मतगणना परिणाम पत्र पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे ।

आयोग के मुताबिक रेण्डम आधार पर चयनित ईव्हीएम मशीनों पर पड़े मतों की दोबारा की गई जांच में यदि किसी गणना कर्मी को गलत नोट करते पाया जाता है तो उसे तुरंत गणना कार्य से हटा दिया जायेगा तथा दूसरे गणना कर्मी को उसके स्थान पर प्रतिस्थापित किया जायेगा। गलती करने वाले कर्मचारी पर बाद में उसकी भूल-चूक के लिए गंभीर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## डाक मतपत्रों की गिनती से होगी मतगणना की शुरुआत

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के तहत 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना की शुरूआत डाकमत पत्रों की गणना से विधानसभा चुनाव के तहत होगी। लेकिन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में डले मतों की गणना शुरू करने के लिए डाकमत पत्रों की गणना खत्म होने का इंतजार नहीं किया जायेगा ।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक ईवीएम के मतों की गणना का काम डाकमत पत्रों की गणना शुरू होने के आधा घंटे बाद प्रारंभ किया जा सकेगा। भारत निर्वाचन आयोग डाकमत पत्रों की गणना के लिए प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी को एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा एक गणना पर्यवेक्षक और दो गणना सहायकों को नियुक्त करने की मंजूरी भी प्रदान की है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार मतगणना राउण्डवार सम्पन्न होगी।

# खमरिया फैक्ट्री में बड़ा हादसा टला, स्पार्क से कर्मी की उंगली जली



**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया के एफ-1 अनुभाग की बिल्डिंग नं. 78 में लगभग 10.00 बजे डेटोनेटर ए-30 टी में इंवरटिंग ऑपरेशन करते समय छोटा स्पार्क हुआ जिससे आयुध निर्माणी खमरिया के एक कर्मचारी मुकेश कुमार मीना की बाये हाथ की तर्जनी उंगली में हल्की सी चिंगारी लग गई। कर्मचारी को तुरंत आक्समिक उपचार के लिए आयुध निर्माणी खमरिया हॉस्पिटल भेजा गया । आयुध निर्माणी खमरिया हॉस्पिटल मे उपचार के बाद अतिरिक्त पूर्ण जाँच के लिए मार्बल सिटी हॉस्पिटल जबलपुर भेजा गया। मार्बल सिटी हॉस्पिटल में मुकेश कुमार मीना की पूर्ण जांच की गई एवं कर्मचारी को स्वस्थ पाया गया। मुकेश कुमार मीना आयुध निर्माणी खमरिया में अपने कार्य पर पुन उपस्थित हो गए।

# नाबालिग बेटी से बलात्कार करने वाले पिता को आजीवन कारावास

**जबलपुर, देशन्धु।** पत्नी की मौत के बाद नाबालिग बेटी से लगातार बलात्कार करने वाले आरोपी पिता को न्यायालय ने दो आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है। विशेष न्यायाधिश पास्को ने आरोपी पिता को दोषी करार देते हुए दस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन की तरफ से न्यायालय को बताया गया कि आधारताल थानान्तर्गत निवासी पीडिता अपने दो भाईयों व पिता के साथ किराये के मकान में रहती थी। पीडिता की मां की मृत्यु साल 2015 में करंट लगने से हो गयी थी। जिसके बाद उसका पिता शराब के नशे में उसके साथ दुष्कृत्य करता था। इस संबंध में किसी को बताने पर जान से मार डालने की धमकी देता था। आरोपी पिता बच्चों के लेकर उनकी नानी के गांव में जाकर किराये के मकान में रहने गया था। इस दौरान भी उसने अपनी बेटी के साथ दुष्कृत्य किया। इस बाद वह बच्चों के साथ उनकी दादी के घर रहने आ गया। बेटी के साथ दुष्कृत्य करने का उसका क्रम जारी रहा। पिता की हरकतों से परेशान होकर बेटी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान पेश किये गये साक्ष्य व गवाहों की आधार पर आरोपी पिता को दोषी करार देते हुए उक्त सजा से दण्डित किया। शासन की तरफ से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृति लता बरकडे ने पैरवी की।

# ट्रक ने नहीं दी साइड, डीएफओ का वाहन खेत में घुसा, बाल-बाल बचे

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर डीएफओ एसके प्रजापति अमरकंटक से अनूपपुर लौट रहे थे। यहां राजेन्द्र ग्राम के समीप ट्रक चालक ने डीएफओ के वाहन को साइड नहीं दी। वाहन अनियंत्रित होकर खेतों में जा घुसा। वाहन चालक की सतर्कता के कारण डीएफओ बाल-बाल बचे। इसके बाद डीएफओ के वाहन चालक रूप शाह बैगा पिता स्वर्गीय दुकालिया बैगा निवासी देवहरा के द्वारा डंपर वाहन क्रमांक यूपी 91 टी 6565 के चालक के विरूद्ध लापरवाही पूर्वक वाहन चलाए जाने की शिकायत राजेन्द्र ग्राम थाने में दर्ज कराई गई है।



शिकायत में उल्लेखित करते हुए बताया गया कि पिपरहा पठेती मोड़ पर ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से अचानक गाड़ी के सामने आ गया। जिससे बचते हुए डीएफओ के वाहन चालक ने गाड़ी को पक्की सड़क से नीचे खेतों की ओर उतार दिया। जिसके बाद डीएफओ एस के प्रजापति ने लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहे ट्रक को राजेन्द्र ग्रम थाने लेकर पहुंचे। जहां डीएफओ के वाहन चालक द्वारा थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई। वहीं पुलिस ने ट्रक को थाने में खड़ा कर लिया है।





आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 120 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 110 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 92 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 82 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 88 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु.106 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 116 |

मोबाइल नं. 9300692405

